




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 50

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 01 दिसंबर, 2023

## सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान, इनको मजबूत बनाकर भारत को विकसित बनाएंगे: मोदी

# विकसित भारत हमारा संकल्पः योगी

- अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थियों से मिले योगी, ड्रोन दीदी योजना का शुभारंभ
- 57,709 ग्राम पंचायतों एवं 2,341 नगरीय क्षेत्रों तक पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा
- 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का मेरा सपनाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ के निशातगंज में स्थित वाल्मीकि नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाभार्थियों को सम्मान करने के लिए पहुंचे। उत्तर प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सीएम योगी के निर्देश पर 15 नवंबर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज लखनऊ में आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित हुए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजन में जुड़े और इस दौरान मौजूद लोगों ने पीएम को सुना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, विकसित भारत हम सबके जीवन का संकल्प है, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साढ़े 9 साल के अंदर देश के अंदर महत्वपूर्ण काम किए हैं। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार से जुड़ी हुई सभी योजनाएं सहायक बनी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं। पीएम ने आगे ये भी कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, महिलाएं, युवा और किसान हैं। इन्हें मजबूत बनाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। हमारे अमृत स्तंभ हैं- हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार।

### 'हमें गुलामी की मानसिकता को समाप्त करना है'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आत्मनिर्भर भारत से लेकर एक नागरिक कर्तव्य तक, हमें गुलामी की मानसिकता को समाप्त करना है। हमें अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति भी करनी है। समाज को बांटने की कोशिशें विकास की राह में बाधक हैं। जो लोग विकास नहीं चाहते, वे समाज को वंशवाद की राजनीति, जातिवाद और आस्था के आधार पर बांटकर और विकास के एजेंडे को पीछे धकेलने का काम कर रहे हैं।

### 'पहले योजनाओं का लाभ पक्षपातपूर्ण होता था'

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ये सभी योजनाएं जिनमे पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय प्रदान करना, जन-धन खाता योजना, आयुष्मान भारत योजना... बाकी सभी योजनाएं जो हैं, ये योजनाएं पहले क्यों नहीं चली? देश तो वही है, आय के स्त्रोत भी वही हैं। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद कोई कुबेर का खजाना मिला हो और उन्होंने बांटना शुरू कर दिया। पहले गरीबों, आम लोगों, किसान, महिलाएं और युवा सरकार के एजेंडे में नहीं थे। योजनाओं का लाभ पक्षपातपूर्ण होता था। देश में 50 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग 10 करोड़ लोगों के इस सुविधा का लाभ उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का किया शुभारंभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लखनऊ आगमन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और राजधानी लखनऊ के लाभार्थियों से बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री महिला नेतृत्व में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया। अगले तीन वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं: मोदी



प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने लाल किले से गांव की दीदियों को ड्रोन दीदी बनाने की घोषणा की थी। मैंने देखा कि कोई दसवीं पास हैं, कोई 11वीं तो कोई 12वीं पास, लेकिन हजारों बहनों ने ड्रोन चलाना सीख लिया है। खेती में कैसे इसका उपयोग करना है, फर्टिलाइजर और दवाएं छिड़कने में कैसे इस्तेमाल करना है, ये सब उन्होंने सीख लिया है। अब इन ड्रोन दीदियों को नमन करने का मन करता है। इस योजना को मैं नमो ड्रोन दीदी नाम देता हूं। ये नाम इसलिए दे रहा हूं, क्योंकि हर गांव ड्रोन दीदी को नमन करता रहे। आने वाले समय में 15 हजार स्व सहायता समूहों को नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इन समूहों को ड्रोन दिया जाएगा। इन दीदियों को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जाएगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप से महिलाओं को सशक्त बनाने का जो कार्यक्रम चल रहा है, उसमें नमो ड्रोन दीदी की बड़ी भूमिका होगी। गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप में काम करने वाली 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है, ये मेरा सपना है। मोदी ने कहा कि इस देश का हर नागरिक चाहे अमीर हो या गरीब, उसे दवाएं सस्ती मिलनी चाहिए। लोगों को बीमारी में जिंदगी ना गुजारनी पड़े। पीएम ने एक कार्यक्रम लॉन्च किया, जिसके तहत देश में जन औषधि केंद्र की संख्या 10 हजार से बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। उन्होंने वालंटियर्स से अपील की कि लोगों को सरकार की योजनाओं को पूरा लाभ मिलना चाहिए। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम विकास रथ रखा था, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी रख दिया। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा।

# अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

## मायावती बोलीं, भाजपा सरकार में बढ़ा यूपी की 25 करोड़ जनता का दर्द, लोग बदलाव चाहते हैं

- चुनाव में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं रहेगा और मुकाबला बहुकोणीय होगा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोकसभा आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ने का उनका फैसला अटल है। चुनाव में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं रहेगा और मुकाबला बहुकोणीय होगा। जनता भी इसके लिए अपना मन बना चुकी है। बसपा सुप्रीमो बृहस्पतिवार को यूपी और उत्तराखंड के पार्टी पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित विशेष बैठक में पार्टी के कार्यक्रमों, उसकी तैयारियों, कैडर बैठकों तथा उम्मीदवारों के चयन आदि की समीक्षा भी हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्र व यूपी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली आदि के कारण तेजी से बदल रहे हालात में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं होकर बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता चुनने को लोग आतुर लग रहे हैं। ऐसे में लोकसभा का अगला आमचुनाव दिलचस्प, संघर्षपूर्ण और व्यापक जनहित व देशहित में साबित होने की प्रबल संभावना है जिसमें बसपा की अहम भूमिका रहेगी। थोड़े अच्छे दिन को तरसते यूपी के लगभग 25 करोड़ लोगों के जीवन में छाई गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन व पलायन आदि के दुःख-दर्द भरा जीवन का क्रम भाजपा के शासनकाल में भी लगातार जारी है। बीते वर्षों में यह हालात बेहतर होने के बजाय बिगड़े हैं।

### पदाधिकारियों से ली रिपोर्ट

इससे पहले उन्होंने पिछली बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों पर जमीनी स्तर पर होने वाले अमल की जिला व मण्डलवार समीक्षा रिपोर्ट ली। साथ ही कमियों को दूर करके आगे बढ़ने के लिये नये दिशा-निर्देश दिये। पार्टी संगठन तथा सदस्यता आदि की जिम्मेदारी की सख्त हिदायत देते आगामी संसदीय चुनाव के लिए बेहतर कैडर व्यवस्था के आधार पर युवा मिशनरी लोग भी तैयार करने का अपना निर्देश दोहराया। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा के लिये फिर से यहां माहौल काफी गरमाने लगा है तथा सरगर्मियां शुरू हो गयी हैं।

### लखनऊ और नोएडा में कार्यक्रम

मायावती ने 6 दिसम्बर को डा. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस को पार्टी की परम्परा के अनुसार पूरे देश में व खासकर यूपी में पूरी मिशनरी भावना के अनुरूप आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बार कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया गया है। अब पश्चिमी यूपी के छह मण्डलों तथा आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ तथा सहारनपुर मण्डल के लोग नोएडा में दिल्ली-यूपी सीमा पर निर्मित भव्य राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डेन में श्रद्धांजलि व श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। यूपी के शेष 12 मण्डलों में पार्टी के लोग लखनऊ में डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में स्थित स्मारक में श्रद्धांजलि देंगे।

### कुछ जिलों में ही खर्च हो रहा पैसा

मायावती ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार में सभी जिलों में समग्र विकास के बजाय कुछ गिने-चुने जिलों में ही सरकारी धन व्यय को प्राथमिकता दी जा रही है, जिस तरह सपा शासनकाल में कुछ चुनिन्दा जिले ही सरकारी कृपादृष्टि के पात्र हुआ करते थे। इस संकीर्ण राजनीति से जनता पहले की तरह ही दुखी व त्रस्त है। स्पष्ट है कि भाजपा भी, सपा व कांग्रेस की तरह अपने काम के बल पर जनता से वोट मांगने की स्थिति में नहीं है। इसीलिए चुनावी स्वार्थ के लिए संकीर्ण, भड़काऊ एवं विभाजनकारी मुद्दों का फिर सहारा लिया जाएगा, जिससे बहुजन समाज के लोगों को सावधान रहना है। इनके किसी भी बहकावे में कतई नहीं आना है।

## डीपफेक से एडीजी बनकर धमकी, बुजुर्ग से कहा, अगर पैसे नहीं भेजे तो जेल भेजूंगा

जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद

यूपी के गाजियाबाद में डीपफेक के जरिए फ्रॉड का मामला सामने आया है। यहां 74 साल के बुजुर्ग के पास पहले फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। फिर न्यूड वीडियो कॉल आई। इसके एक घंटे बाद जालसाज ने पुलिस ऑफिसर बनकर बुजुर्ग को डरा-धमकाकर 74 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवाए। धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर फर्जी केस में जेल भेज देंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि साइबर अपराधी ने वॉट्सएप वीडियो कॉल पर सीनियर ऑफिसर रह चुके प्रेम प्रकाश बनकर बातचीत की। पुलिस मान रही है कि पुलिस अफसर का चेहरा दिखाने के लिए आरोपियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल किया होगा।

## एएसआई को रिपोर्ट जमा करने के लिए मिला समय, अदालत ने दस दिनों की मोहलत दी

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की तरफ से ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था। जिस पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने एएसआई की टीम को दस दिनों की मोहलत दी है। ज्ञानवापी परिसर में 24 जुलाई को एएसआई का सर्वे आरंभ हुआ तो कोर्ट द्वारा कार्रवाई रोक दी गई। पुनः चार अगस्त से दो नवंबर तक किये गये एएसआई के सर्वेक्षण की वैज्ञानिक कार्यवाही की आख्या न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एएसआई के शासकीय अधिवक्ता ने तीन सप्ताह का और समय मांगा था। विपक्षी अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ताओं ने एएसआई के द्वारा रिपोर्ट विलंबित करने पर आपत्ति की थी।

# कांग्रेस-बसपा दफ्तर पर चला भाजपा का 'बुलडोजर', सपा का तंबू ताना

## विधानसभा में कांग्रेस और बसपा का दफ्तर छीनकर समाजवादी पार्टी के दफ्तर को बड़ा और भव्य बनाया गया

- चर्चा गर्म है कि भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत अभियान में समाजवादी पार्टी का खासा योगदान है
- माना जा रहा है कि यूपी में कांग्रेस अगर मजबूत होती है तो भाजपा और सपा दोनों को नुकसान, इसलिए दोनों ही पार्टी कांग्रेस का सफाया चाहती हैं
- उधर,कांग्रेस और बसपा से दफ्तर लिए जाने के पीछे इन दोनों ही दलों का विधानसभा में संख्या बल बहुत कम होना प्रमुख कारण बताया जा रहा

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** भाजपा और सपा की नजदीकियां अब राजनीतिक चर्चाओं से निकलकर जमीन पर दिखाई देने लगी हैं। हाल ही में विधानसभा में जिस तरह बसपा और कांग्रेस के दफ्तर को वापस लेकर समाजवादी पार्टी के दफ्तर का आकार बढ़ाया गया है, उसके बाद चर्चा गर्म है कि भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत अभियान में समाजवादी पार्टी का खासा योगदान है। हालांकि कांग्रेस और बसपा से दफ्तर लिए जाने के पीछे इन दोनों ही दलों का विधानसभा में संख्या बल बहुत कम होना प्रमुख कारण बताया जा रहा है। लेकिन इसके खास राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अगर मजबूत होती है तो भाजपा और सपा दोनों को नुकसान है। इसलिए दोनों ही पार्टी कांग्रेस का सफाया चाहती हैं।

### कांग्रेस से छिना दफ्तर

कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब सबसे बड़े राज्य के विधान मंडल के भीतर उनका ऑफिस छिन गया है। विधानसभा में संख्याबल कम होने के चलते इन दोनों पार्टियों के कार्यालय छीन लिए गए हैं। विधानसभा से कार्यालय छिनने से कांग्रेस, बसपा के नेताओं में नाराजगी है।

### लोकदल और सुहेलदेव भारत समाज पार्टी, बसपा और कांग्रेस से बड़ी हुईं!

2022 के चुनाव में बसपा ने एक विधानसभा की सीट जीती जबकि कांग्रेस पार्टी ने दो सीटें जीती हैं। लोकदल और ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारत समाज पार्टी, बसपा और कांग्रेस से बड़ी पार्टी हो चुकी है, यही नहीं राजा भैया की पार्टी भी बसपा से बड़ी और कांग्रेस के बराबर है। ऐसे में सुभासपा और आरएलडी को केबिन अलॉट किए गए हैं।

### 25 से कम सदस्यों वाले दल को कक्ष आदि सुविधा का अधिकार नहीं

विधानसभा सदस्य नियमावली 1987 की धारा 157 (2) ये कहती है कि ऐसे दल जिनकी सदस्य संख्या 25 या उससे अधिक है उन्हें सचिवालय द्वारा कक्ष, चपरासी, टेलीफोन आदि उन शर्तों के साथ दिए जा सकते हैं जैसी विधान सभा अध्यक्ष निर्धारित करें। नियमावली के मुताबिक 25 से कम सदस्यों वाले दल को कक्ष आदि सुविधा का अधिकार नहीं है।

### कांग्रेस को बड़ा झटका

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के संबंधों में खटास किसी से छुपी नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सार्वजनिकरूप से अपील की थी कि लोग कांग्रेस को वोट न दें।

### अखिलेश यादव को मिला बड़ा व्यक्तिगत कक्ष

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को विधानसभा में सपा कार्यालय में अतिरिक्त जगह देकर उपकृत किया गया है। अखिलेश यादव के लिए खास तौर पर सभी सुविधाओं से युक्त व्यक्तिगत कक्ष बनवाया गया है। यही नहीं, विशेष बैठक के लिए समाजवादी पार्टी को ऐसा कक्ष भी दिया गया है जिसमें पार्टी के चुनिंदा बड़े नेता एक साथ बैठकर निर्णय ले सकें।



# बेमौसम बरसात से क्रय केंन्द्रों में भीगा हजारों कुन्टल धान, किसान नाराज

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



जनपद मे किसानो की धान खरीद के लिए क्रय केन्द्र खोले गये है। क्रय केन्द्रो मे किसानो के बजाय बिचैलियो के धान खरीद किया जा रहा है। जब कि किसानो का धान 10 से 15 दिनो तक केन्द्रो मे पडा रहता है। वही जनपद मे बीती रात से हो रही बेमौसम बरसात से किसानो का हजारो कुन्टल धान भीग गया। जिससे किसान धान को घर वापस ले जा रहे है और नराजगी ब्यक्त कर रहे है।

बताते चले कि प्रदेश की सरकार किसानो की फसल को निर्धारित दामो मे जहॉ खरीद का दावा कर रही है। वही विपरण विभाग के अधिकारियो-कर्मचारियो की हीलाहवाली नीति के चलते क्रय केन्द्रो से निरास-हतास वापस हो रहे है। जनपद मे एक दर्जन से भी अधिक धान खरीद केन्द्र बनाये गये है। जिनमे किसानो का धान खरीद के लिए शासन-प्रशासन का निर्देश है। जिससे किसानो के खून-पसीने से तैयार फसल का उचित दाम मिल सके लेकिन क्रय केन्द्रो मे मौजूद अधिकारी किसानो के बजाय बिचैलियो का धान खरीद रहे है। आलम तो यह है कि छोटे किसानो के नाम सैकडो कुन्टल धान खरीद किया जा रहा है। जब कि धान की अपेक्षा किसान के पास कुल जमीन से दुगनी जमीन पर भी उतना धान की पैदावार नही किया जा सकता। वही बीती रात से बेमौसम हो रही बरसात से सिर मुडाते ही ओले गिरने की कहावत चतिरार्थ हो रही है। 10 से 15 दिनो से केन्द्रो मे पडा धान बरसरत से भीग गया जिससे धान अंकुरित हो सकता है और खून-पसीने की कमायी नष्ट हो सकती है। वही देर रात हो रही बरसात मे किसान कडकडाती सर्दी मे धान व्यवस्थित करने मे लगा रहा। जब कि विपरण विभाग के कर्मचारी केन्द्रो से नदारत रहे। आधा दर्जन किसानो ने नराजगी ब्यक्त करते हुये बताया कि धान क्रय केन्द्र से वापस ले जा रहे है। यहॅ बिचैलियो के धान की खरीद किया जा रहा है। जब कि किसानो का धान बर्बाद हो रहा है।

### नही हो रही हमलावरों की गिरफ्तारी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** खेत में काम करने के दौरान किसान पर जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार किए जाने की मांग पीड़ित ने की है।

सरधुवा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तीरधुमाई सुरकी गांव के निवासी बल्लू पुत्र श्रीकेशन यादव ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 22 नवम्बर की दोपहर वह अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान गांव के ही राजबहादुर पुत्र रामसिया यादव, केशन पुत्र राजबहादुर यादव, नत्थू पुत्र रामसिया और नानबाबू पुत्र राजबहादुर यादव ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। साथ ही सर भी फट गया। इसके चलते वह धान के खेत में ही बेहोश होकर गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए।

# किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




भारतीय किसान संघ ने फसल अवशेष पराली जलाने के मामले में गुरूवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय और जिला मंत्री वंशरूप समेत तमाम संघ कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टरेट में उप जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए उच्चतम न्यायालय की भावना के अनुसार किसानों के लिए मलचर, सुपर सीडर, एमवी प्लाउ आदि मशीने निशुल्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही इन मशीनों में प्रयोग होने वाला आवश्यक ईधन और जन शक्ति के श्रम राशि को भी किसानों को दिया जाए। साथ ही किसान की सम्पूर्ण पराली को सरकार द्वारा न्यूनतम मूल्य निर्धारित कर खरीदा जाए। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसान हितों के लिए सकारात्मक सोंच रखकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम प्रकार की योजनाओं का संचालन किया है। इसके बावजूद फसल अवशेष पराली जलाने के मामलों में किसानों को अर्थदण्ड और दण्डात्मक कार्यवाही का शिकार बनाना आपत्तिजनक है। देश में किसान 96 फीसदी आक्सीजन उत्पादन और मात्र चार फीसदी कार्बन उत्सर्जन करता है। जबकि उद्योगों, वायुयान और वाहनों आदि से 96 फीसदी कार्बन उत्सर्जन होता है, किन्तु उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती है। भारतीय किसान संघ ने सुझाव दिया था कि जब तक सरकार किसान की पराली के प्रबंधन व खरीददारी की समुचित व्यवस्था नहीं कर लेती है तब तक किसानों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही न की जाए।

## विदेशी लडकी से देसी युवक ने हिन्दू रीति-रिवाज से किया शादी, मौके पर पहुॅची पुलिस

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद का युवक विदेश मे लगभग दो वर्षो से लिव-इन-रिलेशन मे रह रहे जोडे की शादी पैत्क गॉव मे दोनो परिवारो की रजामंदी मे पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी हो गयी। विदेशी युवती और देशी युवक के इस प्रेम कहानी की चर्चा पूरे जिले के हर खासोआम की जुबां पर है। हालांकि जैसे ही विदेशी युवती के पहुंचने की खबर इलाकाई पुलिस को मिली तो युवक के घर पुलिस पहुंची और युवती के पासपोर्ट के साथ अन्य दस्तावेज की जांच पड़ताल किया।

जनकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी राधेलाल वर्मा करीब चार दशक से गुजरात के गांधीनगर शहर में रहते है। वहीं प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। इनके दो बेटे निशांत वर्मा और हार्दिक वर्मा 32 वर्ष हैं। हार्दिक करीब 8 साल से नीदरलैंड में एक दवा कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। बताया जा रहा है कि तकरीबन 3 वर्ष पहले उसी कंपनी में काम करने वाली नीदरलैंड के बार्नेवेल्ड शहर के रहने वाले मारसिन डूडा की 20 वर्षीय बेटी गैबरीला डूडा से हार्दिक की मुलाकात हुई। इस बीच धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और दोनों करीब दो साल से लिव-इन रिलेशन में रहने लगे। जब हार्दिक और गैबरीला ने अपने परिजन को इसकी जानकारी दिया तो परिजन शादी के लिए तैयार हो गये। इसके बाद करीब 15 दिन पहले हार्दिक और विदेशी प्रेमिका गैबरीला इंडिया पहुंचे। इसके बाद हार्दिक गांधीनगर स्थित अपने घर ले गया। यहां हार्दिक के परिजनों की मौजूदगी में दोनों की सगाई हुई।

# खप्टिहा 100/3 में दिन-रात भारी भरकम मशीनें चीर रही हैं केन का सीना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

✻ **रोजाना सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों से होता है बालू का परिवहन, ट्रकों के फर्राटे से किसी वारदात से भयभीत हैं सडक किनारे के लोग**



जनपद में बालू खनन चालू होते ही खनन माफिया नदी में बडी-बडी मशीनों को उतारकर एनजीटी के नियमों की धज्जियां उडाना शुरू कर देते हैं। जलधारा के अन्दर हैवी पोकलैंड जेसीबी जैसी मशीनें उतारकर धडल्ले से पानी की बर्बादी करना शुरू कर देते हैं। शासन के नियमों के निर्देशों के पालन का दमन करने में बालू माफियाओं का सहयोग जिले के खनिज विभाग के अधिकारी पूरा सहयोग करते हैं। ऐसा ही मामला जनपद की खप्टिहा 100/3 के खदान का आया है। इस खदान को लेकर लगातार अवैध खनन मामले की सोशल मीडिया पर खबर सुर्खियों में छाई हुई है। खप्टिहा खदान 100/3 में दिन-रात बिना किसी भय के भारी भरकम मशीनों से रोजाना नदी की जलधारा को रोककर अवैध खनन का कार्य किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस खदान से रोजाना सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों का परिवहन भी होता है। ओवरलोड परिवहन ट्रकों के निकलने से ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोग भारी दहशत में रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार शाम होते ही ओवरलोड बालू भरे ट्रक जमकर फर्राटे मारते हैं जिससे ग्रामीण स्तर पर सडक के किनारे रह रहे लोगों के बच्चों के साथ कभी भी कोई बडी वारदात हो सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनन माफिया ट्रकों को निकालने के लिये नदी की जलधारा को रोककर स्थायी पुल बना रखा है। लोगों का मानना है कि खनन माफियाओं द्वारा नदी में मशीनें उतारकर खनन कर रहे और खदान से ही ओवरलोड ट्रक भरकर बेधडक निकाल रहे हैं। इससे साबित होता है कि खनन माफियाओं को खनिज विभाग के अधिकारियों का पूरा संरक्षण मिल रहा है जबकि सरकार का सख्त निर्देश है कि खनन के दौरान नदी में उतारकर जलधारा से खनन करना नियम के विरूद्ध है और ओवरलोड परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाये लेकिन अधिकारी खनन माफियाओं के आगे नतमस्तक है।

अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि अवैध खनन पर पूरी नजर रखी जाये लेकिन विभाग की टीम खप्टिहा 100/3 में हो रहे अवैध खनन पर आंख बन्द करे हुये है। अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन के मामले को लेकर जब खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह से जानकारी लेने के लिये सरकारी नम्बर पर फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। हालांकि ग्रामीणों ने भी बताया कि अवैध खनन के मामले की जानकारी के लिये खनिज विभाग को फोन मिलाया जाता है तो उनका फोन नही उठता है। अब देखना यह है कि इस खदान की कारगुजारी पर अधिकारियों की नजर कब पड़ती है।

# जनपद की मूलभूत समस्याओ के लेकर कांग्रेसी करेगे पद यात्रा

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी की पद यात्रा में सारथी रह चुके कांग्रेस नेता व हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवकांत तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जन संवाद पद यात्रा निकालकर हुसैनगंज विधानसभा के निवासियों की समस्याओं से रूबरू होंगे। संवाद कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताकर लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, पूर्व प्रत्याशी हुसैनगंज शिवकांत तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधाकर अवस्थी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताई।

कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया जन सम्पर्क केंद्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवकांत तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुधाकर अवस्थी ने बताया कि हुसैनगंज विधानसभा के निवासियों की समस्याओं एवं जन प्रतिनिधियों की अनदेखी से जनपद की अनेकों लंबित मांगो को लेकर जन संवाद पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

यात्रा के जरिए लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के साथ ही पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। बताया कि यात्रा एक से लेकर 8 दिसंबर तक यात्रा हुसैनगंज विधानसभा के विभिन्न गांवों में जाएगी एवं रात्रि विश्राम के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों से संवाद करने का काम करेंगे।

## सहकारी समितियों में हो रही खाद की कालाबाजारी, किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जिले में किसानों को सुलभता से खाद मिले इसके लिए 71 साधन सहकारी समितियों एवं 450 निजी दुकानों के माध्यम से डीएपी यूरिया सहित अन्य उर्वरक मुहैया कराने की व्यवस्था की गई है। जिले के किसानों के लिए रबी की फसल में जितनी डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की आवश्यकता है उसके लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त मात्रा में उर्वरक है ही नहीं। इसी का नतीजा है कि किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खाता घूम रहा है। बार-बार किसानों की मिल रही शिकायतों पर जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह ने गत दिवस साधन सहकारी समिति लदिगवां का निरीक्षण किया तो पता चला यहां 83 बोरी डीएपी को पहले ही बेंच दिया गया और किसान खाद के लिए लाइन में खड़ा है। जिस पर उन्होंने रजिस्टर जब्त कर लिए लेकिन 'बेलगाम एडीसीओ ने खुले आम उन्हें फोन पर गाली दे मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रहा है। वही खुलेआम कृषि अधिकारी को गाली देने वाले एडीसीओ पर कार्यवाही करने के बजाय उच्चाधिकारी लीपा-पोती में लगे हैं। अब जब इस तरह से भ्रष्टाचारियों के संरक्षणदाता स्वयं सत्ता के लोग एवं अधिकारी ही बन जाएंगे तो किसानों एवं आम जनता को इनसे बचाएगा कौन?' खबर है कि कार्यवाही के भय से साधन सहकारी समितियों के कर्मचारी एकजुटता का पाठ पढ़ रहे हैं। उन्हें एकत्र करने की कोशिश कर कृषि अधिकारी पर दबाव बनाने का फंडा अपनाया जा रहा है।

# लुटेरों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, पुलिस सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



लुटेरों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड में एक बदमाश पुलिस की गोली से छचित्त हो गया है। कई थानों की पुलिस को चकमा देकर बदमाश का एक साथी जंगल का सहारा लेकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस और बदमाश की मुठभेड में पुलिस का कोई भी जवान घायल नहीं हुआ है। गोली लगे बदमाश के पास से लूट के 51 हजार रूपये और चोरी की एक मोटर साइकिल व अवैध तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस की बडी कामयाबी पर एसपी ने 25 हजार रूपये देने की घोषणा की है।

जैसा कि बीते 28 नवम्बर को थाना बदौसा क्षेत्र में अज्ञात अभियुक्तों द्वारा लेबर कॉन्ट्रैक्टर के पैर में गोली मारकर 80 हजार रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले के खुलासे एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के जल्द सफल अनावरण हेतु थाना बदौसा सहित अन्य थानों की पुलिस और एसओजी व सर्विलांस की टीमों को लगाया गया था। गिरफ्तारी के प्रयास के क्रम में बीते 29 की रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि घटना के 02 अभियुक्त बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे चकला पुल के पास चंदौर जाने वाले मार्ग पर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान की घेराबंदी की गई। स्वयं को घिरता देख अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरु कर दी गयी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में एक अभियुक्त जीतू को पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक अन्य अभियुक्त अरुण मौका पाकर फरार हो गया। घायल अभियुक्त को पुलिस द्वारा इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अन्य अभियुक्तों को तलाश में भ्रमणशील थी और संदिग्ध स्थानों पर चेकिंग की जा रही थी।

इसी क्रम में पुलिस के अनुसार गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली की घटना में शामिल अन्य 02 अभियुक्त जिनमें पुलिस टीम पर फायर करने वाला भी शामिल है, चित्रकूट के रास्ते मध्य प्रदेश भागने की फिराक में हैं। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त अरुण व राजबहादुर को दतौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में जानकारी दी गयी कि मोतीलाल नि0 कोर्रा बुजुर्ग थाना कमासिन हरियाणा में ईंट भट्ठे पर लेबर कॉन्ट्रैक्टर का काम करता है तथा बांदा से वहां मजदूर ले जाता है। 28 नवम्बर को वह अपने भतीजे राजेन्द्र के साथ लेबर की तलाश में जा रहा था। ओरन में उससे राजबहादुर मिला और कहा कि चलो नगला पुरवा में तुम्हे मजदूर दिलाता हूं। इसी दौरान उसे पता चला कि मोतीलाल काफी रुपये लिए हुए है। इस पर उसने योजना बनाई और अपने साथियों जीतू व अरूण को इसकी सूचना दे दी। जीतू व अरुण नादनमऊ के पास पहले से खड़े थे जैसे ही मोतीलाल उसका भतीजा राजेन्द्र व राजबहादुर वहां पहुंचे तभी जीतू व अरुण ने मोतीलाल के पैर में गोली मारकर रुपये लूट लिये। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल व लूटे गये रुपये बरामद किए गये हैं।

### दो लोगों ने जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के महुवा गांव निवासी आशीष (60) पुत्र रमेश ने घरेलू कारणों के चलते गुरूवार की सुबह जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया।

इसी तरह शहर के बिजलीखेड़ा मोहल्ला निवासी नत्थू प्रसाद (55) ने बुधवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। दोनों लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### महिला को मवेशी ने पटका

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर के कालूकुंआ मोहल्ला निवासी अर्चना (59) पत्नी प्रेम कुमार गुरूवार की सुबह पैदल दुकान की तरफ जा रही थी, तभी अन्ना गाय ने उसे चोटहिल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से किशोरी की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बीमार बहन से अस्पताल में मिलने के बाद रिश्तेदार के साथ बाइक से घर जा रही किशोरी को सड़क किनारे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे किशोरी की मौके पर मौत हो गयी। खबर पाकर पहुंची पुलिश ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के नाहरपुरवा निवासी नीतू (16) पुत्री राममूरत की बड़ी बहन जुगनू बीमार है। अलीगंज इलाके में स्थित एक प्राईवेट अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है।

## नाबालिग छात्र के साथ कुकर्म करने के आरोपी को 20 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले दो भाईयों को भोजनावकाश के समय लालच देकर नाले की आड में ले जाकर गलत काम करने वाले को दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 3 अगस्त 2015 को मऊ थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। 3 अगस्त 2015 को दोपहर के समय स्कूल में भोजनावकाश हुआ। इस दौरान बच्चे खेलने के लिए निकले। जिसके बाद वहां मौजूद मऊ थाने के शिवपुर गांव के निवासी लाली पुत्र बीरन निषाद उसके दोनों बेटों को लालच देकर स्कूल के समीप नाले के पास ले गया। वहां उसने नाले की आड में बेटे के साथ घिनौनी और अश्लील हरकत की। इसकी जानकारी बेटे ने घर आकर दी। जिसके बाद उसने मऊ थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पीड़ित छात्र का बयान दर्ज कराया और आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने गुरूवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी लाली पुत्र बीरन निषाद को 20 वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण, तीसरे वर्ष के लिए लक्ष्य तय

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

देश के अपने तरह के पहले ग्रामीण विश्वविद्यालय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने 11 संकल्प लिए हैं। इन संकल्पों के माध्यम से वे ग्रामोदय की शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नवाचारी बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने यह संकल्प अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिया। कुलपति ने अपने कार्यकाल के तीसरे वर्ष के शुभारंभ के मौके पर दो वर्ष की उपलब्धियों और भावी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि युगानुकुल सामाजिक पुनर्रचना के संकल्प को साधने के लिए संपूर्ण ऊर्जा के विनियोग से एकादश (11) संकल्प लिये हैं। इन संकल्पों के माध्यम से ग्रामोदय विश्वविद्यालय के गौरवशाली उद्देश्यों को पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही संस्थापक कुलाधिपति भारतरत्न नाना जी देशमुख के ग्रामोदय के स्वप्न को साकार करने की दिशा में यह संकल्प मील के पत्थर साबित होंगे। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार को भी विकास के इस पवित्र यज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय परिवार के साथ मिलकर ही यह लक्ष्य प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने विकास आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन का सृजन करना, गुणवत्तापूर्ण नियमित शिक्षा, दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के आलोक को द्वारकृद्वार तक पहुंचाना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के युगांतरकारी प्रावधानों को व्यवहार में लागू कर मॉडल प्रस्तुत करना, शिक्षा के साथ संस्कार के जरिए आत्मनिर्भर प्रसार और संसाधन सृजन का संकल्प लिया।

## डेंगू की लगातार बढ रही है संख्या तीन और पाजिटिव केस मिले

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मच्छरजनित बीमारी डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की तमाम कोशिशें डेंगू को रोक पाने में नाकाम साबित हो रही हैं। गुरूवार को जिला अस्पताल की पैथालॉजी में जांच के दौरान तीन डेंगू पाजिटिव केस पाये गये। उनका उपचार किया गया। मौसम परिवर्तन और मच्छरों का प्रकोप लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने तमाम प्रयास किये लेकिन डेंगू के बढ़ते कदम रोक नही पाया। प्रतिदिन जांचके दौरान डेंगू पाजिटिव केस मिल रहे हैं। गुरूवार को जिला अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए 12 मरीजों का ब्लड सेंपल लिया गया था। जांच के दौरान तीन पाजिटिव केस पाये गये। इनमें देवरती (60) अलीगंज, अजहर हुसैन (22) गूलरनाका, स्नेहा (18) छावनी शामिल हैं। इसके अलावा 151 मरीजों ने पैथालॉजी में जांच के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

### शराब कारोबारी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** कच्ची शराब बनाने के उपकरणों व कच्ची शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि और 500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार यादव ने बताया कि बीती 27 अक्टूबर 2007 को पहाड़ी थाने में नियुक्त उप निरीक्षक मो मुस्तिम ने पुलिस टीम के साथ पिपरोंदर गांव के निवासी बालगिरि पुत्र इन्द्रपाल को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए थे। अभियोग पंजीकृत करने के बाद पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को सिविल जज सिडि विदुषी मेहा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बालगिरि को 500 रूपए के अर्थदण्ड एवं जेल में बिताई गई सजा की अवधि से दण्डित किया।

# सात फेरों के साथ 184 जोड़ों ने की नई जीवन की शुरूआत: सांसद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरूवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 184 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने भगवान गणेश के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया गया।

सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि कामतानाथ की पावन धरा पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग सात फेरों को लेकर आज से नए जीवन की पारी खेलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गरीब पुत्री की शादी के लिए यह योजना लागू की है ताकि गरीब लोग शादी के कर्ज से न जूझे। उन्होंने 51 हजार रुपए खर्च करके गरीब कन्याओं का विवाह जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा एक पंडाल में शामिल होकर यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब से सत्ता में आए हैं, उन्होंने कई गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित कर लोगों को लाभ दे रहे हैं। इस समय उन्होंने एक वैन प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार के लिए भेजा है, जो जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके आप सभी योजनाओं का ऑनलाइन लाभ गांव के पंचायत भवन में बैठे पंचायत सहायक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना को लागू कर लाभ दिया जा रहा है। मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान 5 हजार रुपए देकर लाभ दिया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कि मंशा है कि लोगों की शादी में खर्च कम हो, इस उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना लागू कर प्रत्येक जिले में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी प्रकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है, उन योजनाओं का आप लोग लाभ लें।

सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वैवाहिक जोड़ों को जयमाला के दौरान पुष्प वर्षा कर शुभकामनाएं दी। इसके बाद विवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री भी प्रदान की गई। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राम नारायण त्रिपाठी की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया। जिसमें एक जोड़ा का मुस्लिम समुदाय द्वारा एवं सात जोड़ा का बौद्ध समाज द्वारा विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण भी किया गया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर गंगाधर मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता तीरथ प्रसाद, सुरेश अनुरागी, राजकुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, डीसीएनआरएलएन ओमप्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ । शुक्रवार । 01 दिसंबर 2023



### मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 01 दिसम्बर,2023 को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.6 (-1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.4 (+2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 75 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर पुलिस का तमंचे वाला गुड वर्क सोशल मीडिया पर फेल

**✻ जांच के बाद उच्च अधिकारियों ने पाया गुड वर्क को सही**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर




कानपुर नगर। शहर में बीती 29 नवंबर को थाना रेल बाजार क्षेत्र के टाटमिल चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया एक गुड वर्क जमकर चर्चा में है, इस गुड वर्क ने यूपी की कानपुर पुलिस की गुडवर्क करने की कार्यप्रणाली की पोल खोल करके रख दी है, इस गुडवर्क का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर ताता थैया कर वायरल हो रहा है जिसमें पुलिस वाले एक युवक के हांथ में जबरन तमंचा पकड़ाते हुए नज़र आ रहे हैं, इसके बाद लोगों की जो प्रतिक्रिया आ रही है उन प्रतिक्रियाओं से कहीं ना कहीं प्रदेश सरकार और पुलिस की जमकर किरकिरी भी होती हुई देखी जा रही है। हालांकि की इस मामले में कानपुर पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गुड वर्क को सही ठहराया है और आरोपी युवक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही है। आपको बताते चलें कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर बीते बुधवार से थाना रेल बाजार क्षेत्र स्थित टाटमिल चौराहे का एक वीडियो जम करके वायरल होने के बाद चर्चा का केंद्र बना हुआ है, इस वायरल वीडियो में ट्रैफिक पुलिस कर्मी एक मोटर साइकिल सवार युवक को जबरन उसके हाथ में तमंचा पकड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं, इसके साथ ही साथ ट्रैफिक पुलिस कर्मी के हाथ में कारतूस भी दिखाई दे रहा है पीछे से कुछ और खाकीधारिया ने युवक को पैंट के बेल्ट वाले हिस्से से पकड़ रखा है और युवक गाड़ी पर सवार है, इस दौरान युवक को झापड़ मारता हुआ खाकीधारी नजर आ रहा है, इस मामले में जब यह वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उसके बाद आधिकारिक पुष्टि भी आ गई है।

### वायरल वीडियो पर क्या सफाई दी कानपुर पुलिस ने

कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में लिखा गया है कि थाना रेलबाजार से टाटमिल चौराहे पर दिनांक 29.11.2023 को तौहिद अली उर्फ रुमी पुत्र अजीज रहमान उर्फ मुन्नू निवासी 135/524 मुंशी पुरवा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष को एक अदद अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जब उक्त वीडियो के सम्बन्ध मे गहनता से जाँच की गयी तथा नगर निगम के कैमरो को देखा गया तो स्पष्ट रुप से पाया गया कि अभियुक्त तौहिद अली उर्फ रुमी उपरोक्त मोटरसाइकिल से घंटाघर की तरफ से आता है तथा टाटमिल चौराहे पर मोटरसाइकिल सहित गिर जाता है गिरने के दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध असलहा भी गिरता है तत्काल टाटमिल चौराहे पर उपस्थित ट्रैफिक पुलिसकर्मियो व स्थानीय पुलिसकर्मियो द्वारा अभियुक्त को तथा अभियुक्त के पास से गिरे हुए अवैध असलहा को कब्जे में ले लिया जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि उक्त प्रकरण मे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो अपूर्ण है जिस कारण भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अभियुक्त तौहिद अली उर्फ रुमी पुत्र अजीज रहमान उर्फ मुन्नू निवासी 135/524 मुंशी पुरवा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष के संदर्भ में जब गहनता से जाँच की गयी तो यह भी पाया गया कि अभियुक्त तौहिद अली उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 78/2021 धारा 302/201 भादवि थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर मे पंजीकृत है, मुकदमा उपरोक्त मे अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र अन्तर्गत धारा 302/201/364ए/404/411 भादवि मे मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया है।

### विचारणीय प्रश्न

कानपुर पुलिस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में लिखा है कि युवक गिरा और उसके बाद उसकी जेब से तमंचा और कारतूस गिरा है, और यह भी कहा गया की विभिन्न सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद यह सब कुछ सामने आया है, ऐसे में जो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है उसमें स्पष्ट रूप से आरोपी युवक मोटरसाइकिल पर सवार दिखाई दे रहा है, अगर आरोपी युवक मोटरसाइकिल से गिरा होता तो वह मोटरसाइकिल पर सवार नहीं होता, साथ ही साथ जबरन पुलिस उसे तमंचा पकड़ाती हुई नजर नहीं आ रही होती, सच क्या है झूठ क्या है फिलहाल अब यह कोर्ट तय करेगा जहां सारे के सारे एविडेंस पेश किए जाएंगे।

## जुलाई-अगस्त के महीने में संपन्न हो जानी चाहिए पपीते के पौधों की रोपाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के उद्यान वैज्ञानिक डॉ.अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पपीते की फसल का प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पपीते के पौधों की रोपाई जुलाई-अगस्त के महीने में संपन्न हो जाती है उन्होंने किसानों को बताया कि यदि पौधों पर मिट्टी न चढ़ाई गई हो तो शेष पोषक तत्व नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सूचम पोषक तत्व 40: 50: 50: 10 ग्राम प्रति पौधा गुड़ाई कर देय्र उद्यान वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि आने वाले सर्दियों के मौसम में पपीते के खेत में पर्यास नमी बनाए रखें क्योंकि पौधों की बड़वार काफी होने के साथ ही पौधों पर लगे हुए फलों की तेजी से वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम में आवश्यकता से अधिक पानी लग जाने से पपीते के पौधों की जड़ों पर गलने की बीमारी का प्रकोप तेजी से होता है और रोकथाम न होने पर यह बीमारी सिंचाई के पानी के साथ और ज्यादा विकराल रूप धारण कर लेती है। इस गलन की बीमारी से बचाव के लिए कॉपर ऑक्सिक्लोराइड दवा 25 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर तने के आसपास अच्छी तरीके से तर कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पपीते की फसल के ठंडक से बचाव के लिए उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बाड़ लगाने का कार्य पूरा कर लेना चाहिए जिससे पौधों पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि फलों की पूर्ण विकास के लगभग 50 से 60 दिनों बाद इनके पकने की प्रक्रिया प्रारंभ होने लगती है। उन्होंने बताया कि कोई मच्छर कीड़ा लग रहा है दूर के बाजार में फसल बेचने के लिए फलों की रंग की अवस्था पर ही तोड़ लेना चाहिए तथा अच्छी तरह से अखबार या पुआल से लपेट कर भेजना चाहिए। डॉक्टर सिंह ने बताया कि पपीते के फलों को हानिकारक रसायनों से पकाने की प्रथा का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## देश भर के लगभग 300 से ज्यादा इतिहास एवं पुरातत्त्व के विद्वान् विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय संगोष्ठी में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा



कानपुर नगर। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीनदयाल शोध केंद्र कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगमी 2 व 3 दिसंबर 2023 को भारतीय इतिहास में आर्थिक दृष्टिकोण कृषि, पशुपालन एवं वाणिज्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश भर के सभी राज्यों के लगभग 300 से ज्यादा इतिहास एवं पुरातत्त्व के विद्वान्, विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापक, अनुसन्धान-केन्दों के संचालक, भूगोल, खगोल, भौतिशास्त्रादि अनेक क्षेत्रों के विद्वान् तथा वैज्ञानिक एवं इतिहास में रुचि रखने वाले विद्वान, शोध छात्र आदि लोग प्रतिभाग करेंगे। संगोष्ठी का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के संगठन सचिव डॉ.बालमुकुंद व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक करेंगे। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि दो दिनों की इस सगोष्ठी में विभिन्न सत्रों में 50 से ज्यादा शोध पत्रों का वाचन होगा। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, इतिहास के क्षेत्र में कार्यरत विद्वतजनों का एक राष्ट्रव्यापी संगठन है जो इतिहास, संस्कृति, परम्परा आदि के क्षेत्र में प्रामाणिक, तथ्यपरक तथा सर्वांगपूर्ण इतिहास-लेखन तथा प्रकाशन आदि की दिशा में कार्यरत है। देश एवं विदेशों में रह रहे इतिहास एवं पुरातत्त्व के विद्वान्, विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापक,अध्यापक, अनुसन्धान-केन्दों के संचालक, भूगोल, खगोल, भौतिशास्त्रादि अनेक क्षेत्रों के विद्वान् तथा वैज्ञानिक एवं इतिहास में रुचि रखने वाले विद्वान इस कार्य से जुड़े हुए हैं। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह सचिव संजय, कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, इतिहास संकलन समिति, कानपुर प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार मिश्र मौजूद रहे।

स्वाधीनता के पश्चात् सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तरों पर इतिहास-संशोधन के अनेक प्रयत्न हुए और हो रहे हैं। इसी कड़ी में भारत के प्रामाणिक एवं भारतीय कालक्रमानुसार सत्यपरक इतिहास पुनर्रचना के लिए संकल्पित समाज-चिन्तक श्री उमाकान्त केशव (बाबा साहेब आपटे ( 1903-1972) की स्मृति में कलियुगाब्द 5075 (1973 ई0) में नागपुर में भारतीय इतिहासलेखन, संकलन तथा प्रकाशन आदि की दृष्टि से बाबा साहेब आपटे स्मारक समिति की स्थापना हुई। बाद में 1994 में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक राष्ट्रीय संगठन दिल्ली में पंजीकृत हुई। यह योजना इतिहास के क्षेत्र में कार्यरत विद्वतजनों का एक राष्ट्रव्यापी संगठन है जो इतिहास, संस्कृति, परम्परा आदि क्षेत्र में प्रामाणिक तथ्यपरक तथा सर्वांगपूर्ण इतिहास-लेखन तथा प्रकाशन आदि की दिशा में कार्यरत है।

## शिवराजपुर थानाध्यक्ष की हुई विदाई सहयोगियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाने में लगभग 1 वर्ष का कार्यकाल निर्विवाद रहा लेकिन जाते वक्त कई आरोप प्रत्यारोप लग गए कानपुर जनपद के घाटमपुर थाने में ट्रांसफर होने पर निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह को थाने के पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर नम आंखों से विदाई दी है। थाने के पुलिस कर्मियों का कहना है थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने चार्ज लिया था जिसके बाद उन्होंने गुंडे मवाली मारपीट करने वाले आरोपियों पर कड़ी निगरानी कर पाबंदियां लगा दी थी जिसके कारण गुंडे मवाली दलाल व अन्य प्रवक्त के लोग थाने में घुसने से घबराते थे उन्होंने अपने कार्यकाल शिवराजपुर थाने में सबसे ज्यादा क्राइम को रोक रखा था कानपुर के शिवराजपुर थाने में धारा 151 की सबसे ज्यादा कार्यवाही की है उनके विदाई समारोह में समाजसेवी मोनू तोमर, क्राइम स्पेक्टर शिवशंकर पटेल, उपनिरीक्षक रामबीर सिंह, एसआई अजीत यादव, एसआई हरेंद्र यादव, शिवकरण वर्मा, एसआई रणवीर, सिपाही सोनू चाहर, पंकज सिंह, अभय प्रताप सिंह व महिला आरक्षी के साथ क्षेत्र के समाजसेविक लोग मौजूद रहे।

## थाना बेकनगंज क्षेत्र में पड़ा मिला अज्ञात शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के बेकनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क पर गुरूवार की सुबह देख क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गयी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा की गयी कोशिश के बाद भी मृतक के बारे में कोई जानकारी न हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बेकनगंज क्षेत्र में कल गुरूवार की सुबह लोगों ने एक लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति को सडक पर औंधे मुंह बेहोशी की हालत मे पडा देखा तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने पूंछ-तांछ शुरू की। अज्ञात की मौत हो चुकी थी और उसका कोई पता नही चल सका। पुलिस द्वारा बताया गया कि शव के पास से कुछ पुराने वस्त्र थे। दुकानदारों ने बताया कि इसी जगह और आसपास यह व्यक्ति काफी समय से भींख मांगता था। वहीं ठण्ड के कारण मरने की बात की जा रही है। पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## जी.एस.बौनाल को मिला प्रशंसा-पत्र



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राज्य कर कानपुर के अपर आयुक्त ग्रेड-1 जी.एस.बौनाल को आयुक्त राज्य कर मिनिस्टी एस ने राजस्व संग्रह में बढ़ोत्तरी व जीएसटी अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत कार्यवाही के लिए प्रशंसा-पत्र दिया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ज़िला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी, आशुलिपिक संघ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र केशरवानी, परिषद के संयुक्त मंत्री अविनाश दीक्षित व कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अवस्थी ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

### हैलट अस्पताल में शुरू हुई व्यवहार कुशलता पाठशाला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के लाला लाजपत राय अस्पताल(एलएलआर) में पहली बार डाक्टर-मरीज संवाद इलाज के दौरान किस प्रकार का हो, इसके लिए मेडिकल कॉलेज में व्यवहार कुशलता पाठशाला की शुरूआत की गयी। मरीज को इलाज के साथ साथ उनके साथ होने वाले वाला व्यवहार किस प्रकार का हो, संवाद किस प्रकार का हो इसकी जानकारी के लिए पहली बार एलएलआर मेडिकल कॉलेज में व्यवहार कुशलता पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के विभागध्यक्ष द्वारा जूनियर डाक्टरों को इलाज के दौरान किस प्रकार से संवाद करना है, इसके बारे में बताया। इस सम्बन्ध में बताया कि कार्यशाला का आयोजन पांच दिवसीय है तथा इसके प्रथम चरण में पोस्ट ग्रेजुएट के रेजिडेंट्स को शामिल किया गया है। कार्यशाला में बताया गया कि इमरजेंसी और वार्ड में मरीज तथा तीमारदार के बीच समय समय पर विवाद सामने आते रहते है जो ठीक नही है। ऐसे में कार्यशाला के माध्यम से तीमारदारों से इलाज के दौरान किए जाने वाले संवाद के लिए प्रशिक्षत किया गया है।

## माटी की कला का बेटियों को कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चित्रकला विभाग, डी0जी0पी0जी0 कॉलेज, कानपुर में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में माटी की कला 'त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय पेपर मैशी कार्यशाला' का आयोजन किया गया। अतिथि कलाकार राजकुमार सिंह, प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित कलाकार जे0बी0यादव व प्राचार्या प्रोफेसर अर्चना वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में डॉ0 श्रद्धा शुक्ला,निदेशक राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश राकेश चन्द्रा शर्मा आई0ए0एस0, विशेष सचिव, सांस्कृतिक विभाग उ0प्र0, मुकेश कुमार मेश्राम आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव सांस्कृतिक विभाग एवं अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश, आप सभी कार्यशाला के उद्घाटन के समय Online Connect रहे तथा अपनी शुभकामनायें देते हुए कार्यशाला को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। 'पेपर मैशी' की कला क्या है, इसको कैसे बनाया जाता है तथा इसको सीख कर कैसे रोजगार परक वस्तुएं बनाई जा सकती हैं इन सब बातों से छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। स्वागत भाषण प्राचार्या प्रोफेसर अर्चना वर्मा ने दिया साथ ही छात्राओं को कार्यशाला में रुचि पूर्ण रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथि कलाकार श्री राजकुमार सिंह ने कार्यशाला की शुरुआत में प्रशिक्षण देते हुए जे0बी0 यादव सर ने बच्चों को पेपर मैशी में चॉक पाउडर व फेविकोल मिलाकर उपयोगी वस्तुएं व खिलौने बनाने के लिए मिट्टी कैसे तैयार की जाती है सिखाया। कार्यशाला में चित्रकला विभाग के सभी सदस्य व शोध छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बिल्हौर से कोचिंग से लौट रही छात्रा रास्ते मे ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर थाना क्षेत्र के निबौरी गांव निवासी 13 वर्षीय नेहा पुत्री स्वर्गीय ज्ञान सिंह गुरुवार शाम कोचिंग पढ़कर घर वापस लौट रही थी। रास्ते में गांव की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर पर लिफ्ट लेकर वह उस पर बैठ गई। गांव से कुछ दूर पहले किशोरी अचानक ट्रैक्टर से गिर गई और उसके ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया गुजर जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



## बढ़ रही सर्द हवाएं ब्रेन स्ट्रोक से रहें सावधान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में अचानक बदले हुए मौसम, वातावरण में नमी और बारिश के साथ चलने वाली तेज सर्द हवाओं ने सांस के मरीजों की तकलीफ बढ़ा दी है और अस्पतालों में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। जीएसवीएम के हैलट अस्पताल में गुरूवार को ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। बुजुर्गो के साथ साथ युवाओं में भी ब्रेन स्ट्रोक पाया गया है डाक्टरों ने बताया कि शहर में वायरल के चलते लोगों में जहां बदन, सिर और सीने में दर्द की शिकायत ज्यादा आ रही है तो वहीं नसों की सूजन, तेज दर्द और उल्टी के मरीज आ रहे है। बताया गया कि अभी ज्यादा सर्दी नही पड़ रही है, सर्दी बढ़ने के साथ और ज्यादा मरीज आयेगे। नमी का मौसम वायरस पनपने के लिए मुफीद होता है। गुरूवार को हैलट ओपीडी में 400 से अधिक मरीज पहुंचे इसके साथ ही चेस्ट हास्पिटल में भी मरीजों का तांता लगा रहा। ज्यादा उम्र के वो मरीज जिन्हे अस्थमा की शिकायत है, उनके लिए इस मौसम में तकलीफ बढ़ गयी है तो अस्पताल में डाक्टरों की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। बताया गया कि आने वाले मरीजों की संख्या में देखते हुए विशेष रूप से विशेषज्ञों की टीम को तैनात किया गया है। सलाह देते हुए कहा कि बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा सर्दी में विशेष तौर पर सुबह और शाम को घर पर ही रहे, गर्म कपड़े पहले और मास्क लगातार ही घर से बाहर निकले।

### रैगिंग के दौरान सीनियर छात्रों ने जूनियर को मारा चाकू

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के सीएसए में प्रथम वर्ष के छात्र को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के दौरान पीट कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है, नवाबगंज पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच आगे भी बढ़ा दी है वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि अगर जांच में रैगिंग का मामला सामने आया तो उसकी धाराएं भी बढ़ा दी जाएंगी। मामले को लेकर सीएसए के रजिस्ट्रार ने तीन सदस्यीजांच कमेटी गठित की है कमेटी को एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपनी है।

## न्यू आजाद नगर-सतवरी मार्ग की वर्तमान में बुरी हालत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रदेश के विकास का दंभ भरने वाली सरकार को शायद विभागों के अधिकारियों ने बरगला रखा है। शहर के अन्दर की सड़कों से ज्यादा बुरा हाल शहर के बाहरी क्षेत्रों का है, जहां न तो कोई अधिकारी पहुंचता है और न ही व्यवस्थाये। पीएसी मोड़ हाइवे से लगा हुआ क्षेत्र न्यू आजाद नगर-सतवरी मार्ग की वर्तमान में बुरी हालत है। पूरी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे है तो सड़कें बुरी तरह टूट चुकी है दीपावली के पहले कुछ गडढो मे पैचवर्क किया भी गया था लेकिन यह पैचवर्क गडढों से भी ज्यादा खतरनाक है। पैचवर्क सड़क के लेवल से काफी ऊंचे कर दिये गये और काम चलाया गया, जबकि बांकी सडक की हालत खस्ता है।

## भारत देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर: केन्द्रीय मंत्री

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुरूवार को कानपुर में मोतीझील में बने प्रमिला सभागार में प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प याता का लाइव प्रसारण देखने के बाद मीडिया से केन्द्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि भारत अभी तक देश की पांचवी अर्थव्यवस्था था, लेकिन अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की नारी शक्ति, गरीबों और किसानों के साथ साथ युवाओं को जोड़कर इसको जन अभियान बनाकर लोगों को संकल्प दिला रहे हैं। तेलंगाना चुनाव को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रिजल्ट शानदार रहेगा और बीजेपी तेलंगाना में सरकार बनाएगी। वहीं जातीय जनगड़ना के सवाल पर उन्होंने कहा की मोदी की नजर में देश में चार महत्वपूर्ण जातियां है। जिसमें नारी, गरीब नौजवान और किसान इनके उत्थान से सारे देश का विकास होगा। इसलिए इसको प्राथमिकता देना बीजेपी का उद्देश्य है। इससे पूर्व केंद्र की सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। विकसित भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इसका लाइव प्रसारण कानपुर के मोतीझील में बने प्रमिला सभागार में दिखाया गया। जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कानपुर नगर के सांसद सत्यदेव पचौरी और देहात के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# खेल में प्रतिस्पर्धा का भाव नहीं होना चाहिए: डा0 सलीम

## ✻ के0डी0मालवीय विद्या मंदिर में 8वां बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद सप्ताह का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय के0डी0 मालवीय विद्या मंदिर में 8वाँ बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डा0 सलीम द्वारा स्व0 बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डा0 सलीम ने बताया कि शिक्षा सबसे सरल कार्य है, शारीरिक फिटनेस के लिए आप सभी मैदान में खेलकूद जरूर करे इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करे, जीवन में तरक्की पाने के लिए शिक्षा ग्रहण करना सबसे आसान रास्ता है। खेल को आपसी भाईचारे के साथ खेलना चाहिए खेल में प्रतिस्पर्धा का भाव नहीं होना चाहिए। खेल से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है वरन् एक अच्छा खिलाड़ी अनेको



उपलब्धियाँ भी पाता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजक मण्डल एवं विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय के प्रबन्धक अनिमेष श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात खेलकूद का आरंभ हुआ, आज के कार्यक्रम में हर्डल रेस, शेप्स रेस, लेमन एंड स्पून रेस, बर्स्ट द बैलून रेस, सर्च द कॉइन रेस, बैलेंस द बॉल ऑन पेपर रेस सम्पन्न हुए जो किएक सप्ताह तक अनवरत जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयुक्त सचिव श्रीमती रजतिमा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य मनोज बाजपेयी, एडमिन सुश्री अंतरा सिंह, निधि शर्मा, वेद प्रकाश, लाइबा, शालिनी श्रीवास्तव, हिना खान, ज्योति अवस्थी, नीतू, फूल जहां, शक्ति श्रीवास्तव, स्नेहा सोनी, महिमा पांडेय, शबनूर, साकिब, प्राची सिंह, नीलम सिंह, अतिका, साक्षी का सहयोग उल्लेखनीय रहा। खेलकूद समन्वयक विवेक वर्मा के संयोजन में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री जारा मिर्जा और सुश्री नैनसी कसौधन द्वारा किया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो नाबालिगों को जीआरपी ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय को सूचना मिली की ट्रेन नं.12331 हिमगिरि एक्स. में 2 लड़के दिल्ली जा रहे है, सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रेलवे अरविंद पांडेय ने फौरन अधीनस्तों को प्लेटफार्म डियूटी मे लगे हे.का. रमाकान्त यादव व का.संदीप त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिया। निर्देश पर नाबालिक



बच्चों को ड्यूटी कर्मियों ने अटेन्ड किया, दिल्ली जा रहे बच्चें सर्वेश उम्र करीव 13 वर्ष निवासी थाना टाउन जिला भोजपुर,बिहार व शिवम (बदला नाम) उम्र करीब 14 वर्ष निवासी थाना टाऊन जनपद भोजपुर, बिहार को समझा बुझाकर विश्वास में लेकर सकुशल ट्रेन से उतारकर परिजनो को जरिये दूरभाष सूचना दिया। सूचना पर परिवरीजनों के थाने आने पर दोनों बच्चों को उनकी सहमति से सही हालत मे सुपुर्दगी मे दिया गया। इस कार्य की परिजन द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# रातभर दर्द से कराहती रही गर्भवती, जच्चा-बच्चा की मौत पर हुआ हंगामा

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में गर्भवती महिला बेड पर दर्द से कराहती और चीखती रही। डॉक्टर व स्टॉफ चैन की नींद सोते रहे। परिजन उन्हें जगाते और प्रसूता को देखने को कहते तो जवाब मिलता सुबह डिलेवरी कराई जाएगी। लेकिन इस लापरवाही में सुबह जच्चा-बच्चा ने जिंदगी को अलविदा कह दिया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल की भी नींद टूटी। उन्होंने कोरम पूरा करते हुए ड्यूटी पर तैनात सभी मेडिकल स्टॉफ को सस्पेंड कर अपना पल्ला झाड़ लिया है।

जानकारी के अनुसार गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के कटघरा गांव निवासी अंबालिका वर्मा पत्नी सुनील वर्मा गर्भवती थी। बीती रात प्रसव पीड़ा होने पर ग्राम प्रधान मो. शोएब उसे परिजनों के साथ लेकर रात 11 बजे के आसपास राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे और महिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात में दर्द अधिक होने पर अंबालिका के परिजन डॉक्टर और स्टॉफ को बुलाने पहुंचे तो सभी चैन की नींद लेने में व्यस्त रहे। जोर देने पर इन सभी ने सुबह डिलेवरी की बात कही और पुनः सोने में व्यस्त हो गए। इस बीच रात में ही गर्भवती की तबियत और बिगड़ी और सुबह होते-होते प्रसूता और उसके गर्भ में पल रहे मासूम ने दम तोड़ दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संदर्भ में ग्राम प्रधान मो. शोएब ने बताया कि अम्बालिका वर्मा को कल रात 11 बजे यहां एडमिट कराया गया। एक-दो बार मैने डॉक्टर से कहा देखने को लेकिन देखा नहीं फिर उन्होंने जांच लिख दिया। मैं जांच कराने के लिये गया। जांच कराकर जब लौटा तो फिर मैने देखने को कहा लेकिन फिर भी नहीं देखा गया। बहुत देर बाद दबाव बनाने के बाद उन्होंने देखा और कहा कि एक कास्टर आयल पिला दें। जब कास्टर आयल लेकर आए तो दूसरी डाक्टर बोल रही है कि मत पिलाना डिलेवरी सुबह होगी। रात ही में पेशेंट का हाथ-पैर सुन होने लगा फिर उनसे जाकर कहा गया कि देख लीजिये। लेकिन कोई आया तक नहीं सब सो रहे थे। यदि कोई आकर देख लेता तो उसकी जान बच सकती थी।

मृतका की सास ने बताया कि जब हम डॉक्टर के पास गये और बोले कि चलकर देख लीजिये तो वह मेरे ऊपर बिगड़ गई और डांटकर भगा दिया।

अगर देख लिया होता या हमको बता देते तो कही और ले जाकर दिखा देते कम से कम जान तो बच जाती। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 5 बजे प्रसूता की मौत हुई है।

शुरुआती जांच में स्टॉफ की लापरवाही सामने आई है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक, स्टॉफ और पैरा मेडिकल स्टॉफ सभी को सस्पेंड किया है। मजिस्ट्रेटियल जांच के लिए डीएम को संस्तुति किया है।

## क्या जमीन किसी और की,बैनामा कर दिया किसी और ने

# गाटा संख्या 178 बनी सीमा देवी के लिए गले की फांस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी के खिलाफ शिकायत पत्र देकर सीमा देवी चर्चा में आ गईं।परंतु शायद यह नहीं सोचा रहा होगा की यही शिकायत पत्र उनके लिए मुसीबत बन जायेगा।सीमा देवी राजेश मसाला पर उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगा रही है।और वह जिस जमीन की बात कर रही है,उस जमीन के असली मालिक ने कभी सीमा देवी को बैनामा नहीं किया है।जो गाटा संख्या 178 कही जाती है।सीमा देवी इस बात को मानती है की उनके द्वारा पट्टे की जमीन का बैनामा लिया गया।जब कि 178 भूमि धरी जमींन है। जो कभी नवीन परती या ग्राम समाज की नहीं रही है। तो उसका पट्टा हो ही नहीं सकता। राजस्व विभाग के मुताबिक गाटा संख्या 187 ग्राम समाज की जमीन थी जो सीमा देवी के विक्रेता को पट्टे में मिली थी। जिसका बैनामा सीमा देवी ने लिया। ऐसा सीमा देवी के विक्रेता का कथन है। जिस जमीन पर सीमा



देवी काबिज हैं,पूर्व प्रधान को बटाई पर दी है। सीमा देवी कहती हैं की अगर 178 नंबर उनको मिल जाए तो वह 187 छोड़ देगी।सवाल उठता है,आखिर क्यों? गाटा संख्या 178 के असली मालिक ने कभी सीमा देवी को बैनामा नहीं किया।सीमा देवी को बैनामा किसी और ने किया है।तो साफ है की एक बड़ी जाल साजी हुई।एक साजिश के तहत किसी और की जमींन को किसी दूसरे ने बेचा।और जिसे सीमा देवी ने बैनामा ले लिया।जो एक बड़े अपराध की श्रेणी में आता है। अगर राजस्व विभाग इस मामले में कार्यवाही करता है तो 187 सीमा देवी के हाथ से जा सकता है।और 178 के मामले में विक्रेता,क्रेता सीमा देवी और अधिकारी कर्मचारी कानून के सिकंजे में आ सकते है।सीमा बार बार दावा कर रही हैं कि उन्होंने 178 का बैनामा लिया है। जिसका मालिक कभी भी सीमा देवी का विक्रेता नहीं रहा है।राजस्व विभाग जिसकी पुष्टि कर रहा है।

विवाद कुछ इस तरह है कि गाटा संख्या 178 भूमिधरी खाते की पुश्तैनी जमीन थी।जिसका बैनामा उद्योगपति राजेश मसाला के दोनों लड़कों के नाम है।जो की नियम संगत है।वहीं पर पट्टा की जमीन का बैनामा सीमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी टिकरी ने लिया था।जिसमें गाटा संख्या 187 के जगह पर 178 लिपिकीय त्रुटि की वजह से हो गया था।गाटा संख्या 187 की नवीन परती की भूमि है। सीमा देवी के बैनामे की चौहद्दी तथा नवीन परती की नवाईयत होने के नाते यह सिद्ध होता है कि सीमा देवी का मालिकाना हक गाटा संख्या 187 पर होना चाहिए जो है भी।और वहीं पर 178 गाटा संख्या की भूमि एक पुश्तैनी संक्रमण्य भूमि है। जिसका बैनामा राजेश मसाला के दोनों लड़कों के नाम है।सीमा देवी का गाटा संख्या 178 पर वैधानिक रूप से कोई अधिकार सिद्ध नहीं होता है।राजस्व जांच के उपरांत राजेश मसाला का यह कथन भी सत्य होता प्रतीत हो रहा है कि केवल आर्थिक तथा सामाजिक शोषण करके एकमात्र उद्देश्य केवल धन उगाही था जो की जांच के बाद यह स्पष्ट हो चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि उनका आर्थिक शोषण और छवि खराब करने की नियत से उन्हें आए दिन ऐसे विवादों में घसीटा जा रहा है।मनगढंत खबरें प्रकाशित की जाती हैं। जिससे वह और उनके परिवार आहत हैं।वह इसके खिलाफ न्यायालय में मानहानि का केस दायर करेंगे।जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

# बोलेरो ने बाइक सवार दो को रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

दोस्तपुर में बोलेरो गाड़ी ने बाइक सवार तीन लोगों को बीती रात रौंद दिया। दो युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर में इलाज जारी है। घटना की सूचना पर दोस्तपुर थानाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम में भेजवाया है।

जानकारी के अनुसार घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र दोस्तपुर-अखंडनगर मार्ग पर स्थित बढ़ौली गांव के नवयुग विद्यालय के सामने की है। बताया जा रहा है कि रिश्तेदारी में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर तीन युवक बाइक से वापस लौट रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे के आसपास तीनों बढ़ौली गांव के पास पहुंचे थे कि बोलेरो गाड़ी ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई और एक घायल हो गया। सूचना थाने पर पहुंची तो थानाध्यक्ष दोस्तपुर लक्ष्मीकांत मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव करते हुए तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया जबकि एक का इलाज हो रहा है।

# कांग्रेसियों ने दोहरे चरित्र का भाजपा पर लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

कांग्रेसियों ने आज जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करने वा गारंटी के साथ 450 रुपए में दिलवाने की बात को लेकर अब उत्तरप्रदेश में भी चर्चा होने लगी है। जब प्रधानमंत्री देश के जिन राज्यों में चुनाव हो रहा है वहां की जनता के लिए सिलेंडर 450 रुपए में दिला सकते हैं तो यूपी में क्यों नहीं?

आज इन्ही मांगो को लेकर



सुलतानपुर जिले के कांग्रेसी नेताओ ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। आप को बताते चले कि सुलतानपुर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने कांग्रेस कमेटी से एक रैली निकालकर कर उत्तरप्रदेश की जनता के लिए भी 450 का सिलेंडर दिलाने का अहवाहन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा की जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहा है वहां प्रधानमंत्री गारंटी के साथ सिलेंडर 450 रुपए में दिला रहे हैं तो उत्तर प्रदेश में तो भाजपा की सरकार है यहां सरकार क्यों नहीं। सिलेंडर को 450 रुपए में दिलवा रही है यहां जनता 1000 में सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के इस व्यवहार से उसके दोहरे चरित्र का पता लगता है। अभिषेक सिंह राणा ने कहा की अगर जल्द गैस सिलेंडर के दामों में कमी नहीं आएगी तो कांग्रेस पार्टी बड़ा प्रदर्शन करेगी।

# पूर्व सभासद से दबंग ने मांगी रंगदारी, पीड़ित ने सीएम से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

वार्ड नंबर चार डिहवा के पूर्व सभासद व सपा नेता से दबंग ने रंगदारी मांगा है। साथ ही मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। इससे आहत होकर सपा नेता ने सीएम योगी से आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराया है।

पीड़ित सपा नेता अजहर जमाल ने बताया कि डिहवा मोहल्ले में उसकी गाटा संख्या 154 व 155 पुश्तैनी जमीन है। वो उस जमीन में सह खातेदार है। मेरी चाची राशिदा बानो से राम प्रताप यादव पुत्र राम निवास ने 850 वर्ग फुट जमीन बैनामा लिया हुआ है। लेकिन उसने कब्जा 1600 वर्ग फुट पर कर रखा है। इसका एक वाद दीवानी कोर्ट में विचाराधीन है। यही नहीं इस जमीन पर स्टे आर्डर भी है। मैने बचे हुए भूखंड में से कुछ लोगों को बैनामा किया है। पीड़ित के अनुसार, अब वादी राम प्रताप यादव बराबर फिरौती-रंगदारी की मांग कर रहा है। हमने जिन लोगों को बैनामा किया हुआ है उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता के चलते हुए आम नागरिक, मंहगी रसोई गैस खरीदने को मजबूर है: पंकज तिवारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 450 रुपये किये जाने के सम्बन्ध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया, ज्ञापन देते समय कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता के चलते हुए आम नागरिक, मंहगी रसोई गैस खरीदने को मजबूर है, उल्लेखनीय है कि अभी हाल में जिन प्रदेशों में विधानसभा चुनाव थे वहां पर डलब इंजन की भाजपा सरकार द्वारा दोहरा चरित्र जनता के सामने पेश किया गया है, जैसे राजस्थान में 450 रुपये का प्रति गैस सिलेंडर और छत्तीसगढ़ में 500 रुपया प्रति गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है, जो सिर्फ जनता को गुमराह करने वाला चुनावी



जुमला बयान है, जिस प्रदेश में भाजपा की सरकारे है वहां गैस के दामों में कमी क्यूँ नहीं की जा रही है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश की आम जनता डबल इंजन की सरकार से पूँछना चाहती है कि जब देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो यहां पर रसोई गैस के दाम 1 हजार रुपये के पार क्यूं है और दोहरा चरित्र क्यूं अपनाया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने ज्ञापन की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने महामहिम राज्यपाल से मांग की है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में आमजन को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें।

# एक दिवसीय रोजगार मेला मुसाफिरखाना में आज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का मंगलम इण्टर कालेज मुसाफिरखाना में शुक्रवार को आयोजन किया जायेगा। जिसमें टम्बल ड्राई सोल्युशन प्रा.लि.,ब्राइट प्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स आयुर्वेदिक प्रा.लि. एवं निजी क्षेत्र की अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में दसवीं,बारहवीं,स्नातक तथा आईटीआइ उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करेंगे एवं आवेदक अपने यूजर आईडी के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार मेला आईडी 8714 पर इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं।रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ मंगलम इण्टर कालेज मुसाफिरखाना में उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि नियुक्ति से पहले या बाद में यदि किसी भी कम्पनियों के द्वारा ट्रेनिंग के नाम पर कोई शुल्क मांगा जाता है। तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन अधिकारी को अवगत करायें।तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# त्रिपक्षीय वार्ता बुलाने का वादा पूरा पूरा करे सरकार: कुसुम मौर्या

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध (ऐक्टू) के आह्वान पर आज भी अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित चेतावनी पत्र उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की जिला संगठन सचिव कुसुम मौर्या के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर आशा कर्मी एकत्र हुई। जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित आशाकर्मियों को संबोधित करते हुए कुसुम मौर्या ने कहा कि खोखले नारो के बल पर नारी उत्थान कल्याण करने वालो ने नारी की देह और उसके श्रम की लूट का जो खेल खेला है वह अब किसी से छिपा नहीं है। आशाकर्मियो सहित सभी स्कीम वर्कर्स बेगारी, गुलामी का अभिशाप



झेल रहे हैं। अभी तक उम्मीद थी कि हमे भी एक नागरिक के रूप में सामान्य और सम्मानित जीवन का अधिकार हमारे काम के बल पर मिलेगा किंतु सरकारें इस बारे में सोचना तो दूर कुछ सुनना भी नही चाहती। अधिकारी जमींदारो सा व्यवहार करते हैं अर्जित पारिश्रमिक में मनमानी लूट करते हैं, रोज एक नए काम का फरमान जारी किया जाता है और इस भयावह महंगाई के दौर में महीने भर हाड़ तोड मेहनत करने के बाद भी एक बार के ठीक से जरूरी भोजन भर का मेहनताना नही मिलता। अब भूखे पेट आशा कर्मी काम नही कर पाएंगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा राजपूत ने कहा कि हमारी जायज मांगों को अनसुना करना सरकार को मंहगा पड़ेगा। सरकार ने 25 सितम्बर को लखनऊ के महापड़ाव पर आश्वाशन दिया था कि त्रिपक्षीय वार्ता बुलाकर आशाकर्मियो के सवालो हाल करने की तरफ बढ़ा जाएगा। किंतु सरकार चुप्पी साध गई। शायद उन्हें इस बात का एहसास नही है कि हमने महामारियो, संक्रामक बीमारियो को पराजित किया है सरकारों को उखाड़ कर फेंकने में कितनी देर लगेगी।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 21.12.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | निविदा सूचना संख्या | 015102023 दिनांक 29.11.2023 |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम: 1. सहायक मण्डल इंजीनियर रायबरेली के अधीन ब्रिज नंबर 570 (गंगागंज –रायबरेली सेक्शन) का पुनर्निर्माण का कार्य। 2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर –रायबरेली और प्रतापगढ़ के तहत सड़क की सतह, ड्यूटी रूम और बाड़ के सुधार द्वारा लेवल क्रॉसिंग का उन्नयन का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 1,98,97,524.75, 2. Rs. 1,40,86,084.08 |
| 3 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,49,500.00, 2. Rs. 2,20,400.00 |
| 4 | कार्य समापन की अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह 2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 09 माह |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | 07.12.2023 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.12.2023, 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3759/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'अनुगम-2023' का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. तथा पालीटेक्निक के सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी अनुगम 2023' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एन्ड सोशल साइंसेज के पूर्व प्राचार्य एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.(डा.) राधेश्याम सिंह, पूर्व उप प्राचार्य प्रो.(डा.) सुशील कुमार सिंह, संस्थान के फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो.(डा.) महेश प्रसाद एवं डा. इन्द्रजीत कौर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्थान के निदेशक प्रो.(डा.) डी.एस.पुन्डीर ने अपने उद्बोधन में संस्थान के गौरवशाली इतिहास को सभी छात्र छात्राओं एवं उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखा एवं नवागंतुक छात्र छात्राओं को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने को कहा। मुख्य अतिथि प्रो.( डा.) राधेश्याम सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी



नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को जीवन में सदैव नकारात्मकता से दूर रहने को एवं अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने को कहा। प्रो. ( डा.) सुशील कुमार सिंह ने छात्रों को अपने आत्मबल को बढाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है, सकारात्मकता के साथ मेहनत जरुरी है। फार्मेसी निदेशक प्रो. ( डा.) महेश प्रसाद ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संस्थान की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया द्यइस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अन्त में निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार डिप्लोमा के छात्र सत्यम कुमार को मिस्टर फ्रेशर तथा छात्रा शालिनी को मिस फ्रेशर तथा बी. टेक. में सिद्धार्थ पान्डेय को मिस्टर फ्रेशर तथा वर्षा प्रजापति को मिस फ्रेशर चुना गया। योगिता श्रीवास्तव तथा आयुष वशिष्ठ को सर्वश्रेष्ठ एंकर के रुप में चुना गया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह, रिसर्च एवं डेवलपमेंट डीन सरब प्रीत सिंह इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभागाध्यक्ष डा. विमल गुप्ता, डा. ज्योति प्रकाश, डा. जीशान वकील, डा. रामसागर सिंह, डा. कविता श्रीवास्तव, एवं शिक्षकगण ए के सिंह, सैनुद्दीन, कौस्तुभ कुन्दन श्रीवास्तव, जय चन्द, ग्रीष्मा श्रीवास्तव, जे पी मिश्रा, मनोज भार्गव, अखंड प्रताप सिंह,राहुल शुक्ला, अनमोल सिंह, स्तुति सिंह, दिव्य प्रकाश पान्डेय,अनुराग त्रिपाठी , प्रदीप द्विवेदी, कसीम खान, आनन्द प्रताप, तथा बी. टेक. एवं पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 17°C |
| कानपुर | 26°C | 16°C |
| देहरादून | 22°C | 13°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 14°C |

## लोहिया संस्थान का तीसरा स्थापना दिवस, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले

# यहां से निकले बच्चे दुनिया में नाम कमा रहे सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल रहा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के गोमतीनगर स्थिति डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को मनाया गया। आईजीपी में आयोजित हो रहे वार्षिक स्थापना दिवस समारोह में डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे। ब्रजेश पाठक ने कहा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश के साथ नेपाल का भी भार पीजीआई और चत्तरूपर था। इसी मकसद से लोहिया संस्थान को विकसित किया गया। यहां से निकले बच्चे देश दुनिया में मेडिकल फील्ड में नाम कमा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा, सभी 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोल रहें। 65 मेडिकल कॉलेज पर काम हो रहा, 16 रह गए हैं, वहां भी काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज बनाने में मदद की है।

### एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर दोगुनी की गईं

ब्रजेश पाठक ने कहा, सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस में 3800 सीट और निजी कॉलेज में 5450 सीट हैं। इसके अलावा एम्स रायबरेली में 100 सीट और एम्स गोरखपुर में भी एमबीबीएस की 125 सीट हैं। 2017 से पहले जितनी सीटें थीं, अब लगभग दोगुनी सीटें बढ़ाकर कर दी गई हैं।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में यूपी नंबर-1

ब्रजेश पाठक ने कहा- यूपी आयुष्मान कार्ड बनाने में देश में नंबर वन है। प्रदेश में साढ़े 4 करोड़ से ज्यादा कार्ड बना चुके हैं। 2017 से पहले नर्सिंग कॉलेज खुल जाते थे, लेकिन उनमें क्वालिटी एजुकेशन नहीं मिलता था। डब्लूएचओ के मानक पर हम काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में देशभर के अस्पतालों को यूपी प्रोफेशनल और क्वालिफाइड नर्स प्रोवाइड करेगा।

### 14 मेडिकल कॉलेज अगले साल शुरू होंगे

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा- 14 सरकारी मेडिकल कॉलेज अगले साल से शुरू करना होगा। ये भी नहीं भूलना चाहिए कि दशकों तक यूपी में महज 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज में काम चलता था। यहां की फैकल्टी से मेरा यही कहना है कि अब उनको अपने डिपार्टमेंट से आगे बढ़कर भी सोचना चाहिए। ये कह सकते हैं कि यूपी फिलहाल इन 3 महत्वपूर्ण पहलुओं पर लगातार फोकस कर रहा है।

### स्थापना दिवस में इनको मिला सम्मान

7 लोगों को रिसर्च के लिए मेडल दिया गया...डॉ. अर्पिता सिंह, डॉ. दिनकर कुलश्रेष्ठ, डॉ. सौम्या शुक्ला, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. शिप्रा डोभाल, डॉ. रंजीत सिंह, शताक्षी संगल।
5 डॉक्टर को पेटेंट के लिए अवार्ड दिया गया...डॉ. सौम्या शंकर नाथ, डॉ. मोहम्मद कैफ, डॉ. स्वागत महापात्रा, डॉ. नेहा ठाकुर डॉ. ज्योत्स्ना अग्रवाल।

### इन फैकल्टी को बेहतरीन काम के लिए मिला सम्मान

- प्रो.अतुल जैन: हेड फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट, ह्व्क्का। एक्रेडिशन दिलाने में अहम भूमिका।
- प्रो. प्रद्युम्न सिंह: नया एग्जामिनेशन सेल बनाने में अहम भूमिका।
- डॉ. सुजीत राय: एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट।
- डॉ. स्मिता चौहान: फैकल्टी इंचार्ज, क्वालिटी कंट्रोल।

### अच्छी प्रैक्टिस करिए, रिसर्च को मत भूलिए

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और महानिदेशक भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सचिव राजीव कुमार बहल ने कहा- मेरा ये कहना है कि संस्थान से 50 यंग प्रोफेशनल को पीएचडी भी करना चाहिए। आईसीएमआर से रजिस्टर करने के बाद पीएचडी करने के बाद 30 लाख का ग्रांट मिलेगा। यदि 10 से 20न्न के करीब क्लीनिकल फैकल्टी ने भी पीएचडी करना शुरू कर दिया तो ये बड़ा बदलाव आएगा। आप अच्छी प्रैक्टिस करिए पर रिसर्च को मत भूलिए। भारत को विकसित बनाने के लिए और पीएम के जय अनुसंधान को साकार रूप देने के लिए रिसर्च बहुत जरूरी है। इसलिए रिसर्च पर फोकस जरूर करिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद बहल रहे।

## यूपी विधानसभा: प्रदेश में शराब बंदी नहीं करेगी सरकार, लखनऊ की चर्चित समिट बिल्डिंग का मुद्दा सदन में गूंजा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में शराबबंदी नहीं की जाएगी। शराबबंदी करने से प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी बढ़ेगी और राजस्व कम मिलने से विकास योजनाएं प्रभावित होंगी। विधानसभा में सपा विधायक स्वामी ओमवेश और अभय सिंह ने शराबबंदी का मुद्दा उठाया। स्वामी ओमवेश ने कहा कि प्रदेश में शराब बिक्री के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया जाना चाहिए। ताकि युवाओं को शराब नहीं मिले। आबकारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिनियम के अनुसार आधार कार्ड केवल उन्हीं सेवाओं में अनिवार्य किया जा सकता है जिसमें सरकार सब्सिडी या सुविधाएं देती है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि 21 वर्ष से कम आयु के युवाओं को शराब नहीं बेची जाए। सपा विधायक अभय सिंह ने लखनऊ की समिट बिल्डिंग में संचालित बार में नाबालिग युवक युवतियों को शराब पिलाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राजधानी में आबकारी विभाग की अनदेखी के कारण मर्यादा शर्मशार हो रही है। उन्होंने विधायकों की एक कमेटी बनाकर समिट बिल्डिंग का निरीक्षण कराने का मुद्दा भी उठाया। आबकारी मंत्री ने कहा कि शराब की बिक्री से मिलने वाले राजस्व का उपयोग सरकार विकास योजनाओं पर करती है। शराबबंदी करने से उपभोक्ताओं को निर्धारिक मानक के अनुरूप मदिरा उपलब्ध नहीं हो सकेगी। इससे शराब की तस्करी बढ़ेगी। आबकारी मंत्री ने आरोप लगाया कि सपा सरकार के समय शराब माफिया नीतियां बनाते थे और सरकार चलाते थे। लेकिन योगी सरकार 2.0 में अवैध शराब से एक भी मौत नहीं हुई है।

### बाबा के नाम से डेंगू भी भाग गया

अध्यक्ष जी..मेरे एक दिन डेंगू का बुखार आ गया था..मेरे प्यारे मुख्यमंत्री जिनसे मेरा स्टाफ का मामला है, उन्हें जब पता चला तो उन्होंने सुबह आठ बजे मुझे टेलीफोन करके मेरा हाल चाल पूछा और कहा कि इतने विशालकाय शरीर में एक मच्छर ने असर दिखा दिया। मुख्यमंत्री के पूछने का इतना असर हुआ कि डेंगू छु मंतर हो गया। डेंगू ने सोचा भागो ऐसा न हो कि बाबा का बुलडोजर मुझे भी रौंद दें। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने बृहस्पतिवार को सदन में जब यह बात कही तो पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। स्वामी ओमवेश ने अपने चिरपरिचित अंदाज में मुक्त कंठ से सीएम योगी, लोक निर्माण मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की प्रशंसा की तो सदन में सालों के बाद इतने ठहाके गूंजे।

### ...तो साबित हो गया कि मंत्री जी झूठ नहीं बोलते

स्वामी ओमवेश ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सदन में किए वादे के मुताबिक चांदपुर से मानपुर अहरौला सड़क स्वीकृत करने से साबित हो गया है कि वह झूठ नहीं बोलते।

### मेरे नहीं मंत्री जी के बटर लगाओ

स्वामी ओमवेश ने विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना महान ही नहीं दयालु भी हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती की तस्वीर लगाने का आश्वासन भी दिया है इसलिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा करता हूं। इस पर महाना ने कहा कि आप मुझे बटर मत लगाइये, मंत्री जी के बटर लगाइये ताकि आपका काम हो और आपके प्रश्नों का अच्छा जवाब आए।

### गेहूं और धान की एमएसपी बढ़ाए सरकार

समाजवादी पार्टी ने विधानसभा में गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की है। गेहूं का समर्थन मूल्य 3500 और धान का समर्थन मूल्य 2800 रुपये करने की मांग उठाई। इस पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने सदन का बहिर्गमन किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई गई ग्राम चौपाल, कई अधिकारी रहे मौजूद



जन एक्सप्रेस/पीयूष द्विवेदी/बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के विकास खंड बख्शी का तालाब की ग्राम पंचायत सराय दामू में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। बता दें कि ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी पूजा पांडेय, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, सेक्टर प्रभारी, सचिव ग्राम पंचायत, मास्टर सहायक, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, तथा ग्राम पंचायत के सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ-साथ अन्य ग्रामवासी मौजूद रहें। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के अर्न्तगत सम्बन्धित विभागों के स्टाल लगाकर उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। वहीं साथ ही उपस्थित समुदाय द्वारा विकसित भारत संकल्प भारत का संकल्प लिया गया।

### लोकतंत्र में विधायिका की बड़ी होती है भूमिका: महाना

**छात्र छात्राओं ने देखी विधानसभा की कार्यवाही, अध्यक्ष ने दी जानकारी**

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सुल्तानपुर जिले के छात्र छात्राओं के एक दल ने विधानसभा की कार्यवाही देखी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही तथा इसके संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री महाना ने कहा कि विधानसभा केवल एक भवन नही है बल्कि यहां से जनहित के लिए कार्यों की रूपरेखा तय होती है।नवयुग इंटर कॉलेज दोस्तपुर सुल्तानपुर के 40 छात्र छात्राओं के दल ने विधानसभा की कार्यवाही को देखने के विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने कई सवाल किए। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें बताया कि विधानसभा का संचालन कैसे होता है। कार्यवाही के दौरान विधानसभा के नियमो के तहत ही कोई सदस्य सदन में बोल सकते हैं। एक छात्रा के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यहां पर उठाए गए मामले संबंधित विभाग को भेजे जाते है। संबंधित समितियां मामलों, समस्याओं को क्रियान्वित कराने का काम करती हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतंत्र में विधायिका की बड़ी भूमिका होती है। जनता का विधायक से सीधा संपर्क रहता है। इसलिए जनता उन्हें चुनकर भेजती है।

### शराब की दुकानों पर चले तो स्वामी ओमवेश योगी के बुलडोजर का ड्राइवर बनने को तैयार

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज बिजनौर की चांदपुर सीट से सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने शराब बंदी की मांग करते हुए कहा कि वह योगी के बुलडोजर का ड्राइवर बनने को तैयार हैं। बस सरकार अपने बुलडोजर शराब की दुकानों पर चला दे। इसपर सदन सत्ता पक्ष के विधायक मुस्कुराने लगे। स्वामी ओमवेश ने सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, महाना जी आप महान हैं। महाना बोले कि मुझे मक्खन लगाने से फायदा नहीं है। स्वामी ओमवेश ने कहा कि कुछ दिन पहले मुझे डेंगू बुखार हुआ था। मेरे पास सीएम योगी आदित्यनाथ ने हालचाल जानने के लिए फोन किया। उन्होंने कहा कि आपके इतने विशालकाय शरीर में मच्छर का असर कैसे हो गया। अगले दिन ही मेरा बुखार उतर गया। स्वामी ओमवेश ने सरकार से कहा कि शराब खरीदने से पहले आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य किया जाए। इस पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि इसमें आधार अनिवार्य नहीं हो सकता।

### गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु आवेदन की तिथि 15 दिसम्बर तक

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अपर मुख्य सचिव एकीकरण अनुभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रत्येक जनपद से पुरस्कार के मापदण्डो को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक -एक प्रस्ताव, उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शासन को 15 नवम्बर तक उपलब्ध कराने के निर्देश समस्त मण्डलायुक्तोजिलाधिकारियों को दिए गए थे। इस पुरस्कार हेतु प्रस्ताव आवेदन उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्धारित अन्तिम तिथि को बढ़ाकर 15दिसम्बर कर दिया गया है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा रद्द करने की सूचना
निविदा सूचना सं. टीआरडी-14-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 दिनांक: 15.11.2023, कार्य का नाम "लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रेफलेक्टिव नंबर प्लेट की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य" को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है।
सं. टीआरडी-14-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 दिनांक: 15.11.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3766/2023

## कंपनी से 13 लाख का सामान लेकर चार डिलीवरी बॉय भागे, ग्राहकों का सामान भी किया गायब

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ऑनलाइन बुक सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी के चार डिलीवरी बॉय पर 13 लाख रुपये कीमत के सामान हड़पने का केस सरोजनीनगर थाने में दर्ज किया गया है। कंपनी के नोडल ऑफिसर रामसागर सिंह के मुताबिक कंपनी का व्यवसाय ई-कार्ट के माध्यम से संचालित होता है। कंपनी का दफ्तर सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टरनगर इलाके में है। कंपनी पूरे प्रदेश में ग्राहकों के ऑनलाइन खरीदे गए सामान की डिलीवरी करती है। उनका आरोप है कि डिलीवरी एजेंट मथुरा निवासी धीरज सिंह, फर्रूखाबाद निवासी कौशल कुमार पांडेय, बदायूं निवासी रामकृष्ण और फर्रूखाबाद निवासी गोविंद ने हब से 13 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिए। चोरी किए गए सामान में आईफोन, घड़ी और इयरपोड्स शामिल है। इसके अलावा आरोपियों ने ग्राहकों के वापस किए गए सामान को बदलकर उसकी जगह पत्थर और साबुन जैसी वस्तुएं रहकर कंपनी को वापस कर दी। शिकायत सामने आने पर छानबीन और जांच की गई तो आरोपियों की हरकत के बारे में पता चला। लाखों की हेराफेरी कर सभी आरोपी काम छोड़कर भाग निकले। बुधवार को रामसागर सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## मोबाइल पर बात करने पर मां ने डांटा, 11वीं की छात्रा बेटी ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बेटी को मोबाइल पर बात करते देख मां ने उसको डांटा और मोबाइल फोन छीन लिया। बस इस बात से आहत किशोरी ने फांसी लगा ली। सरोजनीनगर के वसुधा स्टेट की रहने वाली प्रकृति (16) एक निजी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी। पिता विकास चंद्र के मुताबिक बुधवार दोपहर प्रकृति के मोबाइल फोन पर लगातार कॉल आ रही थी। बेटी को मोबाइल फोन पर बातचीत करता देख पत्नी पूनम ने उसको डांटते हुए मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया। पूनम ने पिता से शिकायत करने की बात कही। मां की डांट से आहत किशोरी चुपचाप मकान के पिछले हिस्से में बने कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद प्रकृति के छोटे भाई-बहन उस कमरे में पहुंचे तो देखा कि बहन का शव फंदे के सहारे लटक रहा था।

## चलती बुलेट पर गन लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। चलती बुलेट पर तमंचा लहराते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो इकाना स्टेडियम के सामने शहीद पथ का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी के मुताबिक गोमतीनगर इलाके के छोटा भरवारा का अमित राय परिवहन विभाग में संविदा पर काम करता है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 के लिए जनप्रतिनिधि ने जनता को किया जागरूक

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 के तहत मिलने वाले रुपये की किस्तों में हुआ बदलाव
- पहले तीन किस्तों में मिलता था पैसा, अब दो किस्तों में ही खाते में जाएगा पूरा पैसा




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 के तहत विशेष पंजीकरण अभियान 30 नंबर से 1 दिसंबर 2023 तक चलेगा। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बख्शी का तालाब एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा के अधीक्षक डॉक्टर जेपी सिंह के द्वारा बताया गया कि यह योजना में कुछ बदलाव हुए हैं इस योजना के तहत तीन किस्तों में मिलने वाले 5000 रुपए को दो किस्तों में मिलेगा। पहले किस्त के रूप में 1000 दूसरी किस्त के रूप में 2000 और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर तीसरी किस्त के रूप में 2000 दिए जाते थे वहीं अब यह धनराशि दो किस्तों में मिलेगी प्रथम किस्त के रूप में 3000 रुपए कम से कम एक जांच होने पर तथा दूसरी किस्त 2000 बच्चों के जन्म का पंजीकरण होने बच्चों के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूर्ण होने पर मिलेगा। अधीक्षक ने बताया कि जिसके तहत पहली बार मां बनने वाली गर्भवती एवं दूसरी बार मां बनने पर केवल कन्या पैदा होने और पेंटा टीकाकरण पूर्ण होने पर फॉर्म भरा जाएगा। दूसरा बच्चा अगर करना है और वह एक अप्रैल 2022 के बाद पैदा हुई है तो उसका फॉर्म 31 दिसंबर 2003 तक भरा जा सकता है लाभार्थी को इस अभियान का लाभ उठाने और पंजीकरण की अपील भी की गई है। वहीं गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ इटौंजा जनप्रतिनिधि मनोज कुमार व बीकेटी सीएचसी पर जनप्रतिनिधि राजेश्वरी ने उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम में आने वाले सभी एनसी महिला डिलीवरी हो चुकी महिलाएं एवं जनमानस को योजना की समस्त जानकारी अधीक्षक डॉक्टर जेपी सिंह, डॉक्टर शाबान अली, बीपीएम पूनम शुक्ला, बीसीपीएम अजीत यादव, एच ईओ डीपी पांडे के द्वारा दी गई। वहीं इस अवसर डॉक्टर मधु, कुसुम, स्टाफ नर्स आरती, स्टाफ नर्स तथा अन्य सभी स्टाफ मौजूद रहें।

## विधानसभा सत्र के बाद मंत्रिमंडल विस्तार संभव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के बाद प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार की रूपरेखा तय होगी। मंत्री कौन बनेगा इन नामों पर कमोवेश सहमति बन चुकी है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से होनी है। इस मुलाकात में विस्तार की तिथि पर भी मुहर लग जाने की उम्मीद है।मंत्रिमंडल विस्तार में विलंब होने पर ओम प्रकाश राजभर का यह बयान आने कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों से फोन आ रहे हैं। इसे भाजपा नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने ओम प्रकाश राजभर को दिल्ली आने को कहा है।इस बाबत पूछे जाने पर ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि मंत्रिमंडल विस्तार पर भाजपा नेतृत्व की नीति स्पष्ट है।अमित शाह के साथ बैठक व मुलाकात के बाद विस्तार की तिथि घोषित हो जाएगी। बताया जा रहा है कि विस्तार में ओम प्रकाश राजभर का मंत्री बनना तय है। दारा सिंह चौहान और एक-दो और चेहरे मंत्रिमंडल का हिस्सा बन सकते हैं।पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह को गाजीपुर से चुनाव लड़ाने का मुद्दा उछालने के सवाल पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यह उनकी अपनी राय है।

## इटौंजा शिवपुरी संपर्क मार्ग जर्जर होने से राहगीर परेशान



- मार्ग पर सड़क की उखड़ी पड़ी गिट्टी व गड्ढे होने से राहगीर परेशान, आखिर कब बनेगी यह सड़क

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र में पड़ने वाले गावों के संपर्क सड़कों की हालत दयनीय है। प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह सड़क जर्जर हालत में पहुच चुकी है। इसका खामियाजा इन सड़कों से गुजरने वाले वाहन चालक व स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में उनके द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी सड़क की सुध नहीं ली जा रही है। उनका कहना है कि सड़क बुरी तरह टूटी होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इसको दोबारा बनवाने की माग की है। वहीं कहीं ना कहीं प्रशासन की अनदेखी के कारण लंबे समय से सड़क बदहाल हो चुकी है। सड़क के टूटने से बने गड्ढों व गिट्टी के कारण इस सड़क से गुजरना बेहद खतरनाक हो चुका है। अकसर दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोट खा रहे हैं।इटौंजा से रायपुर राजा गांव होते हुए शिवपुरी कठवारा संपर्क मार्ग सड़क बदहाल हो चुकी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटने से इस पर बने गड्ढे बेहद खतरनाक हो गए हैं। रात के समय अंधेरा होने के कारण वाहन चालकों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। गड्ढों के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल भी चोटिल हो चुकें हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस मामले में लोक निर्माण विभाग ओवर अभियंता राहुल सिंह ने बताया कि इस मार्ग का शासन द्वारा अभी तक बजट स्वीकृत नहीं हुआ, सड़क का प्रस्ताव भेजा जा चुका है जैसे ही शासन द्वारा स्वीकृत मिलती है तुरंत इस सड़क को बनाने का काम चालू हो जायेगा।

## रायपुर राजा रजबहा की सही से नहीं हुई सफाई किसान की फसलों में नहीं पहुंच रहा पानी

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** किसानों की मुसीबत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पहले अतिवृष्टि व बरसात से फसल बर्बादी हुई। अब नहरों में पानी नहीं आने से गेंहू व आलू की सिचाई व बोआई पर संकट है। किसान निजी संसाधन के जरिये अधिक धनराशि खर्च कर खेतों में गेहूं, आलू की सिचाई कर रहे हैं। छोटे व मध्यम किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसानों की सुविधा के लिए सरकार ने नहर व नलकूप की सिचाई का शुल्क माफ किया है, लेकिन किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। रायपुर राजा रजबहा नहर में सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है नहर में अभी भी घास व झाड़ियां लगी हुई है। नहर विभाग के बीकेटी के अधिकारी एवं ठेकेदारों की लापरवाही के चलते रायपुर राजा रजबहा की सही से सफाई नहीं हो रही है। सफाई के नाम पर जेसीबी सफाई खानापूर्ति का काम किया जा रहा हैं। वहीं किसान शिवराज निवासी तुर्की ने बताया कि जेसीबी लगाकर सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है किसान का कहना है कि घास अभी भी नहर में लगी हुई है ठेकेदार द्वारा खानापूर्ति कर सफाई की जा रही है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### मुलायम रखते थे वीपी सिंह से छत्तीस का आंकड़ा, मगर अखिलेश उनकी शान में कसीदे पढ़ रहे

**खैर, पहले बात उत्तर प्रदेश विधान सभा में समाजवादी पार्टी की रवैये की कि जाये तो बजट सत्र के दौरान अखिलेश ने मीडिया से रूबरू होते हुए साफ शब्दों में कहा कि जातीय जनगणना के बगैर सामाजिक न्याय नहीं हो सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यह बड़ा मुद्दा रहेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार नहीं चाहती कि हम जनता के सवाल उठाएं। यह सरकार विपक्ष का सामना नहीं करना चाहती है इसीलिए शीतकालीन सत्र कम दिनों का रखा गया ताकि सदन में चर्चा न हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के सवालों से बचना चाहती है।**

*समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की स्क्रिप्ट तैयार कर रही है। आज 28 नवंबर को बजट सत्र की शुरुआत होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके पीछे-पीछे उनके विधायक और पूरी पार्टी चुनावी मोड में नजर आये। अखिलेश ने जातीय जनगणना कराये जाने की मांग के सहारे अपने मंसूबे जाहिर कर दिये। सपा प्रमुख द्वारा आम चुनाव के लिए लिखी जा रही स्क्रिप्ट में जहां जातीय जनगणना के मुद्दे को राजनैतिक हवा दी जा रही है, वहीं अखिलेश यादव पूर्व प्रधानमंत्री और यूपी के मांडा के राजा स्वर्गीय वीपी सिंह को भी अपनी राजनीति का 'हथियार' बनाने में लगे हैं। जिसकी पृष्ठभूमि यूपी से कोसों दूर तमिलनाडु में लिखी जा रही है। जहां चेन्नै के एक कालेज में पूर्व पीएम की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हिन्दी के मुखर विरोधी तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पूर्व पीएम वीपी सिंह की शान में कसीदे पढ़ते नजर आये और कहा कि प्रतिमा के अनावरण से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में एक स्पष्ट संदेश गया है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में सत्तर के दशक से ही ओबीसी आरक्षण पर सियासत होती रही है। वीपी सिंह की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर अखिलेश यादव को भले लग रहा हो कि इससे पूरे देश में एक खास तरह का संदेश जायेगा, परंतु यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि आज अखिलेश जिन पूर्व पीएम वीपी सिंह की याद में कसीदे पढ़ रहे हैं, उनसे मुलायम सिंह यादव का छत्तीस का आंकड़ा था। नेताजी की नजरों में वीपी सिंह पिछड़ा समाज के खूनी दुश्मन थे। इसकी वजह भी थी, जिसकी बुनियाद अस्सी के दशक में उस समय पड़ी थी, जब वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इसी दौरान वीपी सिंह के एक भाई पूर्व न्यायाधीश को डकैतों ने बरगढ़ के जंगल में घेर कर मार दिया था। इसके बाद वीपी ने यूपी को दस्यु मुक्त करने के लिए बड़े स्तर पर 'दस्यु उन्मूलन अभियान' छेड़ दिया था। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दस्यु जनक सिंह, कांता सिंह जैसे डकैतों को मौत के घाट उतार दिया था। कई डकैतों को जेल जाना पड़ा था। इस अभियान के दौरान कई नामी बदमाशों को भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया था जिससे नेताजी मुलायम सिंह काफी नाराज थे। वह साफ कहते थे कि राजा मांडा दस्यु उन्मूलन अभियान के नाम पर पिछड़ों की हत्याएं करा रहे हैं। मुलायम सिंह यादव ने दस्यु उन्मूलन के नाम पर पिछड़े वर्ग के युवाओं को पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने को ऐसा मुद्दा बनाया कि कांग्रेस को बैकफुट पर आना पड़ा और अंततः वीपी सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा। वीपी सिंह यूपी की नौकरशाही और कांग्रेस की प्राणघातक आंतरिक गुटबाजी से अज्ञात थे। मुलायम सिंह ने इन्हें अपने औजार के रूप में इस्तेमाल किया था। वीपी सिंह और मुलायम के बीच कड़वाहट इतनी ज्यादा थी कि वीपी के कांग्रेस छोड़ने के बाद भी उनके मुलायम सिंह के साथ रिश्ते सामान्य नहीं हो पाए थे। जब अमिताभ बच्चन के त्यागपत्र से रिक्त हुई इलाहाबाद लोकसभा सीट से वीपी सिंह संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बने तो मुलायम सिंह के नाकारात्मक रुख का एहसास उन्हें निरंतर होता रहता था। इसके पीछे मुलायम सिंह की बड़ी सियासी महत्वाकांक्षा भी काम कर रही थी, मुलायम को लगता था कि मुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें (मुलायम सिंह) वीपी सिंह खेमे के अधिकांश विधायकों का समर्थन मिला हुआ है। फिर भी वह सीएम नहीं बन पा रहे हैं। इसी तरह से अयोध्या-राम जन्म भूमि विवाद को सुलझाने के लिए वीपी सिंह द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी मुलायम सिंह संदेह की दृष्टि से देखते थे। उन्हें हमेशा लगता रहता था कि पर्दे के पीछे वीपी सिंह उन्हें अपदस्थ करने के प्रयासों में लगे हैं।*

**एक्सप्रेस आलेख**

**एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरुखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।**

# एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के हों गंभीर प्रयास



योगेश कुमार गोयल

**वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रकाशित कराने तक ही सीमित है।**

'एड्स' न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए आज भी एक भयावह शब्द है, जिसे सुनते ही भय के मारे पसीना छूटने लगता है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2022 के अंत तक 3.9 करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'लैट कम्युनिटी लीड' विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात् जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है। डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में करीब 42 फीसदी की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।



**तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।**

**एक्सप्रेस कविता**

*बड़ी शिद्दत से निभाई है तुमने अदावत,*
*दुश्मनी का ये अंदाज हमें पसन्द आया।।*
*मासूम हो,रंजिश करने की नहीं उमर,*
*गुस्सा होता चेहरा लाल हमें पसंद आया।*
*रकीब की तरह तिरछी नजरो से न देखो,*
*आँखों का कातिलाना कहर हमें पसंद आया।*

*आते तो हर हंसी शाम सुलह के लिए,*
*बीच बीच में हो जाना नाराज हमें पसंद आया।*
*तेरी दुश्मनी का अंदाज भी फकत हसीन है,*
*रूबरू न आकर,ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।*
*खुदा ने सारी नफासत बक्शी है सिर्फ तुम्हे,*
*कभी बिजली सा कड़क जाना हमे पसंद आया।*
*लौट कर न आएंगे कभी कहकर जाना,*
*अगली साँझ तेरा सामने नजर।*

*संजीव ठाकुर*

**एक्सप्रेस ज्ञान**

*चाहे आप में कितनी भी योग्यता क्यों न हो, केवल एकाग्रचित होकर ही आप महान कार्य कर सकते हैं।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 15:35 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 16:40 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुक्ला, 19:57 |
| सूर्योदयः | 07:00 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 10:52-12:09 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

**करने को कमाल !**

*बैठकों का दौर है ।*
*करने को कमाल ।।*
*बढ़ गई है हलचल ।*
*पैदा भी सवाल ।।*
*प्रतियोगिता चल रही ।*
*ना निकला है नाम ।।*
*बन रही ना सहमति ।*
*किसका अच्छा काम ।।*
*पल पल है बयान पर ।*
*हम ही हैं स्वीकार ।।*
*जाएगी सरकार ये ।*
*चल रहा विचार ।।*
*पर भविष्य के गर्भ में है ।*
*किसका पलड़ा भारी ।।*
*लेकिन खूब ठाट से ।*
*चल रही तैयारी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# मेंटल हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए जरूर करें आउटडोर एक्टिविटीज, मिलेंगे कई फायदे



**आजकल** लोग अपने ऑफिस और घर के कामों से फ्री होने के बाद मोबाइल पर वक्त बिताना पसंद करते हैं। कई लोग घंटों तक मोबाइल पर सोशल मीडिया और यूट्यूब वीडियोज देखकर अपना समय बर्बाद कर देते हैं, जिसका बुरा असर सेहत पर भी पड़ता है। ज्यादा स्क्रीन टाइम से आपकी आंखें कमजोर हो सकती हैं और इसके साथ ही एक ही जगह पर बैठकर मोबाइल यूज करने से आपका मोटापा भी बढ़ सकते हैं। वहीं अगर आप दिनभर में कुछ समय आउटडोर एक्टिविटीज करते हैं तो इसका अच्छा असर आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। मेंटल हेल्थ के लिए आउटडोर एक्टीविटीज के फायदे अनेक हैं,

**मूड बूस्ट होगा:** सर्दियों में आउटडोर एक्टिविटीज करने से शरीर में सेरोटोनिन और एंडोर्फिन रिलीज होगें, जो आपको खुश रहने और स्ट्रेस फ्री होने का एहसास दिलाएंगे। आउटडोर एक्टिविटीज करने से शरीर में तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन कम होता है, जिस वजह से आप हल्का और स्ट्रेस फ्री महसूस करेंगे।

**लोगों से जुड़ेंगे:** सर्दियों में लोग ठंड के कारण हर वक्त घर में रहना पसंद करते हैं, जिसका बुरा असर लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। हर वक्त घर में बंद रहने के कारण आप अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं, ऐसे में आप दोस्तों और परिवार के साथ आउटडोर एक्टिवीज में हिस्सा लें। इससे आपका मानसिक स्वास्थ बेहतर होगा और आपको नई-नई चीजें सीखने का मौका मिलेगा। घर के बाहर लोगों के साथ समय बिताने से आपका अकेलापन दूर होगा और नए दोस्त भी बनेंगे।

**विटामिन डी की कमी दूर होगी:** सर्दियों में आउटडोर एक्टिविटीज से आपका शरीर पर्याप्त मात्रा में धूप के संपर्क में रह सकता है, जिससे विटामिन डी की कमी दूर हो सकती है। शरीर में विटामिन डी की कमी का बुरा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, ऐसे में आप आउटडोर एक्टिविटीज में भाग जरूर लें इससे आप फिट और हेल्दी रहेंगे।

**आत्मविश्वास बढ़ेगा:** आउटडोर एक्टिविटीज करने के दौरान आप टीम में खेलते हैं तो ऐसे में आप टीम को कॉर्डिनेट करना सीखेंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। किसी भी खेल को खेलने में एक टीम जीतती है और एक हारती है, ऐसे में दोनों की टीमों के लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सर्दियों में गेम्स खेलने से आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा।

**डिप्रेशन कम होगा:** घर में बंद रहने और किसी से अपनी बातें न कह पाने के कारण आजकल लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जब आप आउटडोर एक्टिविटीज में बिजी रहेंगे तो आपके नए दोस्त भी बनेंगे और आप बिजी रहेंगे। इससे डिप्रेशन और स्ट्रेस का लेवल कम हो सकता है। आउटडोर एक्टिविटीज नेचुरल एंटी-डिप्रेसेंट का काम करती हैं, इससे शरीर में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है, जिससे कोर्टिसोल कम होता है।

**एक्सप्रेस विशेष**

# जीवन प्रकृति के साथ चलने पर ही संभव



गिरीश्वर मिश्र

**पर्यावरण को लेकर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का सबसे दुखद पक्ष यह है कि मानवीय हस्तक्षेप से होने वाली हानियों का वितरण सभी देशों के बीच एक सा नहीं है। आज यह सर्वविदित है कि उच्च तकनीकी के साथ विकसित देश प्रकृति के दोहन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।**

**भारत वर्ष ने भी इसके लिए बड़ा प्रयास किया है। परंतु कार्रवाई के स्तर पर देखें तो अभी तक की अंतर राष्ट्रीय प्रगति बेहद असंतोषजनक है। यह भी उल्लेखनीय है कि डेढ़ डिग्री तक वैश्विक तापमान बनाए रखने में विफल होने की स्थिति में अनुमान किया जा रहा है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।**

**वैश्विक** स्तर पर सबको प्रभावित करने वाली मानवजनित चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन की खास भूमिका है। इसका स्वरूप दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है। इसे लेकर चिंतन भी होता आ रहा है और गाहे-ब-गाहे विभिन्न स्तरों पर चिंता भी जाहिर की जाती रही है। इस क्रम में ताजा विचार-विमर्श यूएई के विख्यात दुबई महानगर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज यानी काप का 28 वां सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस श्रृंखला की यह एक खास कड़ी होगी जिसमें यह जरूरी होगा की इस व्यापक संदर्भ में उठाने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में फलदायी निर्णय लिए जा सकें। अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज़्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है। इन सबसे जीवनदायी गतिविधि में व्यापक असंतुलन परिलक्षित हो रहा है। सतही तौर पर प्रकृति और मनुष्य अलग दिखते हैं। प्रकृति की प्रत्यक्ष होती समृद्धि और सुषमा उसे स्पष्ट रूप से एक संसाधन घोषित करती है और आंशिक रूप से यह सही भी है। पर यह आंशिक सत्य प्रायः पूर्ण मान लिया जाता है और प्रकृति के जल्दी से जल्दी (यथासंभव) अधिकाधिक दोहन का काम शुरू हो जाता है। ऐसा करते हुए मनुष्य की विभिन्न उपलब्धियां उसका भ्रम बनाए रखती हैं। भ्रम तब टूटता है जब प्रगति सरीखी इस दिग्विजय में मनुष्य को ठोकर लगती है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य हस्तक्षेप से बाज नहीं आता। वह यह भूल जाता है कि प्रकृति का कोई विकल्प नहीं है। उसे नष्ट कर होनी वाली क्षति अपूरणीय क्षति होती है। पिछले वर्षों में यूरोप और अमेरिका के अनेक भू-क्षेत्रों में बाढ़, लू, वनाग्नि, सूखा और प्रचंड तूफान जैसी जलवायु की चरम स्थितियों का बार-बार सामना करना पड़ा है। भारत के हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड और दिल्ली में जिस तरह बाढ़ का प्रकोप अनुभव किया गया वह विस्मित करने वाला था। दक्षिण भारत के कई शहरों में बाढ़ का प्रकोप हुआ था। वस्तुतः भारत समेत विश्व के अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों में लगातार अनुभव हो रही प्राकृतिक विभीषिकाएं देखते हुए जलवायु वैज्ञानिक दुनिया को संभावित खतरों से आगाह करने के लिए अनेक वर्षों से सतर्कता बरतने का आग्रह करते आ रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के द्वारा जुटाए तथ्यों और तर्कों का नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के स्तर पर काफी असर होना चाहिए था। पर हुआ यह कि अनेक देशों के राजनयिकों द्वारा इनके लिए प्रतिबद्धता दर्शाने की रस्म अदायगी बढ़ गई है। इससे जुड़े बैठकों, आयोजनों और विमर्शों के प्रकाशन भी समय-समय पर होते रहे हैं। इस सिलसिले में टिकाऊ (ससटेनेबल) विकास की अवधारणा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति एक सराहनीय कदम था। ऐसे सोलह टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का खूब प्रचार-प्रसार हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकाशित हुई अनेक रपटों, पारस्परिक सहमतियों और वैश्विक उद्घोषणाओं से राजनेताओं की कुछ-कुछ गंभीरता तो जरूर प्रकट हुई है परंतु उसे कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा निहित स्वार्थ के कारण कंटकाकीर्ण रही है। फलतः प्रकृति के साथ सहजीवन की दिशा में हमारे प्रयास नाकाफी रहे हैं जब कि उसके अंधाधुंध दोहन का प्रयास खूब बढ़ा है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश के साथ जैव विविधता आज जिस तरह तेजी से घट रही है उसे किसी भी तरह अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। पेयजल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं। दरअसल जलवायु और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सरकारी खेमों में आरंभिक उत्साह और मीडिया में जोरदार उपस्थिति के साथ फौरी फायदे अधिक महत्व के हो जाते हैं। उसमें ही बढ़त पाने की जुगत लगाई जाती है। उसके आगे मानवता को होने वाले बड़े और दीर्घकालिक नुकसानों को अकसर भुला दिया जाता है। आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से रसूख वाले तथाकथित विकसित देश जलवायु से जुड़ी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों में शामिल होने को छोड़ अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते। वे पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को खुद के लिए स्वीकार नहीं करते और उनको लागू करने में तरह-तरह की छूट लेते रहते हैं। उदाहरण के लिए ग्रीन गैस के उत्सर्जन को लेकर आज के मौजूदा हालात में यह विडम्बना खास तौर पर झलक रही है। अब जो स्थिति बन रही है वह यह है कि पृथ्वीतल पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। इस पर गौर किया जाना चाहिए।

# लेखपाल सुधीर वर्मा ने अपने क्षेत्र को छोड़ दूसरे लेखपाल के क्षेत्र की भी लगाई रिपोर्ट

**तहसील प्रशासन के संरक्षण का लेखपाल उठा रहे लाभ कर रहे मनमानी**

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** अपने पद का दुरपयोग कर अपनी नौकरी की परवाह न कर एक महिला के जीवन के साथ खिलवाड़ करने के लिए एक लेखपाल कितना गिर सकता है यही लेखपाल सुधीर वर्मा की खासियत है और यही पहचान है,बताते चलें ग्राम पंचायत महेवा के लेखपाल सुधीर वर्मा ने एक महिला प्रधान के पति की पैतृक संपत्ति की ग़लत जानकारी दी महिला प्रधान ने बताया महिला के चुनावी विरोधियों से मिलकर दे दी जिसमें बकायदा पूर्व प्रधान की लिखी गई पटकथा पर लेखपाल ने मोहर लगाई जबकि नियमानुसार कूर्क के दौरान लेखपाल से जो रिपोर्ट मांगी जाती है उस रिपोर्ट के आधार पर अपराधी की अपराध से अर्जित की गई सम्पत्ति तथा उक्त अपराधी के नाम जो सम्पत्ति हो उसकी रिपोर्ट देनी होती है। लेकिन तहसीलदार की मौजूदगी में जो सम्पत्ति कूर्क की गई वह पैतृक संपत्ति थी चलो लेखपाल की ग़लत रिपोर्ट का खामियाजा महिला को भुगतना पड़ा लेखपाल का पूरे मामले को पर्शनल में लेना और इतना पर्शनल ले लेना की अपराधी की पैतृक भूमि जो लेखपाल के क्षेत्र में नहीं दूसरी ग्राम पंचायत में जाकर कृषि की भूमि पर वहां के लेखपाल से न कोई वास्ता न कोई सरोकार रिपोर्ट लगा दी जिसके पूर्ण साक्ष्य है।तहसीलदार की भी भूमिका संदिग्ध है।वह तहसील के मुखिया हैं उनकी मौजूदगी थी दोनों रिपोर्ट ग़लत लगाईं गई और सुधीर वर्मा ने दूसरी ग्राम पंचायत सफीपुर की भूमि की रिपोर्ट दी जिसके पीछे राजनीतिक दबाव चुवानी विरोधियों को खुश करने के लिए खेल खेला गया एक महिला के साथ इतनी गंदी हरकत कर महिला को घर से बेघर कर दिया जो महिला उत्पीड़न है।लेकिन दौलत जो पूर्व प्रधान जो एक बड़ा भू माफिया भी है से बराबर मिल रही है वर्चस्व की इस लड़ाई में पूर्व प्रधान कहीं भी जा सकता जो 60 सालों से प्रधानी के नशे मे चूर था कुछ हो सीट बदले प्रधान वहीं था यह रिकॉर्ड ध्वस्त करना महिला को भारी पड़ा जिसका खामियाजा महिला को भुगतना पड़ा और भुगत रही है। क्योंकि चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड और भेद का प्रयोग करने वालें को शिकस्त मिलने का अंदाजा आप खुद लगा सकते हैं यही हो रहा है।जो जांच का विषय है।अगर जांच हुई तो बहुत बड़ा मामला सामने आएगा।

# बेलरायां चीनी मिल का 44 वें नवीन पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली



**यूनियन टिकैत के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा**

कार्यक्रम में हुआ फेरबदल मुख्यातिथि खीरी सांसद राज्य ग्रह मंत्री भारत सरकार,अजय मिश्र टेनी तथा विशिष्ट अतिथि निघासन विधायक शशांक वर्मा को व पूर्व चीनी मिल संघ उपाध्यक्ष साधना श्याम जी पांडे बनाया गया था लेकिन तीनों की उपस्थिति न होने के कारण मुख्य गन्नाधिकारी वेद प्रकाश सिंह को मुख्य अतिथि बनाया गया जो लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। बॉक्स,,डोंगा पूजन व नवीन पेराई सत्र के सुभारम्भ पर गन्ने का इंडेंट जारी न करने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह पल्ला ने कहा कि मिल के जीएम विवेक कुमार यादव ने दो दिसम्बर को मिल सुचारू रूप से चलाने का आश्वासन दिया है न चलने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**निघासन खीरी।** चीनी मिल बेलरायां के 44 वें पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ शुरू किया गया।इस अवसर पर मिल के प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव व अतिथि उपजिलाधिकारी निघासन अश्वनी कुमार,जिला गन्नाधिकारी वेद प्रकाश सिंह पूर्व उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह बब्लू आदि ने डोंगे में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र 2023-24 की शुरुआत की जिससे गन्ना किसानों व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र की लाइफ-लाइन कही जाने वाली सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के नवीन पेराई सत्र के उद्घाटन में अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से मिल अधिकारियों द्वारा किया गया,उसके बाद पूजा स्थल पर मौजूद पंडित सोने लाल पटेल व अतिथियों सहित उपस्थित किसानों व मिल संचालकों से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन कराया पूजन कार्यक्रम के उपरान्त अतिथियों ने बैलगाड़ी काँटे का फीता काटकर नवीन पेराई सत्र के लिए किसान वेदप्रकाश वर्मा मोतीपुर की गन्ने से भरी बैलगाड़ी के बैलों को फल व मीठा खिलाया साथ ही किसान वेदप्रकाश को अंगवस्त्र व नगद राशि देकर सम्मानित करते हुए बैलगाड़ी की तौल कराई इसी प्रकार ट्रैक्टर काँटे पर पहुँचकर अतिथियों ने ट्रैक्टर चालक को हरिशकर वर्मा को भी अंगवस्त्र व नगद राशि भेंट स्वरुप प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात मिल के पीसीएस जीएम विवेक कुमार यादव व निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार ,पूर्व उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह,मुख्य गन्नाधिकारी संजय सिंह,सीडीआई मनोज पांडे,मुख्य लेखाकार रवि कुमार,भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह पल्ला,मिल के पूर्व संचालक वीरेन्द्र कुमार वर्मा,अशोक कुमार वर्मा,दामोदर वर्मा,जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी वर्मा,रविन्द्र वर्मा ने नारियल तोड़ डोंगे में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र की शुरुआत कराई पेराई सत्र के शुभारंभ पर मिल के प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव ने अतिथियों का आभार जताया उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व मिल उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह कारखाना प्रबन्धक पांचूराम,मुख्य रसायन राजेश त्रिपाठी,मुख्य गन्ना अधिकारी सजंय सिंह,जेई लुक़मान खां, सहित कोतवाली तिकुनियां प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह व बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेख कुमार यादव पुलिस बल के साथ ही सैकड़ो की संख्या में कृषक व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# सामयिक लिपिक राजकुमार मौर्या का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ



जन एक्सप्रेस। सम्पूर्णानगर खीरी

किसान सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर खीरी में सामयिक लिपिक पद पर तैनात गोविंदनगर निवासी राजकुमार मौर्या का ईमानदारी पूर्वक 35वां वर्ष सेवा समाप्ति कार्यकाल पूर्ण होने पर मिल परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई समारोह का अयोजन किया गया। विदाई समारोह में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी बृज मौर्या, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी कांग्रेस एवं नगर अध्यक्ष राजन यादव, मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह, चीनी मिल के सहकर्मी विजय तिवारी, मन्नान अंसारी, वेदव्यास मणि, रंधावा , मनोज मिश्र, सतिशमणि तिवारी, सत्यप्रकाश दिवेदी, राजन शर्मा, संजय मौर्या, सुनील सिंह, कमलजीत सिंह, रामेश्वर सिंह,मुकेश सिंह,बाबू लाल मौर्या,अधिकारीगण व अन्य क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद।

# रामलीला मंचन में कुंभकरण वध की लीला का मंचन हुआ





जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

क़स्बे में चल रहे ऐतिहासिक मेले में, रामलीला मंचन में बुधवार को कुंभकरण वध की लीला का मंचन हुआ। कुम्भकरण वध के मंचन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष मो. कयूम उपस्थित रहे।नगर पंचायत सिंगाही के मेला मैदान पर चल रहे रामलीला में बलशाली कुम्भकरण छः महीने सोने के उपरांत एक दिन के लिए जगता था। रावण ने कुम्भकरण को युद्ध मे भेजने के योजना बनाई। उस समय कुम्भकरण छः माह की गहरी नींद में सोया हुआ था जिसे जगाने के लिए उसके कान पर ढोल नगाड़े बजाए गए। हाथी की चिंघाड़ सुनाई गई लेकिन कुंभकरण की नींद नहीं खुली। फिर वहां पर कुंभकरण का पसंदीदा भोजन रखवाया गया जिसकी खुशबू से कुंभकरण की नींद टूट गई और वह अपने बड़े भ्राता रावण से मिलने गया। जहां रावण ने पुत्र अक्षय की मृत्यु, सूर्पनखां की नाक कान काटे जाने के बारे में बताया पहले तो कुंभकरण ने रावण को माता सीता को वापस भेज कर संधि करने की बात कही। यह सुनकर रावण क्रोधित हो उठा और कुंभकरण को युद्ध करने का आदेश दे दिया युद्ध में कुंभकरण श्री राम के हाथों से मारा गया। मेला महामंत्री ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व नगर पंचायत अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मेले में कुम्भकरण का दहन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध अमन दीप द्वारा किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटल कल्चर और मोबाइल के समय में भी पर्वतीय समाज ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखा है।इस दौरान मेला महामंत्री परवीन शाह बंटी, नृप राज शाह , अनुराग शुक्ला सहित अधिकांश मेला प्रेमी गण मौजूद रहे।

## भिढौरा जंगल से काटी गई लकड़ी को वन विभाग ने किया बरामद

जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। लुधौरी वन रेंज के भिढौरा जंगल से काटी गई लकड़ी को वन विभाग ने बरामद कर लिया है। वन विभाग ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए तीन लोगों का चालान भेजा है। रेंजर आरिफ जमाल ने बताया कि भिढ़ौरा जंगल से 22 नवंबर को तीन पेड़ काट लिया, जिसकी कीमत 25 हजार रूपये थी। जंगल की लकड़ी कटने के बाद रेंजर ने छानबीन की। इस दौरान वन विभाग ने प्रताप, राजेश निवासी मनमदपुर, लुकमान तिनघरवा को दबोच लिया। उसके बाद कटी हुई लकड़ी सिंगाही के अधर शाह के खेत से 11 बोटा और उनके खेत में बने नाले से नौ बोटा लकड़ी बरामद किया है। वन विभाग ने सिंगाही के इकबाल, आशीष,पंकज मिश्रा,नैना,विष्णू आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# रामलीला मेले में सांस्कृतिक मंच पर 11वां दिन संगीत की धुनों से भरा रहा



जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

रामलीला मेले में सांस्कृतिक मंच पर 11वां दिन संगीत की धुनों से भरा रहा। हिमालय म्यूजिक ग्रुप लखनऊ के कलाकारों ने अपने सुरों का जादू बिखेरा तो सामने बैठे श्रोता झूम उठे। सारी रात कलाकार संगीत की धुनों में जैसे बंध से गए थे। सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम की शुरुआत मेला महामंत्री प्रवीण शाह ने दीप जलाकर की। इसके बाद विनोद श्रीवास्तव ने भोले ओ भोले भजन गाकर प्रोग्राम की शुरुआत की नेहा ने दिलकश आवाज में 16 बरस की बाली उमर को सलाम और जीता था जिसके लिए जिसके लिए मरता था इक ऐसी लडकी थी, जिसे मैं प्यार करता था गीत प्रस्तुत किया तो श्रोता वाह वाह कर उठे। विनोद श्रीवास्तव ने बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है और खई के पान बनारस वाला जैसे खूबसूरत गीत गाए तो पूरा माहौल रंगीनियों में डूब गया। विनोद राना (थापा)ने मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर, माही वे जैसे गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। सबसे ज्यादा चर्चित रहा गीत मुझे नौलखा मंगा दे ओ सइयां दीवाने रहा जिसकी लोगों ने काफी तारीफ की। ग्रुप के कलाकारों ने रात भर श्रोताओं का जमकर मनोरंजन किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली या अन्य शिकायत मिलने पर होगी कठोर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/बहराइच। शासन के मंशानुसार जनपद के गन्ना किसानों का गन्ना क्रय सुनिश्चित कराये जाने तथा जनपद की विभिन्न चीनी मिलों द्वारा संचालित क्रय केन्द्रों पर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने पारले चीनी मिल के गन्ना क्रय केन्द्र, खैरा बाजार प्रथम व छाया कुंआ मरौचा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्रों पर शासन की मंशानुसार व्यवस्थाएं पायी गयी। क्रय केन्द्र पर मौजूद गन्ना किसानों द्वारा बताया कि क्रय केन्द्र पर तौल व गन्ना उठान से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान डीसीओ ने गन्ना केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र पर आने वाले गन्ना किसानों को शासन के मंशानुसार हर सुविधाएं महैया करायी जायं ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या न आय। उन्होनें सचेत किया कि क्रय केन्द्रों पर घटतौली या अन्य किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवायी की जायेगी। गन्ना अधिकारी श्री शुक्ल ने यह भी बताया कि चीनी मिल चिलवरिया द्वारा पिछले पेराई सत्र जो 12 दिसम्बर 2022 तक चीनी मिल द्वारा किये गये गन्ना क्रय बकाया 04 करोड़ 74 लाख रूपये 30 नवम्बर 2023 को भुगतान कर दिया गया है।

### संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

जन एक्सप्रेस/मिहींपुरवा, बहराइच। मिहींपुरवा विकास खण्ड अंतर्गत जन सामान्य में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को मटेही, चौधरीगांव व लौकाही गांव पहुंची। इस दौरान गांव में चौपाल आयोजित किया गया। सीडीओ राम्या आर के निर्देशन मे खण्ड विकास अधिकारी अजीत सिंह ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, आवास स्वीकृति पत्र, शौचालय स्वीकृत पत्र वितरित किया। प्राथमिक विद्यालय मटेही व



लौकाही ग्राम पंचायत में लगी चौपाल में सभी विभागों का स्टाल लगाया गया। चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि देश विकास का नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है। पीएम स्वानिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय आजीविका योजना, अमृत योजना की जानकारी लोगों को देने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा, वैन के एलसीडी माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया गया । मौजूद लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुदृढ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे, नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत प्रताप सिंह, सीएचसी अधीक्षक डा.अनुराग वर्मा, सहायक विकास अधिकारी विकास अवस्थी, ग्राम विकास अधिकारी शाहनवाज आलम, ग्राम प्रधान कुसमा देवी, ग्राम प्रधान जमाल खान, संतोष विश्वकर्मा, योगेश वर्मा, विद्दी यादव, राजकीय कृषि प्रसार अधिकारी प्रभाकर वर्मा, खाद्यपुर्ति अधिकारी रंजीत, क्षेत्रीय ग्रामीण एवं लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

### खलिहान की भूमि पर गौशाला बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस/मिहींपुरवा, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम कुड़वा के ग्रामीणो ने जिलाधिकारी बहराइच को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में खलिहान की भूमि पड़ीं है। जिस पर किसान फसल कटने पर खलिहान लगाते हैं। फिर उसकी मड़ाई करते हैं। गांव में जब अस्थायी गौशाला बनाने का प्रस्ताव आया तो प्रधान व लेखपाल ने खलिहान की जमीन का प्रस्ताव कर दिया। ग्रामीणों ने खलिहान की जमीन पर गौशाला निर्माण का विरोध करना शुरू कर दिया है। किसानों को छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकार गौशाला वनवा रही हैं। तहसील के कुड़वा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा खलिहान की जमीन पर गौशाला निर्माण शुरू कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला का निर्माण कराया जाने से खलिहान का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।खलिहान में फसल रखने व गेंहू, धान की मड़ाई में परेशानी होगी। गांव के अरूण कुमार, बिहारी लाल, राजेश कुमार, अनूप कुमार, राम लखन, उमाशंकर, निरंकार आदि ने बताया कि गांव में वही खलिहान पड़ा हुआ है। पूरे गांव के लोग अपने खेतों की फसल खलिहान में लगाते हैं। अब यदि उस स्थान पर गौशाला का निर्माण हो जाता है तो गांव से खलिहान का स्थान समाप्त हो जाएगा। किसानों को फसल लगाने में परेशानी होगी।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए 102 माडल



जन एक्सप्रेस। बहराइच

**सीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रदर्शनी का शुभारंभ**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की परीक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने , तार्किक क्षमता कल्पनाशीलता तथा उन्हें वैज्ञानिक पद्धति के कार्यकलापों व वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को महाराज सिंह इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी की अनुमति के पश्चात किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आर. रम्या ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के पश्चात शुरू हुआ । कार्यक्रम में 102 विज्ञान मॉडलों का प्रस्तुतीकरण स्कूली बच्चों द्वारा किया गया , जिसका मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा बहुत ही बारीकी से किया गया । प्रस्तुत माडलों में से पावनी मिश्रा महात्मा बुद्ध इंटर कॉलेज की पावनी मिश्रा को प्रथम पुरस्कार रुपया 5000, जीआईसी बहराइच के आकाश कुमार को रुपया 3000, तथा तृतीय पुरस्कार गौरव श्रीवास्तव पायनियर पब्लिक स्कूल बहराइच को रुपया 2000 तथा दो बच्चों फरहत फातिमा तारा महिला इंटर कॉलेज तथा दानिया सईद मदनी इंटर कॉलेज को सांत्वना पुरस्कार रुपया 1000 प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त 10 सर्वश्रेष्ठ मॉडल को चयन करते हुए मंडल स्तर पर प्रतिभागिता के लिए चयनित किया गया । कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ.नंद कुमार शुक्ल द्वारा बताया गया कि जनपद स्तर से 15 सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का प्रदर्शन मंडल स्तर पर किया जाना है। मंडल स्तर की प्रतियोगिता दिसंबर के प्रथम सप्ताह में गोंडा में संपन्न की जाएगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज के प्रबंधक मेजर डॉक्टर एसपी सिंह तथा प्राचार्य प्रोफेसर डॉ विनय कुमार सक्सेना रहे। सभी मॉडलों का सीडीओ रम्या आर ने अवलोकन किया। उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के समापन सत्र में मेजर डॉ एसपी सिंह ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में विनोद कुमार त्रिपाठी प्रवक्ता पॉलिटेक्निक लोकेंद्र कौशल प्रवक्ता पॉलिटेक्निक डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग किसान पीजी तथा अखिलेश कुमार उपाध्याय असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग रहे।कार्यक्रम का निर्देशन जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव व सचिव जिला विज्ञान क्लब ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में महराज सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिवेंद्र प्रताप सिंह मदनी इंटर कॉलेज के अरशद रईस,विजय उपाध्याय, अनिल कुमार सिंह,चंद्रशेखर नागवंशी ,चंद्रेश पांडे, तनूजा श्रीवास्तव, दीपा द्विवेदी, नागेश कुमार मिश्रा तथा पंकज पांडे का योगदान रहा । कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न कुमार पांडे ने किया।

## नए मतदाताओं को सूची में शामिल करने की कवायद

**तहसील सदर द्वारा स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत होंगे विविध आयोजन**

जन एक्सप्रेस। बहराइच

अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 2 व 3 दिसम्बर 2023 को जनमानस में अधिक से अधिक जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से तहसील सदर बहराइच में समाविष्ट विधानसभा क्षेत्र 286-बहराइच में किसान पीजी कालेज व महिला महाविद्यालय में 18 से 19 वर्ष के युवा वर्ग की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत दोनो महाविद्यालयों में 10 स्वयंसेवकों को चिन्हित करते हुए अधिक से अधिक युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उप जिलाधिकारी सदर बहराइच प्रिंस वर्मा ने बताया कि इसके अलावा प्रचार वाहन प्रतिदिन नगर के विभिन्न मोहल्ले में भ्रमण कर अर्ह नागरिकों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने के लिए जागरूक कर रहा है। एसडीएम श्री वर्मा ने यह भी बताया कि इसी कड़ी में 01 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से पानी टंकी, डिगिहा, छावनी, पीपल चौराहा, तिकोनीबाग पुलिस चौकी, किसान पीजी कालेज होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक मोटर साइकिल जागरूकता रैली निकाली जायेगी।

# 127 एनसीसी कैडेट्स को दिया गया तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महराज सिंह इंटर कालेज में आयोजित हुआ इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन**

जन एक्सप्रेस। बहराइच




महाराज सिंह इण्टर कालेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन के तहत कार्यशाला आयोजित कर एनसीसी कैडेट्स को तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारियों समेत एनसीसी के लगभग 127 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में जागरूक भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने के लिए कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन एनसीडी के डॉ. परितोष तिवारी ने किया। उन्होंने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. तिवारी ने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से मुंह, गले, पेट तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं तथा टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ ही सास की बीमारियां एलर्जी की बीमारियां डायबिटीज ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि प्रकार की बीमारियां भी इससे हो जाती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है, जिसमें धारा चार के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्मोकिंग करना अपराध है। पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की उपलब्धियों व वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। तम्बाकू व धुम्रपान के सेवन से इंसान का फेफड़ा खराब हो जाता है, तथा नपुंसकता का खतरा बढ़ जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ0 परितोष तिवारी ने महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं मौजूद एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने व सार्वजनिक परिसर को तंबाकू मुक्त रखेंगे। इस मौके पर महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह, प्राचार्य देव शरण, आर एस पांडेय, प्राचार्य अरविंद कुमार, संतोष चंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश, भीखू राम, अजय कुमार सिंह, अमरेश कुमार, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो. हारून, फहीम अहमद, शरद श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक से डॉ. रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मनीष कुमार, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय, मुकेश हंस एवं अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार के विकास की हकीकत यां कर रहा है जर्जर पड़ा मुढ़ारी मार्ग

जन एक्सप्रेस। महोबा



कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी में दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक आधी से ज्यादा गांव के रास्तो में पाइप लाइन नहीं डाली गई और ना ही खुदाई की गई और जहाँ पर पाइप लाइन डल चुकी वहां पर बीते दो वर्षो से रास्ता ज्यो के त्यों क्षतिग्रस्त पड़े हुए गड्ढों में तब्दील हो गए है। जिससे आमजनमानस व वाहनों का निकलना दूभर हो गया है। काम को अधूरा छोड़कर ठेकेदार निष्क्रिय बने हुए है। गांव में अधूरा कार्य करके पूर्ण दिखाकर लाइन को हैंड ओवर कर दिया गया है। अतः जलनिगम व नमामि गंगे के ठेकेदार व अधिकारियो की साठगाठ के चलते जैतपुर फ़िल्टर से मुढारी को सप्लाई होने वाले पानी को ना तो कभी भी फ़िल्टर किया जाता और ना ही कभी ब्लीचिंग और फिटकरी आदि को डाला जाता बल्कि बगैर फ़िल्टर किये तालाब का पानी ग्रामवासियो के पीने के लिए टंकी में भरा जाता है। जिससे बर्तनो में कीचड़ व मिट्टी एवं कीड़ो का जमाव हो जाता है। क्योंकि मुढारी में बनी पानी की टंकी की कई साल पहले समयावधि खत्म हो चुकी और जल निगम के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आठ - आठ घंटे तक टंकी भर जाने के बावजूद भी पानी बहने से रास्ते जलमग्न रहते है। जिससे पानी की अत्यधिक बर्बादी हो रही है। इसी तरह पानी की बर्बादी होने से लोगों को गर्मियों में पानी के भीषण संकट का सामना करने को मजबूर होना पड़ता है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/जालौन** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा में महिला ने फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी दीपक की 34 वर्षीय पत्नी वैजयंती ने किन्हीं कारणों के चलते बुधवार की रात घर के कमरे में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। सुबह जब परिजन घर पहुंचे, तो उन्होंने उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो उनमें कोहराम मच गया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी पर लटक रहे महिला के शव को मौजूद लोगों की मदद से नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया कि महिला कई वर्षो से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है।

# रज्जन देवी हेमंत कुमारी महाविद्यालय में स्मार्ट फोन हुए वितरित

जन एक्सप्रेस। उरई




देश विश्व गुरु बनें इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। जहां एक ओर शासन की योजनाओं से समाज के हर तबके का उत्थान किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर देश को सुरक्षित हाथों में सौपनें के लिए उन हाथों को मजबूत किया जा रहा है। इसीक्रम में प्रदेश के मुखिया ने प्रदेश के छात्रों को स्मार्ट फोन देकर देश व दुनियां की जानकारी सहज ही मुहैया कराने का संकल्प लिया है। यह बात गुरुवार को गोहन के रज्जन देवी हेमंत कुमारी महाविद्यालय में स्मार्ट फोन बितरण कार्यक्रम में बोलते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कही। इस दौरान 195 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। इससे महाविद्यालय के छात्र स्मार्टफोन से अपनी पढ़ाई आसानी के कर सकेगें। वहीं महाविद्यालय के प्रबंधक आशीष मिश्रा चमारी ने कहा कि महाविद्यालय को अधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। साथ ही उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए, इसके भी इंतजाम किए जा रहे है। कहा कि समय-समय पर छात्रों से संवाद कर उनकी जरुरतों को जानकर उन सुविधाएं बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान महाविद्यालय के अध्यक्ष विनोद पांडेय, शिवाधार मिश्रा, प्रधान छिरिया सलेमपुर आशू तिवारी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# इल्ली के प्रकोप के रोकथाम हेतु फसल चक्र अपनाएं : गौरव यादव

जन एक्सप्रेस। उरई

**✻ क्षतिग्रस्त पत्तियों एवं फलियों को तोड़कर कीटों सहित नष्ट कर देना चाहिएं**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि दलहनी फसलों में इल्ली के प्रकोप के रोकथाम हेतु फसल चक्र अपनाएं, फसल को नवम्बर में कीट प्रकोप अपेक्षाकृत कम होता है। पत्ती सुरंगक कीट का प्रकोप सूखी भूमि पर अधिक होता है अतः आवश्यकता अनुसार समय पर पानी देना चाहिये। क्षतिग्रस्त पत्तियों एवं फलियो को तोड़कर कीटों सहित नष्ट कर देना चाहिये। ऐसा करने से सुरंगक तथा फली भेदक कीटों से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। फेरोमेन प्रपंच (ट्रैप) का प्रयोग 20 प्रपंच/हेक्टेयर लगाकर इल्ली के नर वयस्क को पकड़े जिससे मादायें बिना नर के अण्डे नही दे सकती है। जिस कारण कीट संख्या में अप्रत्याशित कमी की जा सकती है। ÷टी÷ आकार की खुटियाँ खेतो में अवश्य लगाये जिससे उन पर पर पक्षी आकर बैठे और विभित्र प्रकार की इल्लियों को अपना भोजन बना सके। जैविक रसायन एनपीवी 250 एलई/प्रति हेक्टयर 250-300 लीटर पानी में घोल कर छिडकाव करे अथवा नीम ऑयल 0.15 प्रतिशत ई.सी. 2.50-3.00 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करे।क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई.सी. 1 लीटर प्रति हेक्टेयर। इन्डेक्साकार्ब 14.5 प्रतिशत एस.सी. 0.5 लीटर प्रति हेक्टेयर। प्रोफेनोफास 50 प्रतिशत ईसी 1 लीटर/हेक्टेयर। 10. फेनवैलरेट 20 प्रतिशत् ईसी 01 लीटर/हेक्टयर। इमामेक्टिनबेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी 200-250 ग्राम प्रति हेक्टयर। उपरोक्त किसी भी एक कीटनाशक को 500-600 ली. पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें व 10-15 दिन के अन्तराल पर पुनः छिड़काव करें। मटर में बुकनी रोग नियंत्रण हेतु घुलनशील सल्फर 80 प्रतिशत 1 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से छिडकाव करे एवं चना में धब्बा रोग के नियंत्रण हेतु कापर आक्सी क्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लूपी 1 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करे। इस समय जव हवा न चल रही हो मौसम शान्त हो तो पाला पड़ने की सम्भावना रहती है ऐसी स्थिति में किसान भाई फसलों में सिचाई कर दे। जहाँ पानी की समस्या हो वहां किसान भाई मेडो पर धुआ करे।

किसान भाई कीट रोग की समस्या का समाधान पाने हेतु कृषि विभाग के टोल फ्री व्हाटसअप नम्बरों पर 9452247111 एंव 9452257111 पर अपनी समस्या भेज कर निःशुल्क समाधान प्राप्त कर सकते है।

### इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा में इंटर की छात्रा ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा निवासी संतोष कुमार की 17 वर्षीय पुत्री काजल इंटर की छात्रा थी। जिसने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की सुबह गले में फंदा डाला और फांसी पर लटक गई। फांसी पर लटक रही पुत्री को देखकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे फांसी के फंदे से उतारकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह इंटर तक पढ़ाई कर चुकी थी, और पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उसने किन कारणों में मौत को गले लगाया इसकी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# वाहन मार्ग दुर्घटनाओं को जन जागरूकता के बल पर ही रोक पाना सम्भव : एसपी

जन एक्सप्रेस। महोबा

**✻ पुलिस अधीक्षक ने किया यातायात माह नवम्बर 2023 का समापन**

यातायात माह के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता ने कहा कि मानव जीवन मे जान से कीमती कोई अन्य चीज नही है।

मार्ग दुर्घटनाओं मे जब किसी परिवार का इकलौता बेटा या परिवार का पालनहार दुनिया से रूखसत होता है तो उसके माता पिता और बच्चो पर क्या गुजरती होगी उसका आभास कर पाना असम्भव है। उन्होने कहा कि यातायात माह का तात्पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनो का चालान करना नही आमजन मानस को मोटर एक्ट के तहत नियमों का पालन कराना निहीत है। उन्होने कहा कि मार्ग दुर्घटनाओं मे हो रही मौते चिंता का विषय तो है कि साथ ही चिंतन करने की अत्यन्त आवश्यकता है। चिंतन से ही हम मार्ग दुर्घटनाओं पर काबू पा सकते है। मार्ग दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हमे सभी को मिलकर यातायात नियमों का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, एआरटीओं सुनील दत्त आदि अधिकारियो द्वारा बिंदुवार उपस्थित लोगो को मोटर एक्ट के नियमों से अवगत कराया। समापन समारोह मे राजकीय बालिका इण्टर कालेज तथा ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने गीत तथा मंचन के माध्यम से आमजन मानस को वाहन एक्ट के नियमों और दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जा सकता है। उसके टिप्स दिये। यातायात प्रभारी ने बताया कि माह नवम्बर मे चलाये गये यातायात अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों, चैराहो, सार्वजनिक स्थलों पर कैम्प लगाकर यातायात के नियमो से अवगत कराया गया। उन्होने बताया कि यातायात माह के तहत पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 33436 वाहनो की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान 9904 वाहनो के चालान किये गये। उक्त वाहनो से की गयी राजस्व वसूली 376700 वसूल किया गया तथा 1 वाहन को चेकिंग के दौरान सीज किया गया। उन्होने बताया कि बगैर हेलमेट के वाहन संचालन करते समय 3993 लोगो के चालान किये गये तथा इसी क्रम मे बगैर सीटबेल्ट के वाहन चलाते समय 427 लोग पकड़े गये। बाईको मे 3 व्यक्तियो को बैठा पाये जाने 641 बाइको के चालान किये। बगैर लाईसेंस के 2926, बगैर नम्बर प्लेट के 212, बगैर बीमा के 70, शराब पीकर वाहन चलाते समय 7, बगैर प्रदूषण लाईसेंस के 70, वाहन चलाते समय हूटर, सायरन का प्रयोग करते समय मे 73। गलत दिशा मे वाहन चलाते 177, निर्धारित गति से अधिक गति पर वाहन को भगाये जाने पर 13 लोगो के चालान किये है। यातायात माह नवंबर-2023 के क्रम में जनपद अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जाकर बडे स्तर पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक एवं संगोष्ठी आयोजित कर जनता के लोगों को जागरूक किया गया। निबंध चित्रकला क्विज व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कुल-639 ट्रक, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा,ऑटो रिक्शा चालको को प्रशिक्षण दिया गया। मेले, त्योहारों के अवसर पर एवं सार्वजनिक स्थानों, बाइक रैली, प्रचार वाहनों साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में चैपाल लगाकर जनता के लगभग 30,000 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# कांग्रेसियों ने अपर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर भाजपा द्वारा राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनावों में गैस सिलेंडर 450 रुपये में देने के उसी वादे को उत्तर प्रदेश में लागू करने की मांग को लेकर आज महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम सम्बोधित ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी सीमा पांडेय को दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि जिन राज्यों में बीजेपी की सरकारें हैं,उन राज्यों में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम अभी तक बढ़े हुए हैं।गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दामों की वजह से आम लोगों को खासकर महिलाओं को घर चलाने में काफी दिक्कतें हो रही है।जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है जिस प्रकार भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी राज्यों में 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है उसी प्रकार उत्तर प्रदेश की जनता को सस्ते दामों पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं।

### बहन की विदा के बाद सड़क दुर्घटना में भाई की मौत

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के जहटौली गांव में बहन की विदा के 1 घंटे बाद भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पूरा परिवार सदमे में है। बुधवार की बहन प्रिया की शादी थी। गुरुवार लगभग 2 बजे बहन की विदाई कराने के बाद घर पर रखा शादी का सामान भाई सोनू 19 वर्ष पुत्र राजाराम सिरसा कलार के दुकान पर वापस करने गया था। तभी बाइक से घर वापस जाते समय जहटौली बंबा पर किसी अज्ञात वाहन ने सोनू को टक्कर मार दी। जिससे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जब कुछ रिश्तेदार घर जा रहे थे। तभी सोनू को अचेत अवस्था मे देख सोनू के घर पर सूचना दी। हड़बड़ाहट में पहुंचे सोनू के पिता राजाराम और रिश्तेदारों के द्वारा सोनू को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर सोनू को डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया। सोनू के पिता राजाराम ने बताया कि सोनू दो भाई और एक बहन है और सोनू सबसे छोटा था। सोनू की मां सुषमा का रो रोकर बुरा हाल है।

# न्याय चला निर्धन के द्वार : जनपद न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस। देवरिया




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबें द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं।


## ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का अस्थाई निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के पटरंगा-रोजागांव-रुदौली (14.5 किमी.) खंड पर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 10.12.2023 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 04203/04204 अयोध्या कैंट – लखनऊ – अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 04.12.2023 से 10.12.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉ) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13307 धनबाद–फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 03 से 09.12.2023 तक |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 08.12.2023 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी जं. | 05.12.2023 |
| 13238 कोटा–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 03, 07 एवं 08.12.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 03, 05, 07 एवं 08.12.2023 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 04.12.2023 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 06.12.2023 |
| 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 14650 अमृतसर–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा | 04, 06 एवं 09.12.2023 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ | 05.12.2023 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं. | 07.12.2023 |
| 05615 उदयपुर सिटी–गुवाहाटी समर स्पेशल | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं. | 06.12.2023 |
| 19615 कवि गुरु एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ | 04.12.2023 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा | 08.12.2023 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3774/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### केशव चंद हुए प्रदेश उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त उपाध्यक्ष केशव चंद यादव और विश्वविजय सिंह के मनोयन पर कांग्रेस नेताओं ने खुशी जाहिर किया! उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य नागेंद्र शुक्ल ने कहा कि श्री केशव यादव और श्री विश्वविजय सिंह को उपाध्यक्ष बनने से पूर्वांचल में कांग्रेस मजबूत होगी और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूत प्रदर्शन करेगा! श्री शुल्क ने कहा कि प्रदेष संगठन में देवरिया और गोरखपुर को जगह देने के लिए शीर्ष नेताओं को बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हैं बधाई देने वाले में जवाहर लाल बरनवाल, विजय शंकर मिश्रा हीरानंद राय, गणेश वर्मा, जनार्दन कुशवाहा,अख्तर अंसारी अशीष शुक्ल, मृत्युंजय त्रिपाठी, राजकुमार यादव, प्रदीप यादव, आदि मौजूद रहे।

### कर्तव्यों के प्रति लापरवाही पर दिया सख्त दिशा निर्देश:- अपर जिला जज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , तथा सिविल जज (जे0 डी0 )द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह द्वारा पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह में अनियमिताओं व प्रपत्रों के अव्यवस्थाओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया उन्होने बच्चों के स्वास्थ सम्बन्धित समस्याओं तथा प्रपत्रो को व्यवस्थित रूप से करने के लिए कठोर निर्देश दिए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबें द्वारा उनको अपने कार्यो के प्रति उदासीनता व कर्तव्यों के प्रति लापरवाही पर सख्त दिशा निर्देश दिया गया।

# बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में यातायात माह का हुआ समापन व सम्मान समारोह

**✻ आज से ट्रैफिक लाइटों का पालन न करने बालो के होंगे ऑनलाइन चालान- एसपी**

जन एक्सप्रेस। उरई



शहर के झांसी रोड़ स्थित बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में यातायात माह का गुरुवार को समापन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने यातायात माह नवंबर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अलग-अलग विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उरई के ब्रिज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में यातायात माह के समापन पर स्कूली छात्र छात्राओं ने लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।जिसमें उन्होंने सभी लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि सभी लोग बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। साथ ही कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए। इसके अलावा मोबाइल फोन पर बात करते समय गाड़ी न चलाएं। शराब पीकर गाड़ी न चलाये। जिससे वह दुर्घटनाओं से बच सकते है और लोगों की जान को भी बचा सकते है। इसके बाद एसपी जालौन डॉ. ईरज राजा ने यातायात माह नवंबर में जागरूक करने वाले मिजपा क्रिश्चियन स्कूल, रामजी लाल पांडे गर्ल्स इंटर कॉलेज, मॉर्निंग स्टार, एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं और यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राये अपने परिजनों को यातायात के नियमों के बारे में बताए। जिससे उन्हें दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि 30 दिनों तक विभिन्न विद्यालयों में तथा अन्य माध्यमों से लोगों को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही शहर के मुख्य मार्गो पर अलग व्यवस्था ट्रैफिक लाइट की गई है। जिसमें सभी लोगों ने प्रशासन का सहयोग करते हुये नियमों का पालन किया है। पुलिस अधीक्षक ईरज ने समस्त जनपदवासियों से अपेक्षा है कि सभी लोग ट्रैफिक लाइटों का अवश्य पालन करेंगे। जिसमे वह सभी को जागरूक करेंगें। उन्होंने बताया कि उरई शहर के तीन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाई गई है, इन ट्रैफिक लाइटों का उल्लंघन करने पर कहा कि 1 दिसंबर से ऑनलाइन चालान शुरू कर दिए जाएंगे। इस यातायात माह कार्यक्रम के समापन के अवसर पर एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजय कुमार इटौदिया, युद्धवीर कंथरिया, ममता स्वर्णकार, शशि सिंह, सुविधा इटोरिया मौजूद रही।

# महिलाओं की तरह पुरुषों को भी बनना होगा सशक्त : कुलाधिपति

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय 25वां दीक्षंत समारोह समारोह के साथ मनाया गया। राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंते ही एनसीसी कैडेटों ने उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर उसके बाद शैक्षणिक परियात्रा एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह पहुंची जल भरो कार्यक्रम के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्राओं ने विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। 25 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि डिजीलॉकर पर डिग्रियां अपलोड होने से कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकेगी। कहा की पहले के समय में लोग पैसा देकर डिग्री बनवा लेते थे लेकिन आज के आधुनिक समय में ऐसा संभव नहीं है। छात्र-छात्राओं अब कभी भी अपनी डिग्री डिजी लॉकर से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने पदक व उपाधि पाने वाले छात्रों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन में प्रतिभाग पर उन्होंने कहा कि ,++ ग्रेड आने से विश्वविद्यालय को जो सहायता मिलती है उसकी कल्पना किसी नहीं किया होगा। उन्होंने कहा की नैक मूल्यांकन के दौरान पूरे विवि परिवार को मिलकर अपने कार्यों को सामने रखना होगा। कुलाधिपति ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में नंबर एक का दर्जा पाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। स्वर्ण पदक पाने वालों में से 46 प्रतिशत महिलाएं हैं जो महिला सशक्तीकरण का उदाहरण हैं। पुरुषों को भी महिलाओं की तरह सशक्त बनना होगा। मिलावटी चीजों पर दुःख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बीज, घी, आटा में मिलावट और फल और सब्जियों में इंजेक्शन दिया जा रहा है जिससे मनुष्यों का कई प्रकार की बीमारियां फैल रही है। अधिकतर इंसान को समय से पहले हार्टअटैक से मौत हो रही है द्यद्बह्लद्ग ड्ड्बद्यठ्ठ उन्होंने पदक व उपाधि पाने वाले छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई कि वे कभी किसी वस्तु में मिलावट नहीं करेंगे और न ही करने देंगे यही उनके लिए सच्चा गोल्ड मेडल होगा। उन्होंने कहा कि आज की टेक्नोलॉजी इतनी तेजी के साथ काम कर रही है जिसके साथ हमारे युवा आगे चल सकते हैं। कुपोषण को दूर भगाने का सबसे सही तरीका श्रीअन्न है। स्कूली बच्चों को श्री अन्न दिए जाने पर कुलाधिपति ने प्रश्नता जाहिर की। उन्होंने कहा की आज के समय में थारू जनजाति के लोग आधुनिक समाज से जड़ना चाहते हैं इसके लिए उन्हे कड़ी मेहनत करनी होगी। इस समाज के छात्र-छात्राओं को 12वीं तक की पढ़ाई साइंस और मैथ साइड से करनी होगी जिससे कि वे आगे चलकर मेडिकल लाइन में जाएं और डॉक्टर बनें। कुलाधिपति ने कहा कि सरकार किसानों के साथ 24 घंटे खड़ी है और सरकार की नीतियों के कारण गेहूं, चावल का रिकार्ड तोड़ उत्पादन हुआ है। कम पानी में तैयार होने वाली फसल पर काम करने की जरूरत है।

**महिलाओं के लिए यह कार्य सराहनीय है: आनंदीबेन पटेल**

# राज्यपाल ने साड़ी केंद्र का किया गया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया कार्यक्रम प्रभारी राजीव कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि साड़ी केंद्र गरीब एवं निचले तबके की महिलाओं के लिए साड़ी केंद्र खोला गया है जिसमें महिलाएं साड़ी केंद्र से मात्र ?20 में तीन दिन के लिए नई साड़ी ले सकती हैं और वैवाहिक कार्यक्रम व अन्य समारोह में पहन सकती हैं जो महिलाएं सक्षम नहीं हैं वह महिलाएं यहां से साड़ी ले सकती हैं साड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल महोदय के दिशा निर्देशानुसार साड़ी केंद्र गौ ऋषि सेवा ओमप्रकाश जी राष्ट्र सेवा संस्थान के माध्यम से संचालित किया जा रहा है महा महिमा राजपाल महोदय ने अपने संबोधन में केंद्र प्रभारी रश्मि वर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले सकती है। इस तरह के साड़ी केंद्र गांव स्तर पर भी खुलना चाहिए राज्यपाल महोदय द्वारा यह भी कहा गया कि श्रीमती रश्मि का यह प्रयास सराहनीय है इस अवसर पर गौ ऋषि सेवा संस्थान के प्रमुख राघवेंद्र मिश्रा द्वारा भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश में चार साड़ी केंद्र और भी चल रहे हैं साड़ी केंद्र प्रभारी प्रदेश नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बताया गया कि इस तरह का प्रयास निरंतर जारी रहेगा इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा चार महिलाओं को निशुल्क साड़ी वितरित की गई जिसमें जिसमें श्रीमती संयोगिता यादव श्रीमती विमलेश श्रीमती अंजू गुप्ता एवं श्रीमती पूनम त्रिपाठी निशु साड़ी प्राप्त करता रही साड़ी केंद्र की प्रभारी श्रीमती रश्मि द्वारा 15 अन्य महिलाओं को साड़ी वितरित की गई कार्यक्रम में शिवम अखिलेश श्रीवास्तव अखंड प्रताप सिंह रणजीत सिंह आदित्य प्रताप सिंह राजेश सिंह कुलदीप कुमार सागर त्रिपाठी दीनदयाल पंकज कुमार रवि कुमार राहुल दीपक यादव प्रमोद सिंह दीनानाथ संतोष इंजीनियर अरुणेश कुमार रजनीश अमृत कुमार शाश्वत अभिनव वर्मा तथा महिलाओं में संगीता प्रियदर्शी अर्चना आशा सिंह रुचि सिंह पूनम रेनू मधु संगीता मौजूद आदि।

# स्वर्ण पदक पाकर मेधावियों ने भरी नई उड़ान

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 597 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 26 मेधावियों को अपने हाथों स्वर्ण पदक प्रदान किया। कुलाधिपति स्वर्ण पदक सात, कुलपति स्वर्ण पदक 11 तथा विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक आठ मेधावियों को दिया गया। कुलाधिपति ने स्नातक के पांच मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक-एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया। 11 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक दिया गया जिसमें स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के तीन व पीएचडी के एक मेधावी छात्र शामिल हैं। इसी क्रम में स्नातक के सात व पीएचडी के एक मेधावी को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दिया गया।कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों एवं मुख्य परिसर को मिलाकर स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के कुल 597 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी गई। जिसमें स्नातक के कुल 343, परास्नातक के 209 तथा पीएचडी के कुल 45 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गईं। कुलाधिपति की मौजूदगी में 597 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्रों को को भारत सरकार के डिजी लॉकर में अपलोड कर दिया गया।

# सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ी पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन किया गया है। पूरा बाजार के पुरसाएं रामलीला मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह व एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने विजेता खिलाडियों को पुरूस्कार वितरित किया। इस दौरान विकास सिंह ने कहा खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। व्यक्ति के अंदर टीम भावना विकसित होती है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है।

अंतिम दिन खो-खो वॉलीबॉल, रस्साकसी, 200मी., 400 मी, 800 मी, 1500मी, की दौड की प्रतियोगिताएं हुई। समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही। दर्शकों द्वारा लगातार खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन का प्रयास किया जा रहा था।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला रसड़ा तथा सरायरासी की टीम के बीच हुआ। जिसमें रसड़ा की टीम विजयी रही। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल सरायरासी तथा ग्रामोदय इण्टर कालेज के मध्य हुआ। जिसमें सरायरासी विजयी हुई। खो-खो प्रतियोगिता बालिका में गायत्री सर्वोदय को हरा कर पूरा बाजार ने जीत दर्ज की। खो-खो बालक वर्ग में ग्रामोदय इण्टर कालेज ने यश विद्या मंदिर की टीम को पराजित किया। 200 मी. दौड़ प्रतियोगिता में निर्भर सिंह सरायरासी प्रथम, अविनाश वर्मा ग्रामोदय इंटर कालेज द्वितीय, हर्षित सिंह सरायरासी तृतीय, 400 मी दौड में अंकुर सिंह, सरायरासी प्रथम, अभिषेक वर्मा महेशपुर द्वितीय, बादल रसूलाबाद तीसरे स्थान पर रहे। 800 मी में सुन्दरम् सिंह सरायरासी प्रथम, अशोक निषाद कछौली द्वितीय, विकास वीरवा तृतीय तथा 1500 मी. में अंकुर सिंह सरायरासी प्रथम, उत्कर्ष सरायरासी द्वितीय, अभिषेक वर्मा महेश पुर तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान दिव्य प्रकाश तिवारी, अवधेश पाण्डेय बादल, सतीश सिंह पिण्टू,अरूण तिवारी, उग्रसेन सिंह, चन्द्रभान त्रिपाठी, गोकरन द्विवेदी, योगेश मिश्र, सतीश चन्द्र पाण्डेय, अनुराग त्रिपाठी, डब्लू सिंह, रामजीत निषाद, रामप्रीत वर्मा, शोभाराम वर्मा, नंद कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शिक्षक संगठन के मंडलीय महामंत्री की पत्नी का निधन

**जन एक्सप्रेस/रामपुर भगन-अयोध्या।** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडलीय महामंत्री अमरजीत वर्मा की पत्नी अनीता वर्मा 38 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया अनीता वर्मा डेंगू बुखार से पीड़ित थी कुछ दिनों से उनका इलाज फैजाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था जहां से रेफर होने के बाद लखनऊ ले जाते समय निधन हो गया यह खबर मिलते ही पैतृक गांव बीकापुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत तोरोमाफी खलवा का पुरवा वासुदेवपुर में कोहराम मच गया उनके दो पुत्र नाबालिक अवस्था में है उनका अंतिम संस्कार भारत कुंड में किया गया जिसमें शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी मंत्री चंद्रजीत यादव ग्रुप प्रियाकांत पांडे डीडी उपाध्याय कमलेश गुप्ता नागेश वर्मा श्रीनाथ यादव प्रेम प्रकाश यादव दिनेश पांडे डिंपल रामभरोस वर्मा श्याम जी वर्मा सहित सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में सौतेला व्यवहार कर रही

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश में रसोई गैस की कीमतों में कमी करने की मांग को लेकर की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा अभी वर्तमान में सम्पन्न हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में अपने जुमलों का पिटारा खोलते हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में क्रमशः 450 एवं 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। परन्तु जिन राज्यों में इनकी सरकार है वहां पर घरेलु गैस सिलेंडर अभी भी बढ़े हुए दामों पर मिल रहे हैं जिससे आम लोगो को अपना घर चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में सौतेला व्यवहार कर रही है।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा उत्तर प्रदेश में इनकी डबल इंजन की सरकार होते हुए भी आमजन को मंहगे दामों पर गैस खरीदना पड़ रहा है।

# पूर्व सांसद ने प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के सदर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत रेणुका नाथ प्रीमियर लीग के क्वार्टर फाइनल मैच का शुभारंभ बुधवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर किया । जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को रेणुका नाथ प्रीमियर लीग 2023 के पहले सीजन मे खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच का मुकाबला सुबह 10 बजे रघवापुर और सिकटीहवा के बीच खेला गया। रघवापुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद व श्रावस्ती के जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। ततपश्चात दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। रघवापुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में एक विकेट गवा कर 222 रन बनाया। रघवापुर टीम के अंकित बाबा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 42 गेंद में लगातार छह छक्के जड़कर 175 रन बनाया। तो वहीं सिकटीहवा की टीम 7 विकेट खोकर 156 रन ही बना पाई। और रघवापुर की टीम 66 रनों से मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने वाले अंकित बाबा को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। सेमी फाइनल का मुकाबला दोपहर 1=30 बजे से रघवापुर और इमलिया के बीच खेला गया। इमलिया की टीम ने टॉस जीतकर 6 विकेट गंवाकर 149 रन बनाया। टारगेट का पीछा करने उतरी रघवापुर की टीम 4 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी और 6 रनों से सेमीफाइनल मैच हार गईं। इमिलिया टीम के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 48 रन बनाया और 3 तीन विकेट लेकर अपनी टीम की जगह फाइनल में पक्का किया। मो0 सैफ को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। फाइनल में पहुँची टीम इमलिया और सेवकराम पुरवा का मुकाबला 1 दिसंबर को खेला जायेगा। लीग का सफल संचालन अनिल मिश्रा व स्कोरबोर्ड का जिम्मा विवेक तिवारी ने निभाया। गोलू मिश्रा व सागर आर्य ने सभी मैचों ने शानदार एम्पायरिंग की। मैच के दौरान पूर्व सासंद दद्दन मिश्रा ने कहा कि युवाओं में खेल के रुझान देखकर बहुत अच्छा लगता है, युवाओं में खेल से न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास भी होता है अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी जीवन में खेल बहुत जरूरी है।

## अधोमानक सामग्री की बिक्री में 12.35 लाख का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर**

न्याय निर्णायक अधिकारी/एडीएम डॉ. सदानंद गुप्त ने मिलावटी खाद्य सामग्रियों के 36 वादों का निस्तारण करते हुए आरोपी दुकानदारों पर 12.35 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बीते दिनों अभियान चलाकर अलग-अलग दुकानों से नमूने एकत्र करने के बाद जांच के लिए भेजा था। इसमें 36 नमूने अधोमानक पाए जाने पर एडीएम ने दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है।

नियमों के उल्लंघन व बिनी पंजीयन के 13 मामलों में 3 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना न्याय निर्णायक अधिकारी ने विक्रेताओं पर लगाया है। दूध के तीन मामलों में 3.20 लाख, सरसों तेल के एक मामले में 40 हजार, मिष्ठान के तीन मामलों में 1.5 लाख, बेकरी के तीन मामलों में 1.10 लाख, नमकीन के 2 मामलों में 1.15 लाख, पनीर के पांच मामलों में 1.40 लाख का जुर्माना लगाया है।

# अवैध असलहा बनाने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**❋ पुलिस ने बताया की हम लोग अपने निजी फायदे के लिये असलाह बनाकर लोगो को बेचते थे**

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर**



कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम व स्वाट् टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा अवैध असलहा बनाने के उपकरण व निर्मित व अर्द्ध निर्मित असलहा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम व स्वाट् टीम की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की सुबह सूडारी घाट पर पुलिया ने दबिश दिया इस बात कि अभियुक्तों को जानकारी होने पर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए अभियुक्तगण को पुलिस द्वारा दौड़ कर गिरफ्तार किया गया। मौके से अभियुक्तगण के पास से अवैध असलहा बनाने के उपकरण व निर्मित व अर्द्ध निर्मित असलहा व कारतूस व एक वाहन थार जीप बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली अकबरपुर में मु0अ0सं0-677/2023 धारा 307/34 भा0द0वि0 व 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपना नाम धीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी गैरवा थाना सरपतह जिला जौनपुर विक्रांत सिंह निवासी भूसौडी थाना सरपतह जिला जौनपुर विकास सिंह निवासी भेलारा थाना अखंड नगर जिला सुल्तान पुर बताया अभियुक्तों को न्यायलय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया की हम लोग अपने निजी फायदे के लिये असलाह बनाकर लोगो को बेचते थे और प्राप्त रुपये को आपस में बाँट लेते थे ।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं0 | 1120-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-दिनांक 28.11.2023 |
| 2. | कार्य का नाम | पुराने प्रथम श्रेणी एफ0ओ0बी0, चारबाग स्टेशन से 02 नम्बर लिफ्ट को लखनऊ मण्डल के अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करना। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू 16,18,149/- (सोलह लाख अठारह हजार एक सौ उन्नचास रूपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रू0 32,400/- ( बत्तीस हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह। |
| 6. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 26.12.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | योग्यता मानदण्ड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदण्ड को पूरा करते हों। |
| 9.a | तकनीकी योग्यता मानदण्ड | निविदाकर्ता के पास राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसैन्स होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेन्स के सभी विवरण संलग्न करें। |

सूचना सं0- 1120-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-दिनांक 28.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3740/23

# आगामी 20 व 21 दिसंबर को आयोजित होगा सरस मेला

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



आगामी 20 व 21 दिसंबर को राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा जनपद मुख्यालय के एमपीपी इंटर कॉलेज में सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुये निर्देशित किया है कि मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, स्वयं सहायता समूह एवं उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्कृष्ट उत्पाद का चयन कर महिलाओं को जागरूक करते हुये उत्पाद बनाने तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाए। मेले में पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, ईओ को शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई, सीएमओ को मेडिकल टीम की तैनाती एवं एम्बुलेन्स व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने डी0सी0 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन श्रीमती मंजू त्रिवेदी को निर्देशित किया कि एक सुसज्जित मेले के आयोजन हेतु टेन्टेज एवं लाइट, कुर्सी मेज, साउण्ड सर्विस आदि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ले और विभागों को पाण्डाल आवंटित किये जाए। उन्होंने कृषि, गन्ना, नाबार्ड, पंचायती राज, मनरेगा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण विभाग, युवा कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पूर्ति विभाग, आई0सी0डी0एस0, शिक्षा विभाग, डूडा, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, डीसी मनरेगा आदि विभाग को जिम्मेदारी देते हुये निर्देशित किया कि दो दिवसीय सरस मेले में अपने-अपने विभाग के स्टाल लगवाएं तथा विभागीय लाभार्थीपरक योजनाओं सहित अन्य कार्यक्रमों आदि की जानकारी देते हुये आमजनमानस को लाभ दिलाएं। बैठक के दौरान पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डी0पी0आर0ओ0 श्रेया उपाध्याय, सीओ राधारमण, अपर उप जिलाधिकारी/ पीओ डूडा ओम प्रकाश, एलडीएम, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# नहीं हो रही धान की उठान इंतजार करने को मजबूर किसान

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर**

धान की बिक्री के लिए किसान क्रय केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसके बाद भी धान की बिक्री वे कब कर पाएंगे, इसका कोई अता-पता नहीं। कहीं बोरा न होने की वजह से खरीद ठप है तो कई केंद्रों पर कई-कई दिन से धान लदी ट्रॉलियां खड़ी हुई हैं। किसानों को अपनी बारी का इंतजार है। मौसम के बदलते रुख से किसानों की चिंता अलग से बढ़ी हुई है।

मालूम हो कि बीते 20 अक्तूबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई है। छह एजेंसी के 75 केंद्र अलग अलग क्षेत्रों में स्थापित हैं। कुल एक लाख 55 हजार एमटी खरीद का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष 28 नवंबर तक 1176.20 एमटी धान की खरीद हो पाई है जो कुल लक्ष्य का 5.77 प्रतिशत है। किसानों का कहना है कि धान की खरीद में तेजी तब आएगी जब केंद्रों पर किसानों को ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। उनकी उपज की तौल प्राथमिकताओं पर होनी चाहिए। नरियांव जगदीशपुर स्थित एफसीआई के धान क्रय केंद्र पर टीम पहुंची तो वहां धान लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी थीं। अकथरा नरायनपुर गांव निवासी शिवकुमार ने कहा कि केंद्र परिसर में ट्रॉली खड़ी कर चार दिन से क्रय केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अब तक धान की तौल नहीं हो सकी है। यहीं के रामचंद्र पांडेय व राजेश दुबे ने कहा कि किसानों का धान न खरीदकर आढ़तियों व व्यापारियों के धान को प्राथमिकता दी जा रही है। पांच दिन से दौड़ लगा रहे लेकिन धान की बिक्री नहीं कर सके हैं।

# पूर्व सांसद बलराज पासी ने प्रेस वार्ता कर पेश की टिकट की दावेदारी

**✻ प्रेस वार्ता के दौरान सांसद वरुण गांधी को लिया आड़े हाथों**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गुरुवार को नैनीताल बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं उत्तराखंड राज्य बीज एवं जैविक उत्पादक प्रेमिकरण संस्था के अध्यक्ष दर्ज राज्य मंत्री बलराज पासी ने पत्रकारों के समक्ष आज शहर के एक निजी होटल में एक प्रेसकांफेस की इस दौरान भाजपा के नेता बलराज पासी ने अब तक की मोदी सरकार कई महत्वपूर्ण उपलाब्धियाँ पत्रकारों के साँझा की उन्होंने बताया कि मोदी सरकार बनने से पहले महिलाओं को रसोई गैस लेने के लिए रात के 3-3 बजे से लम्बी-लम्बी कतारों में लगना पड़ता था तव कही जाकर उन्हें गैस सिलेंडर मिल पाता था। आज मोदी सरकार में आप के एक फ़ोन काल पर गैस सिलेंडर आपकी रसोई तक पहुँच जाता हैं। मोदी सरकार ने उज्जवल योजना के अंतर्गत देश के 10 करोड़ महिलाओं को निशुल्क गैस कनेशन उपलब्ध करवाकर उनकी आखों की ज्योति को और धुएं से होने बाली बीमारियों से बचाया तथा उनकी रसोई की भोजन ब्यबस्था को सुगम बनाया है।मोदी सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों देशवासियों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराकर उनका पोषण कर रही हैं। मोदी सरकार में प्रत्येक गरीव से गरीव व्यक्ति भी सुगमता के साथ अपना जीवन निर्वहन कर रहा है मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान करोड़ों गरीव लोग गरीवी रेखा से बाहर आये है एवं सम्पूर्ण देश की गरीव जनता को गरीवी रेखा से मुक्त करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास जारी हैं। काग्रेंस सरकार के पिछले 7 दशकों में जो काम नहीं हो पाए वो मोदी सरकार ने मात्र 8-9 बर्षो में करके दिखा दिए।आज विश्व के मानचित्र पर भारत का नाम प्रमुक्ता से लिया जाता है तथा सम्पूर्ण विश्व में भारत के परचम की एक अलग पहचान है इसका श्रेय मोदी सरकार एवं भाजपा की विचार धारा को जाता है उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्त्ता बेहद कर्मठशील, इमानदार, झुझारू एवं अनुशासित है 7भाजपा का जनाधार एवं लोकप्रयता आज इतनी ज्यादा है कि चाहे अपने किसी भी अपने छोटे से छोटे कार्यकर्त्ता को पार्टी का टिकट दे दे वो अपनी जीत सुनक्षित कर लेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के दिशा, निर्देश पर जिले में काम करने आये है। पार्टी के सासंद प्रत्यासी के मुद्दे पर पत्रकारों का गोल, मोल जवाव देते हुए उन्होंने कहा की पार्टी जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौपेगी वो उन्हें स्वीकार होगी। उन्हें पार्टी से टिकट मिले या न मिले लेकिन वो जिले में संक्रिय रहकर हमेशा जिले के विकास के लिए कार्य करते रहेगे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उन्हें पीलीभीत जिले से विशेष लगाव इस लिए भी है क्योंकि इसका चुनावी क्षेत्र एक लम्बे समय तक बहेड़ी एवं नैनीताल के क्षेत्र से जुदा रहा है और उन्होंने उत्तराखंड के इस क्षेत्र में हमेशा सक्रीय रहकर अग्रणी भूमिका में रहा कर काफी काम किये।

**सांसद के टिकट की दावेदारी की पेश**

शहर के एक होटल में आयोजित हुई गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बलराज पार्टी ने सरकार की नीतियों का बखान करते हुए खुद को भाजपा का टिकट का प्रबल दावेदार बताया साथी उन्होंने संसद भवन गांधी पर रहते हुए कहा कि वरुण गांधी का व्यवहार सरकार के खिलाफ है उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के लिए शीर्ष नेता अगर मुझ पर भरोसा जाताया तो आगामी चुनाव दमखम के साथ चुनाव लडूंगा।

# एसएसबी ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

**✻ स्वास्थ्य जांच के बाद निशुल्क दवाइयों का किया गया वितरण**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की ओर से गुरुवार निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का आयोजन पीलीभीत एसएसबी की सीमा चौकी शारदापुरी क्षेत्र के ग्राम गोविन्द नगर के स्कूल परिसर में किया गया।जिसमें एसएसबी द्वारा यह कार्यक्रम वी सी ए प्रोग्राम के तहत किया गया है। भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी देश की सीमाओं की रक्षा करने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के जरिए सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों की सेवा करने का काम भी कर रही है।49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की सीमा चौकी शारदापुरी एसएसबी के कमांडर एस आई सुनील कुमार कन्नौजिया(जी डी)के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी डॉक्टर शालिनी परिहार के नेतृत्व में लगाए गए मुफ्त पशु चिकित्सा शिविर में कुल 32 ग्रामीणों के 370 पशुओं का जिसमें गाय,भैंस,बकरी,बैल,पालतू श्वान इत्यादि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था।जिसमें गला घोंटू रोग,घुर पका रोग,थनैली रोग जैसे कई रोगों की जांच की गई।साथ ही पशुपालकों को पशुओं के लिए (200037 रुपये) बीस हजार सैंतीस रुपये की दवा वितरण की गई थी।इस कार्यक्रम के दौरान डाक्टर शालिनी परिहार ने वहां मौजूद ग्रामीणों को पशुओं के स्वास्थ्य तथा रखरखाव करने के लिए तथा खान पान व रहन सहन की जानकारी देते हुए जागरूक किया।इसके अलावा शारदापुरी एसएसबी सीमा चौकी के कमांडर एसआई सुनील कुमार कन्नौजिया ने कहा कि एसएसबी सीमा की सुरक्षा करने के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों के उत्थान को लेकर तमाम तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है।ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को लाभ देने के लिए एसएसबी सदैव तत्पर रहती है और रहेगी।उन्होंने आगे कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिये बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए आगे भी एसएसबी जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। इस कार्यक्रम के दौरान मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण तथा एसएसबी के अधिकारी तथा जवान मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छिनैती के आरोपितों को पकड़ना तो दूर पखवाड़ा बाद भी नहीं दर्ज हुआ केस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र में बाइक सवार नकाबपोशों द्वारा आये दिन सुनसान स्थानों पर राहगीरों को निशाना बनाया जा रहा है। उनसे गहने, नकदी,मोबाइल आदि छीन बदमाश आराम से फरार हो जा रहे हैं। पीड़ित थाने में तहरीर देता है तो जांच के नाम पर उसे टरका दिया जाता है। ऐसा एक नहीं बल्कि महिला सहित दो पीड़ितों के साथ हुआ है। घटना को पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो केस दर्ज हुआ और न ही किसी बदमाश को पुलिस गिरफ्तार ही कर पाई। थक हार कर पीड़ित घर बैठ गये। बीते 10 नवंबर को दौलतपुर गांव निवासी चंदा देवी पत्नी सकलदेव दूबे अपनी बहन के पुत्र कृष्णा मिश्रा निवासी बिशुनपुर की बाइक पर बैठ घनश्यामपुर से वापस गांव आ रही थी। रावतपुर तिलवारी गांव के एक ढाबे के सौ मीटर आगे दिनदहाड़े राजमार्ग पर पीछे से बिना नंबर की अपाचे बाइक से आये तीन नकाबपोशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक दिया। आरोप है कि तमंचा दिखाकर उनके गले से सोने की चेन छीनकर पिलकिछा की तरफ भाग गए। इसी तरह 11 नवंबर को उसरौली गांव निवासी शिवा मिश्रा बाइक से पटैला बाजार से खुटहन आ रहे थे। शेरपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे के पास पीछे से बाइक से आये तीन नकाबपोश उसे रोक लैपटॉप, मोबाइल और सात सौ रूपया छीन लिया। ऐसे ही शाहपुर सानी गांव में बुधवार की रात बारात से वापस जा रहे तीन बारातियों का अहियापुर नाले के पास मोबाइल छीन बदमाश फरार हो गए। फिलहाल बारातियों के द्वारा इस घटना की तहरीर थाने पर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने कहा कि घटनाएं हमारे चार्ज लेने के पूर्व की हैं। पीड़ितो ने मेरे आने के बाद शिकायत भी नहीं किया है। मामले की गंभीरता पूर्वक छानबीन की जा रही है।

### प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। प्रणवम् स्कूल,सुजानगंज में डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम कंपटीशन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्रा ऋषिकेश तिवारी,यश, कीर्ति गुप्ता,अभिनव पटेल,रुद्र द्विवेदी,यथार्थ सिंह,श्रेया यादव,अर्श दुबे, समर्थ मिश्रा व निमित तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को क्रमश: स्वर्ण पदक, रजत पदक,एवं कांस्य पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि थाना थानाध्यक्ष सुजानगंज रोहित कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक व कांग्रेस से मुँ. बादशाहपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. प्रमोद के. सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो आपकी कड़ी मेहनत,समर्पण और चुनौतियों पर काबू पाने और प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए आपको खुद पर गर्व होना चाहिए ।यह छात्र जीवन एक प्रतियोगी मंच है इसमें जीत उसी की होती है जो विवेकाधीन होकर कठिन परिश्रम करता है परिश्रम के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है ।卐 इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सिल्जा प्रमोद ने बच्चों को संबोधित किया तथा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को हृदय से धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन विजय शंकर दूबे ने किया तथा इस अवसर पर,पंकज मणि तिवारी,वंदना जायसवाल,पंकज सिंह, अजीत शर्मा, सुनीता सोनी,नीता तिवारी,नीलम सोनी, अस्मिता शुक्ला दिव्या तिवारी, सोनाक्षी तिवारी,निशा बानो आदि लोग मौजूद रहे।

### विकास योजना पर चर्चा के साथ ही सम्पन्न हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। बुधवार से राजकीय विद्यालय सरायमोहिद्दीनपुर में चल रहे राजकीय स्कूलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास योजनाओं पर चर्चा के साथ ही सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर और एसएमडीसी प्रशिक्षक राहुल राज मिश्र व कपिल देव के सहयोग से लोगों ने प्रशिक्षण समापन सत्र में गुरुवार को विद्यालय विकास योजना बनाकर प्रस्तुत किया। जिस पर विधिवत चर्चा की गई। इस कड़ी में सभी ने विद्यालय में आवश्यक संसाधनों को चिन्हित कर उनके एकत्रीकरण पर विन्दुवार चर्चा करते हुए राजकीय विद्यालय सवायन अब्दुल कलाम , डिहिया से अर्चना सिंह, मवई सोंधी से पवन गुप्ता, पोरईकलाँ से संध्या, व नेवादा से निशा आदि ने अपने अपने विद्यालय की विकास योजना प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम का संचालन बरखा मौर्या ने किया ।इस दौरान मनीषा यादव, नीलम,रबीश पटेल, पंकज यादव, विनोद सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे । अंत में आयोजक संस्था की प्रधानाध्यापिका साधना चौधरी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला समन्वयक के प्रति आभार जताया गया।



### रहस्यमा ढंग से युवक की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर वाहनपुर के युवक का शब बीसलपुर बरेली मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास पड़ा हुआ बरामद हुआ है। युवक की मौत रहस्यमय बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर वाहनपुर निवासी स्वर्गीय नन्हेंलाल का 20 वर्षीय पुत्र नवल किशोर पेट रोग से पीड़ित चल रहा था। कल दोपहर 12 बजे बरेली के मथुरापुर स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय में दवा लेने के लिए आया था। लौटकर वापस घर नहीं गया। गुरुवार को सुबह 8 बजे उसके गांव का एक ग्रामीण बीसलपुर बरेली मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास से जा रहा था तो उसने गन्ने की पताई पर नवल किशोर को लेटा हुआ देखा, उसने फोन द्वारा परिजनों को सूचना दी। कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई दिलीप कुमार तथा परिवार के अन्य लोग मौके पर आ गये। भाई दिलीप कुमार ने बताया कि नवल किशोर उनका सबसे छोटा भाई था। वह पांच भाई, बहन है। उसका भाई लीवर रोग से पीड़ित चल रहा था अविवाहित था।

# संजय गंगवार, संतोख सिंह संधू के प्रयासों से जगमगाएगा मुक्तिधाम मार्ग

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मीले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष संतोख सिंह संधू के प्रयास रंग आए हैं। बांसुरी नगरी पीलीभीत शहर के नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के अध्यक्ष संतोख सिंह संधू एवं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार लंबे समय से पूरे शहर के और नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के सुंदरीकरण करने के प्रयासों में जुटे हुए थें। और योगी सरकार में प्रस्ताव भेजकर उनके प्रयासों से नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के बरेली रोड से मुक्तिधाम रोड़ तथा मुक्तिधाम स्थल मार्ग पर करीब करीब 41 लाइटों से यह पूरा इलाका जगमगाने लगेगा। इन दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से लाइट लगाने का काम नगर पंचायत कर्मचारी सुनील कुमार (मामा) आदि कर्मचारियों के द्वारा के द्वारा लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया हैं। जिससे पूरे क्षेत्रवासियों में संजय सिंह गंगवार तथा संतोख सिंह संधू के प्रयासों की खुले मन से सरहाना की जा रही हैं। इतना ही नहीं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार जब से योगी सरकार में विधायक/मंत्री पद पर आसीन हुए हैं। तब से लेकर आज तक उनके द्वारा पूरे जनपद पीलीभीत की हर तहसील ब्लाक और गांव में विकास की नई किरण जगाई जा रही हैं। जिसके तहत सड़कों का निर्माणकाल हो, चाहे पुलियों का निर्माण हो,नाले नालियो का सुंदरीकरण हो गांव में बिजली पहुंचाने का काम हो सारे कामों को योगी सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं को पीलीभीत जनपद में लाने का काम और उन योजनाओं को अमली जामा पहनकर मूर्त रूप देने का काम योगी राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा जनपद के सभी विधायकों नगर पालिका अध्यक्षों, टाउन एरिया अध्यक्ष, ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर तीन भावना के साथ पूरे जनपद में विकास की गंगा बहाई जा रही हैं। उनसे सभी प्रयासों से जनपद वासी संजय सिंह गंगवार के गुणगान करते देखे जा रहे हैं।



### 12 वर्ष छोटी बच्ची का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कम मच गया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के खानपुर में एक छोटी बच्ची का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों को जानकारी मिलते ही लोग धीरे धीरे सभी लोग एकत्रित होने लगे पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खानपुर गांव निवासी राधे श्याम सोनकर की लड़की की शादी थी रागिनी सोनकर 10 वर्ष पुत्री रिंकू सोनकर गांव निवासी नरौली थाना क्षेत्र सिथारी जनपद आजमगढ़ वह अपने मामा राधे श्याम सोनकर के लड़की की शादी 28 नवंबर को थी उसी में शामिल होने आई थी रात में परिजन शादी में व्यस्त हो गए सभी ने सोचा कि बच्ची किसी घर में सोई होगी।


# प्रधान का खाता सीज होते ही प्रधान ने गांव सभा के सरकारी धन गबन का किया बड़ा खुलासा, मचा हड़कंप

**✻ तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी ने किया था गांव सभा का सरकारी धन गबन: प्रधान**

**✻ प्रधान सुईथाकला वाट्सएप समूह में जन एक्सप्रेस में छपी खबर की कटिंग के साथ वर्ष 2021का शिकायती पत्र डालकर किया खुलासा**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के कड़े तेवर दोषी पाए जाने पर के बाद प्रधान का खाता सीज करने के बाद विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जुनेदपुर के प्रधान द्वारा ब्लाक के प्रधानो के समूह में सरकारी धनगवन के आरोपी बारे में कुछ तथ्यों का खुलासा करने का मामला प्रकाश में आया है । जो सुईथाकला ब्लाक में हो रहे भ्रष्टाचार का जिन्न निकल आया प्रधान की माने तो जांच में चुप रहने के पीछे उसने दबी जुबान से नाम छुपाते हुए क्षेत्र के कुछ सम्मानित लोगों का जिक्र किया है। उसका कहना है कि सम्मानित लोगों के कारण चुप रहने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उक्त बातें सोशल साइट्स पर ग्राम प्रधानों के व्हाट्सएप समूह पर जन एक्सप्रेस में छपी खबर की कटिंग एंव एडीओ पंचायत के नाम जारी एक 2021के शिकायती पत्र को वायरल किया है। जिसमें ब्लाक के समस्त प्रधान सचिव अधिकारी समूह से जुड़े हैं जिसमें तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव दीपक कुमार यादव पर बिना काम कराए रु0- 267545 हजार रुपये की धनराशि के गबन का आरोप लगाया है। आरोप है कि उक्त सचिव ने राज्य वित्त चौदहवे और पनद्रहवे के खाता संख्या प्रथम से धन निकालने वाले डोंगल को मुझसे लेकर अपने पास रख लिए और बिना कार्य कराए धननिकासी करता रहा । जिसके बारे में सूचना के बावजूद भी जिम्मेदारान चुप्पी साधे रहे। फिलहाल समूह में निलंबन के बाद प्रधान ÷करे कोई भरे कोई÷ की तर्ज पर हाथ मलता नजर आया। बता दें कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में धांधली की नवम्बर 2022 में ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र की प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत जुनेदपुर के प्रधान दयाराम के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा रोक लगा दी गई। जिसके बाद लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों की मानें तो यदि उस दौरान यानी करोना काल के दौरान ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करा दी जाय तो और भी घोटाले सामने आ जाएंगे।जो जिले का सबसे बड़ा घोटाला होगा जिसमें कई जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नापेंगे।



### भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत स्टाल लगाकर विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। गुरुवार को जनपद के ग्राम पंचायत डंडिया भिसौड़ी एवं जतीपुर विकास खण्ड ललौरीखेड़ा जिला पीलीभीत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। जिसमें कृषि विभाग के द्वारा कृषकों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही ड्रोन द्वारा उर्वरक एवं कीट नाशक छिड़काव का प्रदर्शन, श्रीअन्न, प्राकृतिक खेती, पी0एम0 प्रणाम, किसान सम्मान निधि की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से ए0एन0एम0, आशा कार्यकर्ता, जलनिगम, इफको एवं फसल बीमा इत्यादि विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी व ग्राम प्रधान की उपस्थिति में विभिन्न कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। ग्राम जतीपुर में 350 कृषक एवं ग्राम डंडिया भिसौड़ी में 354 कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में बृजवीर सिंह मुख्य क्षेत्र प्रबन्धक इफको, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी डी0डी0एम0 नावार्ड, श्रीराम कुमार सेठ अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा, संतोष कुमार सविता उप कृषि निदेशक, गौरव दीक्षित प्रा0सहा0ग्रुप-सी एवं रघुवीर प्रा0सहा0 ग्रुप-सी उपस्थित रहे

# विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गुरुवार को स्थानीय ड्रमंड इंटर कॉलेज पीलीभीत में विज्ञान एवं प्रद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान का आयोजन विज्ञान क्लब पीलीभीत द्वारा किया गया। जिसमें जिले के ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ऋषित छाबड़ा एवं सनी कुमार ने ह्यूमन फॉलोइंग प्रोटोटाइप मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षकों और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस मॉडल को बनाने में छात्रों ने अथक परिश्रम किया और सफलता अर्जित की इस सफलता की प्राप्ति में उनके शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि कक्षा 12 के छात्र ऋषित छाबड़ा और सनी कुमार ने ह्यूमन फॉलोइंग प्रोटोटाइप मॉडल बनाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने दोनों छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संजीव प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा पीलीभीत और दलजीत कौर जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद राशि 5000/ देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी सदस्य सचिव,जिला समन्वयक विज्ञान क्लब पीलीभीत चंद्रपाल गंगवार, एवं कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार उपस्थित रहे।

# भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**✻ शिक्षा के बदौलत ही देश में फैली कुरीतियां दूर की जा सकती हैं: दिनेश कुमार सिंह**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**शाहगंज।** तहशील क्षेत्र के बाल संरचना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालापुर, में बृहस्पतिवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया %पृथ्वीराज की आंख% एकांकी की प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक व अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके अलावा युगल नृत्य, एकल नृत्य, बेटी बचाओ अभियान की एकांकी को भी लोगों ने खूब सराहना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह पूर्व प्रधानाचार्य डा0 रणजीत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर सुरुआत किया । बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के बदौलत थी देश में फैली कुरीतियों को दूर किया जा सकता है।उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बेचन सिंह संजय सिंह, राजेश उपाध्याय, विपिन तिवारी दुष्यंत मिश्र , विनय तिवारी ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने तथा आभार प्रबंधक सुरेश पांडेय व प्रिंसिपल द्वय रणविजय सिंह तथा संतोष पांडेय ने व्यक्त किया।कार्यकम का संचालन दीपक दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रणजीत सिंह ,संजय तिवारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बाइक के लिए दूल्हे का शादी से इंकार, ग्रामीणों ने दुल्हे सहित बारातियों को बनाया गया बन्धक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**जफराबाद।** क्षेत्र के नाथुपुर गांव में बुधवार की रात बारात आयी बारात में बाइक नही मिंलने की जानकारी होने पर दूल्हे ने शादी से इनकार कर दिया।जिससे दोनो पक्षों में गाली गलौज तथा मारपीट भी हुई।जिसके बाद दूल्हे सहित बारातियों को घरातियों ने बंधक बना लिया।

उक्त गांव निवासी बसन्तु सोनकर के पुत्री पूजा सोनकर की शादी चंदौली जनपद के ककरहटी निवासी मंगला प्रसाद सोनकर के पुत्र जितेंद्र सोनकर के साथ तय थी।जितेन्द्र साफ्टवेयर इंजीनियर है।बारात रात को लगभग नौ बजे आ गयी।द्वारचार के बाद जयमाल का कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।उसके बाद अचानक दूल्हे को किसी ने बताया कि शादी में पहले से तय दहेज की बाइक नही मिलेगी।उस बात की जानकारी तत्काल दूल्हे के पिता मंगलप्रसाद को भी हो गयी।उन्होंने लड़की के परिजनों से बाइक के बाबत पूछा तो उन लोगों ने कहा कि बाइक सुबह खिचड़ी के रस्म के समय मिलेगी।जब लड़के पक्ष के लोगों ने बाइक दिखाने को कहा तो वे नही दिखाए।इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच तू तू मैं मैं हुई।उसके बाद गाली गलौज और बवाल होने लगा।घरातियों ने बारातियों को वापस जाने से रोक दिया।उनकी वाहनों तथा उन्हें बंधक बनाकर पुलिस को सूचना दिया।पुलिस मौके पर पहुंच कर दूल्हे तथा उसके पिता को थाने ले आयी।बाकी लोगों को वहां से जाने को कहा।सुबह थाने पर दोनो पक्षों के लोग जमा हुए।लड़की के भाई अरविंद सोनकर ने बताया कि हमने छह लाख रुपये नगद दहेज में दिया था।अब ये लोग हमसे बाइक भी मांगने लगे।हमने छह लाख के अलावा शादी की व्यवस्थाओं टेंट,खाना पीना,आदि में भी लाखों रुपए खर्च किये।अब ये लोग शादी नही कर रहे है।हमारे लिए यह काफी कष्टप्रद है।वैसे अभी थाने में दोनों पक्षों की पंचायत चल रही है।दोनो पक्ष के लोग एक दूसरे को अपनी बात से समझाने में लगे है। थानाप्रभारी किशोर कुमार चौबे ने बताया कि समझौता नही हुआ तो तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# यातायात नियमों के प्रति युवाओं को जागरूक होने की जरूरत: एसपी

* पुलिस लाइन में समारोह आयोजित कर हुआ यातायात माह का समापन
* प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला



उन्नाव। नवम्बर माह में पुलिस के यातायात अमले द्वारा मनाए जाने वाले यातायात माह का गुरुवार समारोह आयोजित कर भव्य समापन किया गया। माह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। माह के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 78 लाख 86 हजार रुपए के चालान काटे गए जिनमे से 4.5 लाख का शमन शुल्क भी वसूल किया गया। यातायात माह का समापन समारोह पुलिस लाइन में गुरुवार आयोजित किया गया। यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह व आरआई अब्दुल रशीद ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व सीओ सिटी आशुतोष कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। छात्राओं के स्वागत गान व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा लघु नाटिका एवं समूह गीत भी प्रस्तुत किए गए। सीओ ट्रैफिक आशुतोष कुमार ने पूरे वर्ष यातायात विभाग द्वारा किये गए चालान, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को राहत दिलाने, सड़क सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न पहलुओं का आंकड़ा प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने कहा कि बड़ों से ज्यादा युवाओं को जागरूक होने की ज़रूरत है। कहा कि जागरुकता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है, इसीलिये यातायात नियमों का पालन करने के लिए सभी को तत्पर रहना चाहिये। यातायात माह के दौरान चली क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किंगसन इंटर कॉलेज के शुभेन्द्र, द्वितीय स्थान सन डी सन इंटर कॉलेज की किरन, तृतीय स्थान पैट्रियाट इंटर कॉलेज के आर्यन को प्राप्त हुआ। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पैट्रियाट इंटर कॉलेज की काव्या तिवारी, द्वितीय स्थान किंगसन इंटर कॉलेज की इकरा फातिमा, तृतीय स्थान सन डी सन इंटर कालेज की हत्सा यूसुफ को प्राप्त हुआ। पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किंगसन इंटर कालेज की रिया चौरसिया, द्वितीय स्थान पैट्रियाट इंटर कॉलेज की उर्वशी व तृतीय स्थान सन डी सन इंटर कालेज की आयसा शईद अंसारी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिताओं मे विजेता बने बच्चों को एसपी ने पुरस्कृत किया। एसपी ने माह में आयोजित कार्यक्रमों में सहयोग करने वाले शैक्षिक संस्थानों के प्रधानाचार्यों, नेत्र चिकित्सक डा.नितिन चौधरी, प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र आशीष श्रीवास्तव, डा.रचना सिंह, आरआईअब्दुल रशीद, एसआई भगत सिंह एवं यातायात पुलिस के कर्मठशील कर्मियो को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

**बिना हेलमेट के 3961 व बिना सीट बेल्ट के 436 हुए चालान**

सीओ ट्रैफिक ने बताया कि यातायात माह 2023 में नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 6387 वाहन चालकों के 78,86,500 रुपए के चालान किए गए, जिसमें से 4,50,600 रुपए का शमन शुल्क जमा कराया गया। किए गए चालानों में बगैर हेल्मेट वालों की संख्या 3961 रही जबकि बिना सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों की संख्या 436 रही।

# विकसित भारत यात्रा की तैयारी बैठक संपन्न

* जिलाध्यक्ष ने टोली और मॉनिटरिंग टीम के साथ बनाई योजना रचना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

विकसित भारत यात्रा में 14 रथों के जरिए भारतीय जनता पार्टी जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पार्टी के संकल्प को जन जन पहुंचाएगी। पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष ने जिला टोली और मॉनिटरिंग टीम की बैठक कर योजना रचना बनवाई। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने बताया कि 25 जनवरी तक चलने वाली इस यात्रा में जिले में 9 रथ ग्रामीण और 5 शहरी क्षेत्रों के लिए आवंटित किए गए हैं जो प्रत्येक ग्राम में पहुंच कर लाभार्थियों के लिए काउंटर लगा रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। इन सभी काउंटर में अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थी पहुंचे और उनके रजिस्ट्रेशन हो इसके लिए कार्यकर्ताओं की टोलियां लगेंगी। जिलाध्यक्ष ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार अब योजनाओं को देने के लिए लोगों के घरों तक पंहुच रही है। अब तक बहुत से लोग छूटे हुए हैं, उनको जानकारी ही नहीं है और जानकारी है भी तो योजना तक कैसे जाना है ये पता ही नहीं है। यह योजना मोदी जी की गारंटी यात्रा है अब कोई भी लाभ पाने से वंचित न रहे इसके लिए हम सबको काम करना है। सबको यात्रा के स्थान तक लेकर जाना है। बैठक में जिला संयोजक महेश चंद्र दीक्षित, कृष्ण कुमार वर्मा, आनंद अवस्थी, मनीष जायसवाल, बिपिन मिश्रा, रजनीश वर्मा, गिरीश वर्मा, मनोज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला, आईटी प्रमुख अवनीश शुक्ला, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।




**किसान मोर्चा आयोजित करेगा नमो कबड्डी प्रतियोगिता**

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाली आगामी तीन दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसका रजिस्ट्रेशन 30 नवंबर से प्रारंभ होगा और 2 दिसंबर को मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। 10 दिसंबर को विजेता टीम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में सम्मानित करेंगे।

# पत्नीहंता भट्ठा श्रमिक को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

* अवैध संबंध के शक में पत्नी को फावड़े से हमला कर उतारा था मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अवैध संबंध के शक में पत्नी की फावड़े से हत्या करने वाले ईंट भट्ठा श्रमिक को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के तुमगांव थानाक्षेत्र के अमलोर गांव निवासी लेखराम अपनी पत्नी हेमिन और तीन बच्चों के साथ बिहार थानाक्षेत्र के बाजपेईखेड़ा में दुर्गा ब्रिक्स फील्ड पर ईंट पाथने का काम करता था। लेखराम ने पत्नी के गांव के एक युवक से अवैध संबंध के शक पर 15 फरवरी 2018 की सुबह विवाद के बाद फावड़े से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी थी। भट्ठे के मुनीम शिवचंद ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। मुनीम की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। गुरुवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन में मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित की दलील और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ममता सिंह ने हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 15 हजार का अर्थ दंड भी लगाया है।

## घरेलू विवाद में किशोरी ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र के चंपतपुर गांव में घरेलू विवाद में किशोरी ने जहर खा लिया। उल्टियां शुरू होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने भर्ती करने से इंकार किया। परिजन मियागंज सीएचसी ले गए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। माखी थाना क्षेत्र के गांव चंपतपुर निवासी नन्हक्के की बेटी प्रियंका(17) घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगडने़ पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने हालत देख भर्ती करने से इंकार कर दिया। जिस पर किशोरी को मियागंज सीएचसी पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका पांच भाई बहनों में चौथे नंबर की थी। उसकी दो बड़ी बहनों का विवाह हो चुका है। बेटी की मौत से मां गीता सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। जांच करने पहुंची पुलिस से परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पंचनामा भर शव उन्हें सौप दिया गया।

# सराफा कर्मी की मौत पर परिजनों का हंगामा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव


मृतक का फाइल फोटो

* तीन लाख की कर्ज माफी पर हुआ समझौता
* सर्राफ पर लगा रहे थे इलाज में लापरवाही का आरोप

सदर कोतवाली क्षेत्र के धवनरोड स्थित एक सराफा दुकान में काम करने वाले युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गईं। दुकान मालिक उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा जहां से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ठीक से इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके बाद में मृतक के भाई पर बकाया तीन लाख रुपया माफ करने की शर्त पर परिजन शांत हुए। परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार करते हुए शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया। दही थाना क्षेत्र के सराय कटियान निवासी रोहन सविता(20) सदर कोतवाली के धवन रोड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में काम करता था। वह दुकान मालिक के घर पर रहता भी था। बुधवार दोपहर उसे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। दुकान मालिक उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां से कानपुर हैलट रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर आ गए। मौत की वजह जानने के लिए परिजनों ने पहले पोस्टमार्टम कराने की बात कही और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी। मृतक के बड़े भाई मोहित सविता ने बताया कि उसने(मोहित) एक साल पहले अपनी शादी में करीब तीन लाख रुपये ज्वेलर्स राहुल शुक्ला से कर्ज के रूप में लिए थे। उसी को चुकाने के लिए सभी प्रयास कर रहे थे। परिजनों के कहने पर दुकान स्वामी ने कर्ज माफ करने की बात कही। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार किया। मृतक रोहन पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। परिजन पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहते।

# घर का ताला तोड़ 11 बकरियां चुरा ले गए चार पहिया वाहन से आए चोर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर कोतवाली की निबई चौकी के रानीपुर गांव में बुधवार की रात चोर घर का ताला तोड़कर 11 बकरियां गाड़ी में लाद ले गए। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक चोर गाड़ी लेकर भाग निकले। पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बीघापुर कोतवाली रानीपुर निवासी रामप्यारी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार की शाम को घर से कुछ दूर आबादी में बने घर के अंदर अपनी बकरियां व बकरे बांध कर गेट का ताला बंद कर घर चली आई। सुबह जब वह बकरियों को चारा पानी देने जा रही थी, तभी रास्ते में पड़ोसियों ने उसे चोरी की सूचना दी। घर में पहुँचने पर मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरे में बंधी 4 बकरियां व 7 बकरों की चोरों ने पार कर दिया।राम प्यारी ने बताया कि पड़ोसी की महिला ने जब बकरियों की चीखने की आवाजें सुनी तो जब तक वह घर के बाहर आती तब तक एक गाड़ी जाती हुई दिखाई दी। एसएचओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायत मिली है जांच करा कर कार्रवाई की जायेगी।

# बिल्हौर मे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, कानपुर में इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



* शादी कार्यक्रम से घर वापस लौट रहा था युवक

बिल्हौर थाना क्षेत्र मे लखनऊ इटावा राजमार्ग पर बुधवार देर रात शादी कार्यक्रम से घर वापस लौट रहे युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। कुछ मिनट बाद गांव का एक और बारात से लौट रहा वाहन में सवाल लोगों ने मोटरसाइकिल पड़ी देखी जब रोक कर देखा तो वहां पर सुधीर गंभीर हालत में पड़ा था उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने कानपुर रिफर कर दिया कानपुर हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के तरऊ पुरवा गांव निवासी सुरेश यादव का 32 वर्षीय पुत्र सुधीर पेशे से वाहन चालक था। बुधवार शाम वह बाइक द्वारा बिल्हौर स्थिति गेस्ट हाउस में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था और कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात घर वापस लौट रहा था तभी किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की लगभग छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसकी एक चार वर्षीय बेटी और एक दो वर्षीय बेटा है। युवक की असमय मृत्यु से पत्नी और मासूम बच्चे सभी बेसहारा हो गए। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और युवक को टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# आगामी पल्स पोलियो अभियान के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 10 दिसंबर को प्रस्तावित पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु सुपरवाइजर व वैक्सीनेटर को सीएचसी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यकर्ताओं को क्षेत्र के 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए निर्देशित किया गया। बताया कि कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान बच्चों को सही तरीके के पोलियो की खुराक पिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित पल्स पोलियो अभियान के दौरान पहले दिन प्रत्येक बूथ पर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। वही दवा से वंचित रह जाने वाले बच्चों को अगले 5 दिन घर घर जाकर कार्यकर्ता पोलियो की खुराक पिलायेंगे। जिससे क्षेत्र का कोई बच्चा खुराक पीने से वंचित न रह जाये। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार, यूनिसेफ प्रतिनिधि आसिफ, डब्लूएचओ से प्रियांक अवस्थी, चंद्र प्रकाश, विनोद दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गैंगस्टर में वांछित आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि टेलीफोन एक्सचेंज के निकट रहने वाली कुसुमा देवी पर डीएम और एसपी की संस्तुति पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी मामले में वह जुलाई माह से वांछित चल रही थी, गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने उसे जगनीखेडा से कुसुमा देवी को गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उसके पति ब्रम्हशंकर की भी जल्द गिरफ्तारी की जायेगी। उसके खिलाफ भी जुलाई माह में गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी। वह फरार चल रहा है।

### सलमान को गंगा घाट पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि गुरुवार को उ0नि0 कृष्णकान्त, का0 विकल कुमार, मनोज पलावत चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रासिंग गांगाघाट चौकी के पास राजीवनगर खन्ती निवासी सलमान को रोका। जहां पुलिस ने उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास झोले में एक किलो पांच सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस उसे पकड़कर कोतवाली लाई और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।



### सोशल मीडिया पर तमंचा लहराता युवक वायरल

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहने वाला एक युवक सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिये एक वीडियो बनाता दिखाई दे रहा है। जिसमें युवक अवैध तमंचे से गाने पर झूमता हुआ तमंचा लहरा रहा है। जिसके बाद फायर झोंकता है। जो पूरे दिन सोशल मीडिया पर जमकर वॉयरल हुआ। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि जन एक्सप्रेस अखबार नहीं करता है। वहीं वीडियो वॉयरल होने पर जिले के आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि वॉयरल वीडियो में युवक मरहला चौराहा निवासी मनीष यादव बताया जा रहा है। युवक का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



### बारिश के बाद बनी जल भराव की स्थिति

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बुधवार रात से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। मध्य रात से गुरूवार दोपहर के बीच रिमझिम बारिश होती रही। जिसके बाद दोपहर में अचानक मौसम बदला और तेज बिजली की कड़कडाहट के साथ बारिश होने लगे। वहीं बिजली की कड़कड़ाहट सुन राहगीर जहां के तहां रूक गये। वहीं नगर के सर्वोदय नगर, गोपीनाथ पुराम, श्री नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर में जल निकासी न होने से लोग परेशान रहे। वहीं जल निकासी न होने पर बारिश के कारण कंचन नगर मुख्य मार्ग समेत आदर्श नगर, गांधी नगर, पोनी रोड, मंशा खेड़ा, नाथूखेड़ा, बिंदा नगर, ब्रम्ह नगर, श्रीनगर, नेहरू नगर में जलभराव की स्थिति बन गई। लोगों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। वहीं पोनी रोड पर बारिश बंद होने के बाद जलभराव बना रहा। वहीं बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। जिससे हर कोई ऊनी कपड़ों में दिखाई पड़ा।

**आज और कल तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आगामी पांच दिवस के मध्य आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 30 नवम्बर से 01 दिसम्बर को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है। कानपुर नगर में 2.8 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। गुरुवार शाम को उक्त जानकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय द्वारा दी गई है।

# चौबेपुर ब्लाक के बाल्हीपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह/बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के विकास खंड चौबेपुर के ग्राम पंचायत बाल्हीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाक़ात कर भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ में लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास के प्रमाण, सम्मान निधि पत्र वितरण किए गए। ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहां अगर किसी ग्रामीण को पात्रता के आधार पर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो वह सीधे हमसे संपर्क कर सकता है किसी भी पात्र को योजना से वंचित नहीं रखा जा सकता है। हम जनता के हित के लिए रात दिन प्रयासरत रहते हैं। किसी पात्र व्यक्ति को कोई भी योजना से वंचित है तो आकर कार्यालय या घर पर आकर हमसे अपनी बात बता सकता है। हम पात्र व्यक्ति को हर संभव प्रयास कर योजना का लाभ दिलाएंगे। मंच का संचालन संतोष यादव ने किया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में भाजपा जिला प्रभारी कानपुर ग्रामीण राधेश्याम पाण्डेय उपस्थित रहे साथ में चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष बब्लू पासवान, ग्राम प्रधान सुनीता यादव, खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप, एडीओ पंचायत मुकेश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनिधि, मण्डल कोषाध्यक्ष अरविन्द पाल, उत्कर्ष अग्निहोत्री क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपू, संतोष यादव निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**शिवराजपुर के भूतेश्वर मंदिर में सप्ताहिक कथा वृंदावन से पधारे व्यास द्वारा शुभारंभ**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे के भूतेश्वर मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू होगा। आयोजक मंडल के अजय राज कटियार ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का वृंदावन से पधारे हरनारायण महाराज के मुखार बिंदु से भक्तो को सात दिनों तक भगवान हरी का रसपान कराया जाएगा। श्रीमद भागवत कथा आज से शुरू होकर 7 तारीख को समापन होगी 8 तारीख को भूतेश्वर महादेव मंदिर में हवन पूजन कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा।



## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अचलखेड़ा चौराहे के पास डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल युवक को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। कानपुर के जाजमऊ निवासी कृष्णकुमार(46) दही चौकी स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। पुरवा कोतवाली के गांव सेमरीमऊ में ससुराल होने से मंगलवार शाम वहीं चला गया था। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे बाइक से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। अचलगंज-पुरवा मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के अचलखेड़ा चौराहे पर बाइक मोड़ते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। घटना में कृष्णकुमार बाइक से उछलकर सडक़ पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से परिजन सीएचसी लाए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से पत्नी रीता और बच्चों में रोहन और राघव बेहाल हैं। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# बिल्हौर बीआरसी में टैबलेट को लेकर शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया विरोध प्रदर्शन


जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में टैबलेट उपस्थिति के वितरण को लेकर शिक्षक शिक्षिकाएं उग्र होकर प्रदर्शन कर रहे हैं इसी कड़ी में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के निर्देश पर क्र्म्ष्ट बिल्हौर में टैबलेट द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति के विरोध में एक बैठक आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष डा0पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष और शासन के प्रमुख सचिव के मध्य हुई 21 सूत्रीय ज्ञापन पर वार्ता के फलस्वरूप मांगी गई मांगों का महानिदेशक आदेश निर्गत करें तब तक ऑनलाइन उपस्थित टैबलेट द्वारा नहीं दी जायेगी साथ ही बिल्हौर जिला मुख्यालय से 55 km दूर का विकास खंड है यहां दूर दराज से आने वाली शिक्षक शिक्षिकाओं को विशेष समय 9:30 सुबह तक उपस्थित की छूट दी जाय साथ ही 30 उपार्जित अवकाश (श्ररु) व 20 हाफ आकस्मिक अवकाश अतिरिक्त दी जाय। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, महामंत्री दीपेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानंद त्रिपाठी, शुशील शुक्ला, निशात अफरोज, महिला संगठन मंत्री सुमन यादव, रामनरेश कुशवाहा, अर्चना मिश्रा, रेखा भांतु, सुहैल खान, डा0दीप्ती सेंगर, गगन कनोजिया, अभिनय कटियार, सुरेन्द्र राठौर,आदि सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाकर मैनुअल उपस्थिति करने के निर्णय लिया।

# सुप्रीम कोर्ट से चंद्रबाबू नायडू को अग्रिम जमानत नहीं एल्गार परिषद केस में छह दिसंबर को अगली सुनवाई

**एल्गार परिषद मामले में आरोपी ने मेडिकल आधार पर जमानत की अपील की थी**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के फाइबर नेट मामले में अगली सुनवाई 12 दिसंबर को तय की है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इस मामले में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। अदालत ने इस मामले पर 12 दिसंबर को विचार करने की बात कही। एक अन्य मामला महाराष्ट्र से जुड़ा है। एल्गार परिषद केस में देश की सबसे बड़ी अदालत ने दलीलों को सुनने के बाद अगली सुनवाई छह दिसंबर को तय की। एल्गार परिषद मामले में आरोपी ने मेडिकल आधार पर जमानत की अपील की थी, जिसका राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पुरजोर विरोध किया। तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई थी। हालांकि, शीर्ष अदालत में जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि नायडू के खिलाफ एक अन्य मामले में अदालत का फैसला आने वाला है। इसके बाद फाइबर नेट मुकदमे में सुनवाई होगी। नायडू ने अदालत से 371 करोड़ रुपये के कौशल घोटाला मामले में धारा 371 के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की गुहार लगाई है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला है।

### एल्गार परिषद मामले में अदालत का निर्देश

दिन का एक और बड़ा मामला एल्गार परिषद का है। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले की आरोपी शोमा कांति सेन की अपील का विरोध किया। स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका का कड़ा विरोध करते हुए एनआईए ने अदालत से कहा कि वह सामान्य बीमारियों से पीड़ित हैं। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।

### एनआईए के वकील ने मेडिकल बोर्ड गठित करने की बात कही

एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा, शोमा कांति सेन की सेहत की जांच और मेडिकल स्थिति को सत्यापित करने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके लिए तत्काल उपचार की जरूरत हो। पीठ ने शोमा कांति सेन को चिकित्सा जमानत देने की इच्छा जाहिर की। इस पर नटराज ने कहा, मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि याचिकाकर्ता को सामान्य बीमारियां हैं। कुछ खास परेशानी नहीं है। यदि जरूरी हुआ, तो स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा।

### पांच साल से अधिक समय से जेल में बंद

याचिकाकर्ता शोमा कांति सेन की तरफ से वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने पैरवी की। उन्होंने कहा कि वह पांच साल से अधिक समय से जेल में हैं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने राहत की गुहार का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि वह जमानत से संबंधित मुख्य मामले पर बहस के लिए तैयार हैं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई छह दिसंबर को करेगी। बता दें कि शीर्ष अदालत ने इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग करने वाले शोमा कांति सेन के आवेदन पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा था।

**कौशल विकास घोटाला मामले में अदालत का फैसला:** फाइबर नेट मामले में नायडू की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने पैरवी की। उन्होंने कहा कि नायडू की गिरफ्तारी के संबंध में आंध्र प्रदेश पुलिस की दलीलें जारी रहनी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल और वरीष्ठ वकील-मुकुल रोहतगी पेश हुए। उन्होंने अदालत को भरोसा दिलाया कि सुनवाई के लिए किया गया बंदोबस्त जारी रहेगा। शीर्ष अदालत ने इससे पहले साफ किया था कि आंध्र प्रदेश पुलिस फाइबर नेट मामले में पूर्व सीएम नायडू को तब तक गिरफ्तार नहीं करेगी, जब तक कौशल विकास मामले में अदालत का फैसला नहीं आ जाता।

# ऋषिकेश एम्स से डिस्चार्ज हुए 40 श्रमिक सभी स्वस्थ, एक की स्वास्थ्य जांच जारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल से निकाले गए श्रमिकों की एम्स में सघन स्वास्थ्य जांच कर ली गई है। 41 में से 40 श्रमिकों को एम्स प्रशासन ने क्लीयरेंस देकर डिस्चार्ज कर दिया है। जबकि एक श्रमिक की स्वास्थ्य जांच जारी है। बृहस्पतिवार को एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आरबी कालिया, जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. रविकांत व अस्पताल प्रशासन से डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए सभी 41 श्रमिकों को बीते बुधवार को एम्स में भर्ती किया गया था। प्रारंभिक जांच में किसी भी श्रमिक में चोट आदि जैसी कोई शिकायत नहीं पाई गई। इसके अलावा सभी श्रमिकों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उनके ब्लड, किडनी, ईसीजी, एबीजी, लीवर फंक्शन टेस्ट, एक्सरे, इकोकॉर्डियोग्राफी, एबीजी आदि टेस्ट किए गए। सभी श्रमिक शारीरिक तौर पर सामान्य व स्वस्थ हैं। श्रमिकों को एम्स प्रशासन की ओर से क्लीयरेंस दे दिया गया है ताकि श्रमिक अपने घरों को वापस लौट सकें। बताया कि किसी भी श्रमिक को रोका नहीं जा रहा है। संबंधित राज्यों को भी आधिकारिक तौर पर जानकारी दे दी गई है।

### किस राज्य के कितने मजदूर

अस्पताल प्रशासन के डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि एम्स में 7 राज्यों से 41 श्रमिक स्वास्थ्य जांच के लिए आए थे। जिसमें झारखंड से सर्वाधिक 15, उत्तरप्रदेश से 8, बिहार व उड़ीसा से 5-5, पश्चिम बंगाल से 3, उत्तराखंड व असम से 2-2, और हिमाचल प्रदेश से एक श्रमिक शामिल थे। एक श्रमिक को छोड़ अन्य सभी 40 श्रमिकों को मेडिकल क्लीयरेंस मिलने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल में भर्ती रखे गए एक श्रमिक को भी अन्य जरूरी परीक्षण के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

### किसी भी मजदूर को नहीं दी गई कोई दवा

एम्स चिकित्सकों ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में मजदूरों की मेजर आर्गन स्क्रीनिंग हुई है। सभी मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। ट्रॉमा में भर्ती के दौरान किसी भी मरीज को कोई दवाई नहीं दी गई है और न ही दवाई लेने की सलाह दी गई है।

### दो सप्ताह बाद परामर्श की सलाह

चिकित्सकों ने बताया कि श्रमिकों में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों की तरह सामान्य शारीरिक परिवर्तन पाए गए हैं। किसी भी श्रमिक को गंभीर या चिंताजनक जैसी कोई समस्या नहीं है। हालांकि इस घटना से भविष्य में श्रमिकों में मानसिक परिवर्तन आ सकते हैं। इसके लिए श्रमिकों को दो सप्ताह बाद या जरूरत पड़ने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक का परामर्श लेने की सलाह दी गई है।

### टेलीमेडिसिन के माध्यम से मजदूरों के संपर्क में रहेगा

एम्स के एमएस प्रो. आरबी कालिया ने बताया कि एम्स से छुट्टी देने के बाद भी मजदूरों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सभी मजदूरों से एम्स टेलीमेडिसिन के माध्यम से संपर्क में रहेगा।

### 20 मजदूर गए घर

बृहस्पतिवार करीब 3 बजे 20 मजदूरों को दो बसों से जौलीग्रांट हवाई अड्डा भेजा गया। जहां से ये सभी मजदूर हवाई मार्ग से अपने घरों को लौटेंगे। घर वापस लौटने वालों में 15 मजदूर झारखंड व 5 मजदूर उड़ीसा के शामिल हैं। एम्स प्रशासन ने बताया कि शेष मजदूरों के राज्यों के नोडल अधिकारी जैसे ही यहां पहुंचेंगे। इन्हें भी भेज दिया जाएगा।

# चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने चलाया संयुक्त तलाशी अभियान, भारी मात्रा में हथियार बरामद



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को बीएसएफ और सुरक्षाबलों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया, जिसमें भारी भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इसमें देसी हथियार भी शामिल हैं। बरामद सामान को चुराचांदपुर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह बीएसएफ, मणिपुर पुलिस और नौ असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एन. बुंगपिलोन गांव के सामान्य क्षेत्र में तलाशी और तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए, जिसे बरामद सामान को चुराचांदपुर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। ऑपरेशन में मैगजीन के साथ एक 9 मिली का पिस्तौल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी का सीएमजी, दो राउंड और मैगजीन के साथ एक .303 राइफल्स, एक राउंड के साथ 12 बोर की दो बंदूक, सिंगल बैरल की एक गन, एक रेडियो सेट, तीन राउंट के साथ दो लंबी दूरी मोटार्र (देश निर्मित), चार रबर बुलेट के साथ कारतूस 38 मिमी एंटी दंगा एएमएन एएफके-पुणे, इसके अलावा भारी मात्रा में आंसू गैस के खोल मिले हैं। इनको बरामद सामान को चुराचांदपुर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, संयुक्त अभियान में बीएसएफ के एसी प्रमोद कुमार सहित 30 अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लिया। इसमें 9 असम राइफल्स के लेफ्टिनेंट कर्नल गोविंद के सहित 60 अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लिया। इस संयुक्त अभियान में मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के अतिरिक्त एसपी ई. फिमेट सहित छह जवानों ने हिस्सा लिया।

# स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी बनीं देश की पहली महिला एडीसी, मिजोरम के राज्यपाल ने दी बधाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वायु सेना (आईएएफ) की एक महिला अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को भारतीय सशस्त्र बल में भारत की पहली महिला सहायक-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी के साथ मनीषा पाढ़ी देश की पहली महिला एडीसी बन गई हैं। स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को बुधवार को मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने एड-डी-कैंप (एडीसी) नियुक्त किया। इस मौके पर मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने कहा, उनकी नियुक्ति महज एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं की उल्लेखनीय क्षमताओं के प्रमाण के रूप में कार्य करता है जो लैंगिक मानदंडों को चुनौती देती हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करती हैं। उन्होंने कहा, आइए हम इस असाधारण उपलब्धि का जश्न मनाएं और सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना जारी रखें। मूल रूप से ओड़िशा की रहने वाली स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी बिदर, पुणे और बठिंडा में वायु सेना स्टेशनों पर काम कर चुकी हैं।



## चिकित्सा त्रासदी के सबसे ज्यादा शिकार गरीब: राहुल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सुल्तान बाथरी में स्थित इकरा डायग्नोस्टिक्स ऑक्सीजन प्लांट के नए ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सा त्रासदी का सबसे ज्यादा कोई शिकार होता है तो वो गरीब लोग। उन्होंने कहा, %अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव का सबसे ज्यादा प्रभाव गरीब मरीजों पर पड़ता है। क्योंकि अगर आपके पास पैसा है तो आप हमेशा अच्छे अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। अगर आप गरीब हैं और आपको कोई बीमारी है तो समझ लिजिए आपका जीवन खत्म हो गया। इसलिए मैं यह देखकर खुश हूं कि यह अस्पताल चैरिटी के आधार पर गरीब लोगों का इलाज करता है। हमारे देश में बहुत सारे अस्पताल पूरी तरह कॉर्पोरेट मशीन के तौर पर काम कर रहे हैं।

# विधायक-पार्षदों के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**7.90 लाख रुपये मिले, शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़ा मामला**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

मुर्शिदाबाद के डोमकल के विधायक जफीकुल इस्लाम और दो पार्षदों के सात ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की। विधायक के घर से अभी तक आठ लाख रुपए बरामद किए गए हैं, अभी भी सीबीआई द्वारा तलाशी जारी है। विधायक फिलहाल विधानसभा सत्र के लिए कोलाकात गए हुए हैं। गौरतलब है कि शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने गुरुवार को मुर्शिदाबाद के डोमकल के विधायक जफीकुल इस्लाम, कोलकाता नगर निगम के पार्षद के आवास पर छापेमामरी की। यह छापेमारी घरों और उनके कार्यालयों में की गई है। छापेमारी के दौरान उनसे पूछताछ की जा रही है। बता दें कोलकाता, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार जिलों में और उसके आसपास कई स्थानों पर छापेमारी जारी है। सूत्रों की माने तो जफीकुल के घर केंद्रीय बलों की उपस्थिति में सीबीआई ने छापेमारी की। दोपहर तकरीबन 12 बजे पैसे गिनने की मशीन को भी लाया गया। सूत्रों ने दावा किया है कि विधायक के घर की छत और शौचालय से तकरीबन 7 लाख 90 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। सूत्रों की मानें तो विधायक के घर अभी भी तलाशी अभियान जारी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इस छापेमारी के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान विधायक के परिवार ने बताया कि कुछ संपत्तियां हाल ही में बेची गई थी, वही पैसा घर में रखा था। उल्लेखनीय है कि गुरुवार सुबह राज्य में कई अन्य जगहों पर भी सीबीआई ने छापेमारी की। इनमें तृणमूल विधायक अदिति मुंशी और बिधाननगर नगर पार्षद देबराज चक्रवर्ती और कोलकाता नगर पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता के घर शामिल हैं। जांच एजेंसी के अधिकारी देवराज के दो घरों में तलाशी ली। हालांकि, दोपहर 3 बजे तक सीबीआई के अधिकार दोनों घरों से चले गए। सीबीआई अधिकारी दोपहर करीब 2:30 बजे बाल्पादित्य के घर से भी निकल गए।

## दूषित आयुर्वेदिक सिरप पीने से पांच की मौत, दुकानदार समेत तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गांधीनगर

गुजरात के खेड़ा जिले में दूषित आयुर्वेदिक सिरप पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि दूषित आयुर्वेदिक सिरप में मिथाइल एल्कोहल पाया गया है। बता दें कि मिथाइल एल्कोहल जहरीला तत्व है। आयुर्वेदिक सिरप को कलमेघासव-असव अरिष्ट नाम से बेचा जा रहा था। पुलिस जांच में पता चला है कि खेड़ा जिले के नाडियाड शहर के नजदीक स्थित बिलोदारा गांव में एक दुकानदार ने करीब 50 लोगों को यह आयुर्वेदिक सिरप बेचा था। खेड़ा के एसपी राजेश गढ़िया ने बताया कि गांव वालों की जांच में उनके रक्त में मिथाइल एल्कोहल पाया गया है। पुलिस ने बताया कि बीते दो दिनों में सिरप पीने वाले पांच लोगों की जान जा चुकी है और दो अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# जलवायु कार्रवाई को लेकर भारत अपनी बात पर कायम, दुबई रवाना होने से पहले बोले पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन देशों को पर्याप्त जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ समर्थन देने की जरूरत है। विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई रवाना होने से पहले मोदी ने कहा कि जब भी जलवायु कार्रवाई की बात आती है तो भारत अपनी बात पर कायम रहा है। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भी इस मुद्दे को महत्व दिया है। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा, त्न-20 की मेजबानी के दौरान जलवायु का मुद्दा हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर था। नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा में जलवायु कार्रवाई और सतत विकास पर कई ठोस कदम शामिल हैं। मैं कॉप-28 द्वारा इन मुद्दों पर आम सहमति को आगे बढ़ाने की उम्मीद करता हूं। प्रधानमंत्री शुक्रवार को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। कई विश्व नेता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए तैयार हैं। विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन COP28 का उच्च स्तरीय खंड है। इस दौरान प्रधानमंत्री का तीन अन्य उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। COP28 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक हो रहा है। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा कि COP28 पेरिस समझौते के तहत हुई प्रगति की समीक्षा करने और जलवायु कार्रवाई पर भविष्य के कदम के लिए रास्ता तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, भारत द्वारा आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में वैश्विक दक्षिण ने समानता, जलवायु न्याय और साझा जलवायु कार्रवाई की जरूरत पर बात की। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि विकासशील देशों के प्रयासों को पर्याप्त जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ समर्थन दिया जाए। सतत विकास हासिल करने के लिए उनके पास समान कार्बन और विकास की जगह होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब जलवायु कार्रवाई की बात आती है तो भारत अपनी बात पर कायम रहा है। उन्होंने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, वनीकरण, ऊर्जा संरक्षण, मिशन लाइफ जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हमारी उपलब्धियां धरती माता के प्रति हमारे लोगों की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जलवायु वित्त और ग्रीन क्रेडिट्स इनिशिएटिव सहित विशेष कार्यक्रमों में शामिल होने को लेकर आशान्वित हैं।

# मैंने खुद सीएम को बताया था कि यह गैरकानूनी है

**एससी में कुलपति की पुनर्नियुक्ति रुकने पर राज्यपाल खान**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केरल सरकार को एक बड़ा झटका देते हुए गोपीनाथ रवींद्रन को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त करने के फैसले को रद्द कर दिया है। इसके अलावा, अदालत ने कुलपति को दोबारा नियुक्त करने के कुलाधिपति और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आदेश में गलती भी पाई। इसपर खान ने पत्रकारों से बातकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो भी उनसे गैरकानूनी काम करवाया गया वो शिक्षा मंत्री ने नहीं बल्कि सीएम ने करवाया था।

### मैंने इस्तीफा देने की बात भी कही

उन्होंने आगे कहा, मैंने यहां तक कहा था कि मैं चांसलर के रूप में काम नहीं करना चाहता। अपने पद से इस्तीफा देना चाहता हूं क्योंकि सीएम फिर मुझसे कुछ गैरकानूनी करने को कहेंगे। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि उनके पास शिक्षा मंत्री नहीं आए थे, बल्कि मुख्यमंत्री के कार्यालय से कानूनी सलाहकार आए थे। सारा दबाव मुख्यमंत्री की ओर से था। राज्यपाल नियुक्ति प्राधिकार हैं जिसे वे छीनना चाहते हैं। वे पांच लोगों की चयन समिति बनाकर कन्नूर विश्वविद्यालय को संस्थागत बनाना चाहते हैं, जहां निर्णय बहुमत से लिया जाएगा और बहुमत सरकार के नामितों का होगा।

### मेरे पास शिक्षा मंत्री नहीं...

कुलपति के रूप में पुनर्नियुक्ति रद्द किए जाने पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, मेरे कार्यालय में शिक्षा मंत्री नहीं आए थे। बल्कि एक ओएसडी और एक व्यक्ति, जो खुद को मुख्यमंत्री का कानूनी सलाहकार बताता है, वो कुलाधिपति के रूप में शिक्षा मंत्री का एक पत्र लाए, जिसमें प्रस्ताव दिया गया था कि गोपीनाथ को दोबारा नियुक्त किया जाए। इस पर मैंने कहा था कि आप जो करने के लिए कह रहे हैं वो गलत है। कानून के खिलाफ है। बाद में मैंने सीएम को पत्र लिखकर बताया था कि जो वो मुझे करने के लिए कह रहे हैं वो गलत है।

### आदेश मिलने पर करेंगे व्यवस्था

यह पूछे जाने पर कि अभी कन्नूर विश्वविद्यालय में कोई कुलपति नहीं है, इस पर खान ने कहा, तुरंत व्यवस्था करेंगे। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारे पास पहुंचेगा, हम आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

### यह है मामला

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने रवींद्रन को पद पर दोबारा नियुक्त करने के कुलाधिपति और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आदेश में गलती पाई। इसने पुनर्नियुक्ति को बरकरार रखने वाले केरल उच्च न्यायालय की एकल और खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया। पीठ ने, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

# सीआरपीएफ: सीओ, 2आईसी से लेकर सिपाही तक सबको मिलेगी पदोन्नति, सिग्नल में दो नए बटालियन हेडक्कार्टर, सृजित हुए 1034 पद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में इंटेलिजेंस विंग को मजबूती प्रदान करने के बाद अब सिग्नल की बारी है। सिग्नल विंग में दो नई बटालियनों के गठन को मंजूरी दी गई है। इसके चलते कमांडेंट, टूआईसी से लेकर सिपाही तक सबका भला होगा। यानी इन्हें पदोन्नति मिल जाएगी। पहले से मौजूद बटालियनों और नए बटालियन हेडक्कार्टर को मिलाकर बल में कुल 1034 नए पद सृजित होंगे। रांची (झारखंड) और खटखटी (असम) में सिग्नल के नई बटालियन हेडक्कार्टर बनेंगे। मौजूदा समय में सीआरपीएफ के पास सिग्नल की पांच बटालियन हैं। अब दो नए बटालियन हेडक्कार्टर तैयार किए जा रहे हैं। पांच बटालियनों में भी रेशनलाइजेशन किया गया है। इसके अंतर्गत 202 नए पद सृजित हुए हैं। कई पदों को खत्म भी किया गया है। हैरानी की बात है कि सिग्नल में हवलदार का एक अहम पद होता है। अब हवलदार आरओ/क्रिप्टो के 69 पद खत्म कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर 79 मौजूदा पदों को खत्म किया गया है, जबकि 281 नए पद सृजित किए हैं। अभी काम कर रही पांच सिग्नल बटालियनों में स्टाफ की कुल संख्या 1878 रही है। पहली बटालियन में 398, दूसरी बटालियन में 390, तीसरी बटालियन में 315, चौथी बटालियन में 357 और पांचवीं बटालियन में 418 पद स्वीकृत हैं। सीआरपीएफ में रांची (झारखंड) और खटखटी (असम) में दो नए बटालियन हेडक्कार्टर स्वीकृत हुए हैं, उनमें कुल 832 पद रहेंगे। इनमें कमांडेंट के दो पद, सेकेंड इन कमांड के दो पद, डिप्टी कमांडेंट के आठ पद, सहायक कमांडेंट के 16 पद, एसआई जीडी के दो पद, एसआई एमटी के दो पद, एएसआई जीडी के 16 पद, हवलदार जीडी 24 पद, हवलदार ड्राइवर 30 पद, सिपाही जीडी 110 पद, सिपाही ड्राइवर के 60 पद, सिपाही किचन सर्विस के 40 पद, इंस्पेक्टर आरओ/क्रिप्टो के 8 पद, इंस्पेक्टर %टेक्नीकल% के 30 पद, एसआई आरओ/क्रिप्टो के 20 पद, एसआई टेक्नीकल के 12 पद, एएसआई आरओ/क्रिप्टो के 76 पद, हवलदार आरओ/क्रिप्टो के 166 पद, एसआई एमटी के 12 पद और एएसआई एम के 22 पद शामिल हैं। कई दूसरे पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)